सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 08 जून, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 154, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## 10 कंपनियों की पूंजी 1.25 लाख करोड़ घटी

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट से सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में करीब 1.25 लाख करोड़ की गिरावट आई। } 10

## नेपाल ने भारत को अपना सबसे अहम साझेदार बताया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नेपाल के अपने समकक्ष शिशिर खनाल के साथ बैठक के दौरान कहा कि भारत और नेपाल के बीच विशेष संबंध हैं और इसे निर्णायक रूप से आगे बढ़ाने का अवसर है। } 12



# वाराणसी में अब नहीं होगी मांस-मछली की बिक्री

## वाराणसी नगर निगम ने सभी दुकानें शहर के बाहर स्थानांतरित करने का लिया निर्णय

एजेंसी

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी नगर निगम ने शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ रखने की दिशा में कदम उठाते हुए अब मांस और मछली की सभी दुकानें शहर की सीमा से बाहर स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को मैदागिन स्थित टाउन हॉल भवन में हुई सदन की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगी। श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में शहर के विकास पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें मांस के बाजारों को शहर के बाहर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर आयुक्त हिमांशु ने सदन को बताया कि इस योजना के प्रथम चरण में पांच स्थानों का चयन किया जा चुका है और यह सभी स्थान शहर की बाहरी सीमाओं के करीब स्थित है, जिससे



आम जनता को कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आगामी दिनों में शहर के भीतर मांस की दुकानों को रामनगर, शुजाबाद, गणेशपुर, अवलेशपुर और शिवपुर क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जाएगा। श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में अभी लगभग 350 से 400 मीट व मछली की दुकानें हैं। पार्षद गुलशन अली ने नगर पालिका परिषद की बैठक में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि मांस और मछली की दुकानों को शहर की सीमा से बाहर ले जाने का प्रस्ताव लगभग एक साल पहले लाया गया था लेकिन इसे अभी तक ठीक तरीके से लागू नहीं किया गया। उन्होंने व्यापारियों की चिंता के बारे में बताते हुए कहा कि पवित्र श्रावण महीने के दौरान मांस की सभी दुकानों को बंद रखने से गोश्त के कारोबार से जुड़े लोगों की आजीविका पर बुरा असर पड़ता है। नगर आयुक्त ने इसका जवाब देते हुए सदन को भरोसा दिलाया कि शहर के बाहरी इलाके में जमीन की पहचान कर ली गई है और प्रस्ताव को लागू करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी। नत्थूपुर में मांस की दुकान के मालिक अशरफ ने कहा कि मांस और मछली की दुकानों को शहर से बाहर ले जाने से व्यापारियों व ...शेष पृष्ठ 10 पर

# स्टार्टअप नीति-2026 तैयार करेगी सरकार

## जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बनें युवा, नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था को नयी गति देने पर जोर : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी स्टार्टअप गंतव्य बनाने के लिए नई स्टार्टअप नीति-2026 तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति, विशाल बाजार, तेजी से विकसित हो रहा डिजिटल एवं औद्योगिक आधार तथा निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण राज्य को नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था का राष्ट्रीय केंद्र बनाने की क्षमता रखते हैं। नई नीति ऐसी होनी चाहिए जो प्रदेश के युवाओं को रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बनाए और उत्तर प्रदेश को स्टार्टअप तथा नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान प्रदान करे। रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति-2026 के विभिन्न प्रावधानों की समीक्षा की।

प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि पिछले वर्षों में प्रदेश ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। वर्ष 2018 में एस्पायरिंग लीडर श्रेणी से आगे बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश वर्ष 2025 में भारत सरकार की स्टार्टअप रैंकिंग में टॉप परफॉर्मर श्रेणी में स्थान प्राप्त कर चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्टार्टअप्स को प्रारंभिक चरण से लेकर विस्तार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा तक हर स्तर पर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई नीति में भरण-पोषण भत्ता, प्रोटोटाइप अनुदान, सीड कैपिटल सहायता तथा पेटेंट एवं गुणवत्ता प्रमाणन से जुड़े प्रोत्साहनों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। महिला उद्यमियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, दिव्यांगजन, ट्रांसजेंडर उद्यमियों तथा पूर्वांचल एवं बुंदेलखंड क्षेत्र के स्टार्टअप्स को विशेष प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए भी उपयुक्त प्रावधान शामिल किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के स्टार्टअप्स को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए उन्हें उत्कृष्ट एक्सेलेरेटर कार्यक्रमों, निवेशकों, उद्योग जगत और अनुसंधान संस्थानों से जोड़ा जाना चाहिए। नई नीति में ऐसे प्रावधान शामिल किए जाएं, जिनसे स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, निवेश, तकनीकी सहयोग और नए बाजारों तक पहुंच प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, क्वांटम प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर, एयरोस्पेस, स्पेस टेक्नोलॉजी, हेल्थ-टेक तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को अग्रणी भूमिका निभानी होगी। इसके लिए डीप-टेक स्टार्टअप्स को विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जाए तथा अनुसंधान आधारित नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की संख्या बढ़ाई जाए तथा उन्हें भविष्य की उन्नत प्रौद्योगिकियों के अनुरूप विकसित किया जाए। विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों, अनुसंधान केंद्रों और उद्योग जगत के बीच मजबूत समन्वय स्थापित कर नवाचार को प्रयोगशालाओं से बाजार तक पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने लखनऊ और नोएडा में प्रस्तावित यू-हब को डीप-टेक नवाचार के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित किए जाने पर भी बल दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन इसे और अधिक सुदृढ़, संगठित तथा परिणामोन्मुख बनाने के लिए एक समर्पित संस्थागत व्यवस्था की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप गतिविधियों के संचालन, प्रोत्साहन, वित्तीय प्रबंधन, निगरानी, ...शेष पृष्ठ 10 पर



# न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता समय की आवश्यकता : धामी

## जूडिशियम 2.0 सम्मेलन में डिजिटल न्याय प्रणाली पर हुआ व्यापक विमर्श

प्रमुख संवाददाता

देहरादून (उत्तराखंड)। न्याय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आधुनिक दौर में न्याय व्यवस्था को ऐसी दिशा में आगे बढ़ाना होगा, जहां प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के त्वरित, सरल और निष्पक्ष न्याय उपलब्ध हो सके।



उत्तराखंड न्यायाधीश संघ के वार्षिक सम्मेलन जूडिशियम 2.0 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि न्यायिक संस्थाएं लोकतंत्र की आधारभूत संरचना का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, कानून के शासन को मजबूत करने और सामाजिक संतुलन बनाए रखने में न्यायपालिका की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय प्रदेश में न्यायिक सेवाओं को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाना एक बड़ी जिम्मेदारी है। इसके लिए डिजिटल माध्यमों और आधुनिक तकनीक का उपयोग तेजी से बढ़ाया जा रहा है। ई-फाइलिंग, वर्चुअल सुनवाई, ऑनलाइन ...शेष पृष्ठ 10 पर

# बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे मोहन भागवत

एजेंसी

पटना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत रविवार को बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे।

सूत्रों के अनुसार, भागवत पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे और वह मुंगेर रवाना होंगे, जहां वह तीन दिन यानी नौ जून तक ठहरेंगे। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भागवत का स्वागत किया। भागवत के मुंगेर दौरे को देखते हुए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। आरएसएस सूत्रों के मुताबिक, भागवत का यह तीन दिवसीय दौरा संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि मुंगेर प्रवास के दौरान वह स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे, संघ शिक्षा वर्ग में भाग लेंगे तथा विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम मुंगेर के पुरानीगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरएसएस प्रमुख के आगमन को लेकर स्थानीय स्वयंसेवकों में काफी उत्साह है। सूत्रों के अनुसार, फिलहाल मुंगेर में जारी तीन प्रशिक्षण सत्रों में लगभग 700 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। इन सत्रों का उद्देश्य संगठनात्मक क्षमता बढ़ाना, नेतृत्व कौशल को मजबूत बनाना और कार्यकर्ताओं को सामाजिक जीवन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करना है।




# देश में ही बन रहे अधिकांश रक्षा उपकरण : राजनाथ सिंह



विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि देश का रक्षा उत्पादन लगातार बढ़ रहा है और अधिकांश उपकरण अब देश में ही बन रहे हैं। लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने कैंट विधानसभा के कैंट मंडल-एक में आयोजित प्रबुद्धजन एवं वरिष्ठ जन संवाद कार्यक्रम में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में यहां सांसद बनने के बाद लखनऊ की प्रमुख समस्या यातायात जाम थी और इसे दूर करने के लिए रिंग रोड परियोजना को प्राथमिकता दी गई, जिसका लाभ आज शहरवासियों को मिल रहा है। एक बयान के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लखनऊ महानगर इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी मौजूद रहे। रक्षा मंत्री ने कहा, लखनऊ अब रक्षा उत्पादन और अनुसंधान का महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना समेत कई रक्षा इकाइयों को बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं के विस्तार से युवाओं को शोध और नवाचार के नए अवसर मिल रहे हैं। सिंह ने बताया कि देश का रक्षा उत्पादन लगातार बढ़ रहा है और अधिकांश उपकरण अब स्वदेशी ही बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा, प्रदेश में पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का निर्माण हो चुका है। ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** महाराजगंज में जोरदार बारिश, मथुरा में छाये बादल, शेष जिलों में 24 घंटे में तापमान 5 डिग्री उछलने का अनुमान

# यूपी में मानसून लेट, 24 तक देगा दस्तक

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो गया है। ऐसे में मानसून का लेट होना स्वाभाविक है। फिलहाल राज्य में भारी बारिश के कोई आसार नहीं हैं। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने इस आशय की जानकारी देते हुए कहा कि एक दो स्थानों पर स्थानीय मौसम में बदलाव के चलते हालांकि बारिश हो सकती है। 24 घंटे में पारा 5 डिग्री उछलकर 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। 9 जून से 3 दिन हीटवेव (लू) चल सकती है जबकि 11 जून के बाद प्री-मानसून की बरसात का सिलसिला शुरू हो सकता है।

मौसम विभाग की मानें तो इस बार यूपी में मानसून 4 से 6 दिन लेट हो सकता है। इसके 24 जून तक प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना है। इसके बाद 10 दिनों में मानसून पूरे यूपी में छा



जाएगा। वैसे भी मानसून अमूमन 18-20 जून के बीच यूपी पहुंचता है। मौसम के जिस तरह के हालात हैं, उससे मौसम के शुष्क बने रहने की पूरी संभावना है। प्री-मानसूनी बारिश तक भीषण गर्मी पड़ेगी। लू के हालात बनेंगे। मानसून 24 जून तक गोरखपुर के रास्ते प्रदेश में एंट्री कर सकता है। आसार ऐसे हैं कि 20 से 25 दिन में मानसून कमजोर भी पड़ सकता है।

वहीं, दूसरी ओर यूपी में आंधी-बारिश का सिलसिला भी आज देखने को मिला। महाराजगंज जिले में आज सुबह मेघ देवता की मेहरबानी देखी गई। सुबह साढ़े 5 बजे तेज हवा के साथ जोरदार बारिश हुई। डेढ़ घंटे हुई बारिश के बाद खेतों में पानी भर गया। बादल गरजे, बिजली भी कड़की। मथुरा में रविवार की शाम अचानक मौसम बदल गया। धूल भरी आंधी चली। आसमान में बादल छाए हैं। इसके अलावा, बाकी सभी जिलों में मौसम साफ है। तेज धूप निकली है। हवा की रफ्तार कम होने से उमस महसूस हो रही है। शनिवार को झांसी 42.5 डिग्री के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। बांदा में 42.2 डिग्री, जालौन ...शेष पृष्ठ 10 पर

# संभल में चला बुलडोजर

## सरकारी जमीन पर तैयार कर दी मजार, लगातार हो रहा था निर्माण, भारी पुलिस बल तैनात

एजेंसी

संभल। नखासा क्षेत्र के कसेरुआ गांव में कब्रिस्तान की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनी मस्जिद मुस्तफा कादरी को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन ने तहसीलदार कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की। करीब 120 वर्गमीटर सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।

मस्जिद की 55 फीट ऊंची मीनार को हाइड्रा मशीन से ढहाया गया। इस दौरान गांव में भारी फोर्स को तैनात किया गया और निगरानी के लिए जवान लगाए गए। डीएम और एसपी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कार्रवाई को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। चार बुलडोजर लगाकर कार्रवाई की गई है।



यह कार्रवाई शाम तक पूरी की गई। कार्रवाई के दौरान मस्जिद की पहली मंजिल से आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर और हरे रंग का झंडा मिला है। एसपी ने ऐसे पोस्टर छपवाने वालों पर कार्रवाई कराए जाने की बात कही है। मस्जिद ढहाने के लिए नगर पंचायत सिरसी से चार बुलडोजर, डंपर ट्रैक्टर और 20 सफाईकर्मी लगाए गए। कार्रवाई से पहले मुस्लिम समाज के लोगों ने मस्जिद में नमाज अदा की। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने मस्जिद के आसपास के घरों को खाली कराया। गांव में सुरक्षा के लिए 100 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। तहसीलदार ...शेष पृष्ठ 10 पर

# सरकार कक्षा 5 तक मजबूत करेगी सीखने की बुनियाद

## हिंदी, अंग्रेजी और ईवीएस विषयों के लिए तय किए जा रहे नये अधिगम लक्ष्य और दक्षताएं

विशेष संवाददाता (vol)

- आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को नई ऊंचाई देने की दिशा में बड़ा कदम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बुनियादी शिक्षा सुधार के अगले चरण की तैयारी में जुट गई है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से कक्षा 1 से 3 तक आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को मजबूत करने के बाद अब सरकार इसकी पहुंच कक्षा 5 तक बढ़ाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके लिए हिंदी, अंग्रेजी, गणित और पर्यावरण अध्ययन (ईवीएस) विषयों के लिए नए अधिगम लक्ष्य और दक्षताएं निर्धारित की जा रही हैं। निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार इन दक्षताओं और लक्ष्यों को 20 जून तक अंतिम रूप देकर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

हाल ही में यह कार्य-योजना अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रस्तुत की गई। बैठक में निपुण भारत मिशन के विस्तार, कक्षा 3 से 5 तक अधिगम लक्ष्यों के निर्धारण, शिक्षक परामर्श प्रक्रिया तथा क्रियान्वयन रणनीति की प्रगति की समीक्षा की गई। इसी के आधार पर मिशन के अगले चरण की रूपरेखा को आगे बढ़ाया जा रहा है। बच्चों की सीखने की मजबूत बुनियाद ही भविष्य की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आधार बनती है। माना जा रहा है कि इसी सोच के अनुरूप योगी सरकार द्वारा निपुण भारत मिशन के विस्तार की कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे कक्षा 3, 4 और 5 के विद्यार्थियों के सीखने के परिणामों में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में निपुण भारत मिशन शिक्षा सुधार का मजबूत आधार बन चुका है। अब निपुण 2.0 के माध्यम से सरकार आधारभूत शिक्षा सुधार को अगले स्तर पर ले जाने की तैयारी कर रही है। कक्षा 3 से 5 तक मिशन के विस्तार से बच्चों की सीखने की निरंतरता मजबूत होगी, विषयगत समझ बेहतर होगी और विद्यालयों में अधिगम परिणामों को नई गति मिलेगी। निपुण विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ), परख और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के आधार पर दक्षताओं का मानचित्रण पूरा कर लिया गया है। इसके आधार पर विषयवार और कक्षावार अधिगम अपेक्षाओं को निर्धारित किया जा रहा है, जिससे शिक्षण प्रक्रिया को अधिक परिणामोन्मुखी बनाया जा सके। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थियों की सीखने की प्रगति को स्पष्ट रूप से मापा जा सके और शिक्षण प्रक्रिया को उसी के अनुरूप संचालित किया जाए। कार्ययोजना के अंतर्गत हिंदी और गणित विषयों के लिए प्रारूप अधिगम लक्ष्य तैयार कर लिए गए हैं। आगामी चरण में अंग्रेजी और ईवीएस विषयों के लिए भी लक्ष्यों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इन लक्ष्यों के माध्यम से विद्यार्थियों की कक्षावार सीखने की उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाएगा, जिससे शिक्षकों को शैक्षणिक योजना निर्माण और अधिगम मूल्यांकन में सहायता मिलेगी। निपुण 2.0 की रूपरेखा को व्यावहारिक और विद्यालयों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इस दिशा में 12 शिक्षकों के साथ वर्चुअल परामर्श आयोजित किया जा चुका है। साथ ही कम से कम 10 शिक्षकों की सहभागिता के साथ परामर्श कार्यशाला आयोजित कर प्रस्तावित दक्षताओं और अधिगम लक्ष्यों का सत्यापन एवं परिष्करण किया जाएगा। इसके लिए व्यापक हितधारक परामर्श प्रक्रिया भी संचालित की जा रही है, ताकि अंतिम रूप से तैयार ढांचा विद्यालयों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप हो। कक्षा 3 से 5 के लिए दक्षताओं और अधिगम लक्ष्यों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद निपुण संकल्प कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला के माध्यम से जिला एवं ब्लॉक स्तर के शैक्षणिक नेतृत्व, शिक्षकों और अकादमिक टीमों को नए ढांचे से जोड़ा जाएगा तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीति तैयार की जाएगी।

# दिव्यांगों के लिए सहारा बनी सरकार की पेंशन योजना

विशेष संवाददाता (vol)

- दिव्यांगजनों के जीवन में बदलाव ला रही पेंशन योजना
- प्रदेश के 12 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को मिल रही आर्थिक सहायता

**लखनऊ।** प्रदेश के लाखों दिव्यांगजनों के जीवन में दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान/पेंशन योजना से सकारात्मक बदलाव आएं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित इस योजना से लाभार्थियों को आर्थिक सुरक्षा और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर मिला है। लाभार्थियों का कहना है कि समय पर पेंशन मिलने से दवा, भोजन और अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में मदद मिल रही है। कई परिवारों के लिए यह पेंशन जीवनयापन का सहारा बन गई है। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की यह पहल उनके जीवन को आसान और सुरक्षित बना रही है।

बाराबंकी की रहने वाली आशा और उनके पति हरिलाल ने बताया कि पेंशन मिलने से उनके घर की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार की इस सहायता से परिवार को बड़ी राहत मिली है। हरिलाल ने बताया कि उनकी पत्नी आशा एक हाथ से दिव्यांग हैं, जबकि वह स्वयं सांस की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण वह नियमित रूप से काम नहीं कर पाते हैं। ऐसे में दिव्यांग पेंशन उनके परिवार के लिए जीवनरेखा का काम कर रही है।

हरिलाल ने बताया कि समय पर पेंशन मिलने से दवा और अन्य आवश्यक जरूरतों का खर्च निकल जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक सहायता के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता है। उन्होंने बताया कि उनकी चार बेटियां हैं और सीमित आय के बीच परिवार का भरण-पोषण करना किसी चुनौती से कम नहीं है, लेकिन पेंशन मिलने से काफी सहारा मिला है। इसी तरह लखनऊ के गोसाईगंज निवासी 35 वर्षीय कौशल को भी पिछले 5-6 साल से पेंशन का लाभ मिल रहा है। कौशल ने बताया कि योगी सरकार आने के बाद उन्हें दिव्यांग पेंशन का लाभ मिलना शुरू हुआ है। उन्हें प्रत्येक तीन महीने पर 3000 रुपये की पेंशन मिलती है, जिससे उनके जीवन-यापन में काफी मदद मिलती है। कौशल बाएं पैर से दिव्यांग हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समय पर पेंशन दिए जाने से उनकी आर्थिक परेशानियां काफी हद तक कम हुई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की यह योजना दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है। लखनऊ के रहने वाले लाभार्थी रजनीश ने भी योजना की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें पिछले कई वर्षों से दिव्यांग पेंशन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वह खेती-किसानी के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, लेकिन सरकार की ओर से मिलने वाली पेंशन उनके लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत 12 लाख से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता मिली है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। योगी सरकार की इस पहल से ऐसे दिव्यांगजन, जिनके पास आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं है और जो अपनी शारीरिक स्थिति के कारण नियमित कार्य करने में असमर्थ हैं, उन्हें बड़ी राहत मिल रही है।

# मऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण को मिली स्वीकृति

विशेष संवाददाता (vol)

- 55.57 किमी फोरलेन परियोजना से मऊ बलिया सहित पूरे क्षेत्र को मिलेगा बड़ा लाभ
- स्वीकृति के बाद राजमार्ग के त्वरित निर्माण के लिए मंत्री एके शर्मा ने एनएचएआई को लिखा पत्र

**लखनऊ।** पूर्वांचल की महत्वपूर्ण मऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 128-बी (55.57 किलोमीटर) के चौड़ीकरण एवं फोरलेन निर्माण परियोजना को स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि पूर्वांचल के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अध्यक्ष को पत्र लिखकर टेंडर प्रक्रिया एवं निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इस संबंध में पूर्व में भी लगातार पत्राचार एवं उच्चस्तरीय वार्ताएं की जाती रही हैं तथा क्षेत्र की जनता लंबे समय से इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रतीक्षा कर रही है।

उन्होंने कहा कि मऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग केवल एक सड़क परियोजना नहीं है, बल्कि यह पूर्वांचल के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास का मजबूत आधार बनेगी। इस मार्ग के फोरलेन बनने से यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी, यात्रा समय में कमी आएगी तथा सड़क सुरक्षा में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। परियोजना के अंतर्गत कई रेलवे ओवरब्रिजों का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे आवागमन में आने वाली बाधाएं दूर होंगी और लोगों को निर्बाध परिवहन सुविधा प्राप्त होगी। इससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी तथा क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद मऊ, बलिया एवं आसपास के जनपदों में आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी तथा पूर्वांचल के विकास को एक नई दिशा प्राप्त होगी।

# भाजपा सरकार में महंगाई बेलगाम : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में मंहगाई बेलगाम हो गयी। भाजपा निर्मित मंहगाई से जनता त्रस्त है। घरेलू गैस सिलेण्डर की कीमते 29 रुपये बढ़ाकर भाजपा सरकार ने जनता को मंहगाई का एक और डोज दे दिया है। आम जनता मंहगाई से कराह रही है। पिछले तीन महीने में घरेलू गैस सिलेण्डर 89 रुपये मंहगा हो गया है। वहीं कामर्शियल सिलेण्डर की कीमते हजार रुपये से ज्यादा बढ़ चुकी है। डीजल, पेट्रोल की कीमतें लगातार बढ़ रही है। भाजपा सरकार को गरीबों, मध्यम वर्गों और आम जनता की कोई चिंता नहीं, भाजपा सिर्फ अपने पूंजीपति मित्रों के मुनाफा और लाभ बढ़ाने की तिकड़म में जुटी रहती है। भाजपा की नीतियां गरीब विरोधी और पूंजीपरस्त हैं। भाजपा पूंजीपतियों के लिए काम करती है। अखिलेश यादव ने कहा कि मंहगाई कम करने के भाजपा के बड़े-बड़े वादों की हकीकत सामने आ गयी है। भाजपा से हर वर्ग की आस टूट गयी है। डबल इंजन सरकार प्रदेश की जनता को दोनों हाथों से लूट रही है। प्रदेश सरकार बिजली की कीमत बढ़ाती है। स्मार्ट मीटर लगाकर बिल बढ़ाकर लूट करती हैं, तो दिल्ली की सरकार डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम अन्य चीजों के दाम बढ़ाकर जनता की जेब काट रही है और अपनी तिजोरी भर रही है। डीजल, पेट्रोल की कीमतें बढ़ने से परिवहन से लेकर खाना-पीना सब महंगा हो गया। आखिर जनता जाय तो कहां जाय। भाजपा की दोनों सरकारे पूरी तरह संवेदनहीन हो गयी है। लोगों की आमदनी नहीं बढ़ रही है। बेरोजगारी चरम पर है।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेटियों के उत्थान और सशक्तीकरण की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आज प्रदेश की लाखों बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी बनकर उभरी है।

महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित यह योजना जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक बालिकाओं को आर्थिक सहयोग प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने का कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब तक 27,37,703 बालिकाओं को लाभान्वित किया जा चुका है। वहीं, 674.15 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई है। यह उपलब्धि न केवल योजना की व्यापक पहुंच को दशार्ती है, बल्कि बेटी के कल्याण के प्रति योगी सरकार की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करती है। योगी सरकार ने इस योजना के क्रियान्वयन में तकनीक का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया है। योजना का संचालन पूरी तरह ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे आवेदन प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनी है। वहीं पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सहायता राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाती है। इस व्यवस्था ने बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी है और अनियमितताओं की संभावनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया है।

समयबद्ध भुगतान और पारदर्शिता ने योजना के प्रति लोगों का भरोसा और मजबूत किया है। साल 2019 में शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बालिकाओं को जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों पर आर्थिक सहायता प्रदान करती है। योजना के अंतर्गत छह चरणों में कुल 25 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है। जिसमें बच्ची के जन्म पर 5,000 रुपये, एक वर्ष तक पूर्ण टीकाकरण पर 2,000 रुपये, कक्षा-1 में प्रवेश पर 3,000 रुपये, कक्षा-6 में प्रवेश पर 3,000 रुपये और कक्षा-9 में प्रवेश पर 5,000 रुपये मिलते हैं, साथ ही इंटरमीडिएट/ हाईस्कूल उत्तीर्ण कर डिग्री/ डिप्लोमा में एडमिशन लेने पर 7,000 रुपये मिलते हैं। इस तरह यह सहायता न केवल बालिकाओं के शिक्षा को प्रोत्साहित करती है बल्कि परिवारों पर पढ़ने वाले आर्थिक बोझ को भी कम करती है। उत्तर प्रदेश में कन्या सुमंगला योजना का बढ़ता दायरा इस बात का प्रमाण है कि योगी सरकार की नीतियों के केंद्र में महिलाओं और बालिकाओं का सर्वांगीण विकास है। आर्थिक सहायता, पारदर्शी व्यवस्था और समयबद्ध लाभ वितरण के माध्यम से यह योजना आज लाखों परिवारों के लिए भरोसे का नाम बन चुकी है और सच मायनों में बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी साबित हो रही है।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना प्रदेश की बेटियों के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सम्बधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी पात्र बालिका योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए सभी जिलों को समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। यह योजना केवल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में भी अहम भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार बालिकाओं के सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की डालीगंज नगर इकाई का पुनर्गठन

## डॉ. भारती राय बनीं डालीगंज नगर इकाई की अध्यक्ष



**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, लखनऊ उत्तर द्वारा रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में डालीगंज नगर इकाई के पुनर्गठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लखनऊ महानगर अध्यक्ष डॉ. अशोक मोरल, विभाग संगठन मंत्री पुष्पेन्द्र बाजपेयी, संगठन मंत्री अभिषेक बाजपेयी, जिला संयोजक अभिषेक सिंह तथा लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई मंत्री आर्यन कुशवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन के विस्तार, छात्र हितों एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा के बाद नवीन दायित्वों की घोषणा की गई।

पुनर्गठन के अंतर्गत डॉ. भारती राय को डालीगंज नगर इकाई अध्यक्ष, डॉ. राहुल पाण्डेय, डॉ. हरि एवं डॉ. अंजलि को उपाध्यक्ष, विनायक सिंह को नगर इकाई मंत्री तथा आयुष तिवारी, अंश बिश्नोई एवं अंशिका को सह मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया। स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) आयाम में हिमांशु रावत को संयोजक तथा सत्या पटेल एवं सलोनी चौरसिया को सह संयोजक नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय कला मंच में मानसी पाण्डेय को संयोजक तथा आयुष वर्मा एवं अंश पाठक को सह संयोजक बनाया गया। खेलो भारत आयाम में मयंक यादव को संयोजक एवं रिया पाण्डेय को सह संयोजक तथा प्रतियोगी परीक्षा आयाम में श्रद्धा राज को संयोजक एवं मनमीत सिंह को सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया। साथ ही नमन गुप्ता, आयुषी विमल एवं अंचल वर्मा को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दायित्व प्रदान किया गया।

इस अवसर पर नवनियुक्त नगर इकाई अध्यक्ष डॉ. भारती राय ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रदान किए गए दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं उत्तरदायित्व के साथ किया जाएगा। संगठन के माध्यम से छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, शैक्षणिक उन्नयन एवं राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। वहीं नगर इकाई मंत्री विनायक सिंह ने कहा कि, परिषद के कार्यकर्ता छात्र हितों के संरक्षण, परिसर की समस्याओं के समाधान तथा सकारात्मक छात्र नेतृत्व के निर्माण के लिए सदैव सक्रिय रहेंगे। डालीगंज नगर इकाई संगठन के विचारों को समाज एवं छात्र समुदाय तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी नवनियुक्त दायित्ववान कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने का आह्वान किया।

# मंत्री एके शर्मा ने दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण किया वितरित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रविवार को मधुबन क्षेत्र स्थित इंदिरा गांधी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, डुमरी मर्यादपुर, मऊ में आयोजित एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किए। कार्यक्रम में 2500 से अधिक लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री एके शर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मधुबन और दोहरीघाट क्षेत्र के विकास एवं जनसेवा से उनका जुड़ाव आज का नहीं है। कोरोना काल के दौरान भी उन्होंने निरंतर क्षेत्र के लोगों की सहायता की और तब से लेकर आज तक क्षेत्र के विकास एवं जनकल्याण के लिए लगातार प्रयासरत हैं। मंत्री ने कहा कि मऊ को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मधुबन, दोहरीघाट और पूरे मऊ जिले के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी तथा सड़क, बिजली, पेयजल, नगरीय सुविधाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र का



चौतरफा विकास सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान हजारों दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली।

लाभार्थियों ने मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण प्राप्त कर सरकार एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों का मंत्री ने हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# इंडिया गठबंधन की बैठक में आज लोकदल अध्यक्ष होंगे शामिल

**लखनऊ/नई दिल्ली।** नई दिल्ली में 8 जून 2026 को आयोजित होने जा रही इंडिया गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक में लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह को आमंत्रित किया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मजबूती प्रदान करने और किसानों, युवाओं तथा सामाजिक न्याय के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में लोकदल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बैठक में देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं, युवाओं के भविष्य तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। लोकदल इन सभी विषयों पर अपनी स्पष्ट और मजबूत राय रखेगा। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि देश आज बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की बदहाली जैसे गंभीर संकटों से जूझ रहा है। ऐसे समय में विपक्षी दलों की एकजुटता लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकदल जनता की आवाज को मजबूती से उठाने और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है। लोकदल का मानना है कि देश की राजनीति का केंद्र सत्ता नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। इसी उद्देश्य के साथ पार्टी इंडिया गठबंधन की बैठक में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

# एकेटीयू के दो शिक्षक ग्लोबल साइंटिफिक इंडेक्स में

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के वैज्ञानिकों ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य करने के लिए विश्वविद्यालय के घटक संस्थान सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज एवं इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के दो शिक्षकों ने विश्व की प्रतिष्ठित साइंस जर्नल ग्लोबल साइंटिफिक इंडेक्स में स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। आईईटी के प्रोफेसर एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के एचओडी प्रोफेसर अरुण तिवारी एवं सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के मेकाट्रोनिकस के एसो प्रोफेसर डॉ अनुज कुमार शर्मा, ने यह उपलब्धि हासिल की है। दोनों शिक्षक इससे पहले स्टैनफोर्ड एवं एल्सेवियर के शीर्ष शोधकर्ताओं की सूची में अपना स्थान बना चुके हैं। लगातार शोध एवं अनुसंधान मैं लगे इन शिक्षकों को कुलपति प्रो. जेपी पांडे ने इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



# पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ, इसकी भूमिका बेहद अहम

## समाज और सरकार के बीच एक मजबूत सेतु होता है पत्रकार

आगरा से आशीष मौर्य



- वन नेशन, वन इलेक्शन की अवधारणा का सभी करें सहयोग व समर्थन

**आगरा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी कैंपस स्थित जे.पी. सभागृह में आयोजित नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर पत्रकारों एवं संगठन पदाधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ, मोमेंटो एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत परिसर में पौधारोपण भी किया। मुख्य संबोधन में उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि वर्ष 1972 से प्रारंभ होकर लगभग 55 वर्षों की गौरवशाली यात्रा तय करने वाले इस संगठन का राष्ट्रीय सम्मेलन लोकतंत्र और पत्रकारिता की मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और समाज व सरकार के बीच मजबूत सेतु का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज में हो रही अच्छाइयों और कमियों दोनों को उजागर करने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीतिज्ञ, डॉक्टर, पुलिस सेवा और पत्रकारिता–इन सभी क्षेत्रों में कार्य 24 घंटे का दायित्व होता है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसकी मजबूती में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता की अहम भूमिका है। उपमुख्यमंत्री ने आपातकाल के समय के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उस दौर में पत्रकारों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों का सामना किया। उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन का समर्थन करते हुए कहा कि इससे समय, संसाधनों और धन की बचत होगी तथा विकास कार्यों को गति मिलेगी। श्री मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के तेज विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि देश आत्मनिर्भरता और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण, मेक इन इंडिया और घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक परिस्थितियों में भारत शांति, संवाद और विकास का मार्ग दिखा रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने नागरिकों से ऊर्जा और संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की पत्रकारों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सरकार पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के पश्चात उपमुख्यमंत्री सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, कानून व्यवस्था एवं शिकायत निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# राजनाथ सिंह से विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों और कार्यकर्ताओं ने की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह से उनके लखनऊ प्रवास के दौरान क्षेत्रवासी, विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, चिकित्सकीय एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों, जनप्रतिनिधियों तथा भाजपा पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्रीय एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस दौरान साथ में भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहें। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेई, एमएलसी इंजीनियर अवनीश पटेल, पूर्व महानगर अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी राजेंद्र तिवारी, गंगाराम अंबेडकर, डॉक्टर प्रतिनिधिमंडल की ओर से डॉ. नकुल सिन्हा एवं डॉ. मोहम्मद खालिद, उत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र मोहन भट्ट, बुद्धेश्वर विकास महासभा लखनऊ के प्रतिनिधि मंडल के साथ अजय त्रिपाठी 'मुन्ना', महिला शिक्षक



प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, पीजीआई चिकित्सक प्रतिनिधिमंडल अमित गुप्ता, सरगम अपार्टमेंट रेजिडेंट्स संगठन के अनुरोध राय, राजेश सिंह तथा ब्रह्म परिषद समाज के अध्यक्ष एसपी अवस्थी सहित विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने अपने सुझाव एवं विचार रक्षा मंत्री के समक्ष रखे।

# पुलिस ही अपराधी बन जाये वही कलियुग : अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को बयान जारी कर कहा है कि जिस युग में पुलिस ही अपराधी बन जाए वही कलयुग है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भाजपा सरकार के समय में हो रही पुलिसिया ज्यादतियों को देखकर उत्तर प्रदेश की पुलिस व्यवस्था पर जो सख्त टिप्पणी की है, उसे सुनकर तो नैतिक रूप से भाजपा सरकार को शासन करने का कोई अधिकार नहीं बचता है परंतु नैतिकता, निष्पक्षता, सत्यनिष्ठता, ईमानदारी व इंसाफ जैसे शब्द भाजपा के शब्दकोश में हैं ही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में पुलिस भाजपा के भ्रष्टाचार की भ्रष्टपुतली बनकर, संविधान के स्थान पर अवैधानिक-आपराधिक तरीके अपनाकर सत्ता के सियासी फायदे के लिए कानून अपने हाथ में ले रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट पुलिसवाले याद रखें भाजपा किसी की सगी नहीं है और संविधान सदैव रहेगा, ये भाजपाई तो अंतिम दौर में हैं। भाजपाई निश्चित रूप से जा रहे हैं और फिर कभी लौटकर आएंगे भी नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। किसी को भी न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। उसे कानून और संविधान की कोई परवाह नहीं है।

# 32,679 पदों के लिए 28.86 लाख अभ्यर्थियों की परीक्षा आज से

## तीन दिनों तक प्रदेश के 75 जिलों में होगी आरक्षी भर्ती परीक्षा, 1183 केंद्रों पर कड़ी निगरानी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी (सिपाही) नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा सोमवार से प्रारंभ हो रही है। यह परीक्षा 8, 9 एवं 10 जून 2026 को प्रदेश के सभी 75 जिलों में आयोजित की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के तहत कुल 32,679 पदों के लिए 28,86,797 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के लिए प्रदेशभर में 1,183 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित की जाएगी। अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए निर्धारित समय के अतिरिक्त 5 मिनट अतिरिक्त भी दिए जाएंगे। तीन दिनों में कुल छह पालियों में परीक्षा संपन्न होगी।

**हर पाली में 4.81 लाख से अधिक परीक्षार्थी :** डीजी भर्ती बोर्ड एसबी शिरडकर ने बताया कि भर्ती परीक्षा में कुल अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए प्रत्येक पाली में लगभग 4,81,416 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन, पुलिस विभाग तथा जिला प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है तथा अभ्यर्थियों की पहचान और प्रवेश प्रक्रिया के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।




- प्रत्येक पाली में 4.81 लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल, सुरक्षा और पारदर्शिता के व्यापक इंतजाम

**पारदर्शिता और सुरक्षा पर विशेष जोर :** परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक तथा पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### अभ्यर्थियों के लिए परिवहन निगम चलायेगा 2135 अतिरिक्त बसें

परिहन निगम सिपाही भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेगा। प्रमुख रूटों पर अभ्यर्थियों की संख्या के अनुरूप बसों की ट्रिप बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में लगभग 13.5 हजार बसों का संचालन होता है। सभी रूटों पर अभ्यर्थियों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखने के साथ ही बसों का लगातार संचालन करने का निर्देश दिया गया है। आठ, नौ व 10 जून को होने वाली परीक्षा में 28 लाख से अधिक अभ्यर्थी अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का सफर तय करेंगे। रेलवे में भी अभ्यर्थियों की सुविधा व आवागमन को लेकर खास निर्देश दिए गए हैं।

### अभ्यर्थियों को सेंटर तक पहुंचायेंगी सिटी बसें

अभ्यार्थियों को चारबाग रेलवे स्टेशन और बस अड्डे से 55 परीक्षा सेंटरों तक पहुंचने के लिए सिटी बसों के इंतजाम किए गए हैं। जहां हेल्पडेस्क के जरिए परीक्षार्थियों के सेंटर तक पहुंचने वाली सिटी बसों के नंबर और समय सारणी की जानकारी दी जाएगी। सिटी ट्रांसपोर्ट के एमडी विमल राजन ने बताया कि अभ्यार्थियों के लिए सिटी बसों की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा प्रदेश के 17 शहरों से आने वाले अभ्यार्थियों के लिए 12 जून तक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक अभ्यार्थी रोडवेज बसों से सफर कर सकें।

### सकुर्लेटिंग एरिया में हेल्प डेस्क

चारबाग और लखनऊ जंक्शन के बीच सकुर्लेटिंग एरिया में जीआरपी की हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। जीआरपी थाना चारबाग प्रभारी धर्मवीर सिंह के अनुसार हेल्प डेस्क के माध्यम से परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के रास्ते की जानकारी दी जाएगी। आरपीएफ थाना चारबाग प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्लेटफार्म पर अतिरिक्त फोर्स तैनात रहेगा।

**अतिरिक्त टिकट काउंटर :** स्टेशन पर अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाए गए हैं, जिससे कि परीक्षार्थियों को टिकट लेने में परेशानी न हो। एंबुलेंस और स्टेशन पर डॉक्टर की तैनाती भी रहेगी। कानून व्यवस्था के लिए जीआरपी के अतिरिक्त जवान और पीएसी सकुर्लेटिंग एरिया में तैनात रहेंगे। टेम्पो और ऑटो यूनियन के प्रतिनिधियों से बैठक कर उन्हें हिदायत दी गई है कि किसी भी सूरत में परीक्षार्थियों से ज्यादा भाड़ा न वसूलें। ऐसी शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### परीक्षार्थियों के लिए दो विशेष ट्रेन, अतिरिक्त बोगियां भी लगायी जायेंगी

सोमवार से शुरू हो रही उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में परीक्षार्थियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे, आरपीएफ और जीआरपी एलर्ट मोड में है। गोरखपुर-लखनऊ के बीच 10 जून तक दो परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा। आवश्यकता पड़ने पर अन्य ट्रेनों में अतिरिक्त बोगियां लगाने की तैयार कर ली गई है। पूर्वोत्तर रेलवे ने गोरखपुर-लखनऊ जं. के बीच पहली परीक्षा स्पेशल ट्रेन का संचालन रविवार से शुरू कर दिया है। गाड़ी संख्या 05031 गोरखपुर-लखनऊ अनारक्षित गोरखपुर से 19:00 बजे चलकर कर लखनऊ जं. रात 12:55 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05032 लखनऊ जं. से 18:15 बजे चल कर गोरखपुर 23:55 बजे पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन गाड़ी 05005/05006 आठ से 10 जून तक चलाई जाएगी जो गोरखपुर से 13:30 बजे चल कर लखनऊ जं. 18:15 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 05006 लखनऊ जं. से 13:30 बजे चल कर गोरखपुर 18:50 बजे पहुंचेगी।

# भाषा विवि के कुलपति प्रो. अजय तनेजा विश्व के शीर्ष 5% वैज्ञानिकों में शामिल

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक मूल्यांकन संस्था साइरैंक ग्लोबल द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 5 प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान प्रदान किया गया है। यह सम्मान उनके दीर्घकालिक शोध कार्यों, अकादमिक योगदान, वैज्ञानिक प्रकाशनों तथा वैश्विक शोध प्रभाव के कठोर एवं स्वतंत्र मूल्यांकन के बाद प्रदान किया गया है।



साइरैंक ग्लोबल द्वारा जारी प्रमाणपत्र के अनुसार प्रो. तनेजा का चयन विश्वभर के लाखों शोधकर्ताओं एवं वैज्ञानिकों के बीच किए गए व्यापक बिब्लियोमेट्रिक विश्लेषण के आधार पर किया गया है। इस विश्लेषण में शोध-पत्रों की गुणवत्ता, उद्धरण, अनुसंधान प्रभाव, शैक्षणिक योगदान तथा वैज्ञानिक समुदाय में प्रभावशीलता जैसे विभिन्न मानकों को सम्मिलित किया जाता है।

प्रो. अजय तनेजा का शैक्षणिक एवं अनुसंधान क्षेत्र में योगदान अत्यंत उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने उच्च शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान संवर्धन, अकादमिक गुणवत्ता तथा ज्ञान-आधारित समाज के निर्माण के क्षेत्र में निरंतर महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनके नेतृत्व में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, बहुभाषिक शिक्षा, शोध एवं नवाचार, उद्योग-अकादमिक सहयोग तथा छात्र-केंद्रित शैक्षणिक गतिविधियों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने प्रो. अजय तनेजा को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। विश्वविद्यालय परिवार का मानना है कि यह सम्मान न केवल प्रो. तनेजा की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि सम्पूर्ण विश्वविद्यालय समुदाय के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। इससे विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक प्रतिष्ठा को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त होगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने कहा कि प्रो. तनेजा की यह उपलब्धि विद्यार्थियों और युवा शोधकर्ताओं को उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी।

# भर्ती परीक्षा के लिए यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को बसों में मिलेगी 50 फीसदी की छूट

- यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सीएम ने अभ्यर्थियों के हित में लिया बड़ा फैसला
- सीएम ने पुलिस भर्ती परीक्षा को देखते हुए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र दिखाने पर बसों में 50 फीसदी छूट देने का लिया फैसला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को राज्य परिवहन निगम की बसों में यात्रा के दौरान किराए में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुविधाजनक भर्ती प्रक्रिया उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। भर्ती परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के विभिन्न जनपदों में आवागमन को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिल सके और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित



आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा 08, 09 एवं 10 जून को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में लगभग 29 लाख अभ्यर्थियों के सम्मिलित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र दिखाकर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में 50 प्रतिशत रियायती किराए का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यवस्था परीक्षा अवधि के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए लागू रहेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि अभ्यर्थियों को सुरक्षित, सुगम और अनुकूल वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिल सके।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को आयुष्मान योजना में शामिल करने की मांग

**लखनऊ।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम समेत विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में तैनात संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने की मांग। क्षय रोग वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्रा ने मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम से मांग की है कि उक्त कर्मचारियों को योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि कई साल से संक्रमण और जोखिम के बीच रहकर रोगियों के उपचार में सहयोग कर रहा कोई कर्मचारी गंभीर बीमार होता है तो उनके परिवार को इलाज के लिए आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। हाल ही में रजनीश झा, अभय सिंह, धर्मेंद्र द्विवेदी सहित कई स्वास्थ्य कर्मचारियों का असमय निधन हो चुका है। कई कर्मचारी कैंसर, लिवर व गुर्दे समेत दूसरी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं।

## नर्सिंग संवर्ग के स्थानांतरण में अनियमितता की जांच हो

**लखनऊ।** स्वास्थ्य महानिदेशालय में नर्सिंग संवर्ग के स्थानांतरण को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। शासन एवं प्रशासन की ओर से कहा जाता रहा कि नर्सिंग संवर्ग का स्थानांतरण उनके गृह जनपद में नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद नर्सिंग अनुभाग द्वारा 10 से अधिक नर्सिंग अधिकारियों का स्थानांतरण उनके गृह जनपदों में कर दिया गया, जबकि अन्य कर्मचारी शासनादेश की प्रतीक्षा करते रहे। इस संबंध में राजकीय नर्सेस संघ ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। पत्र में मांग की गई है कि जिन नर्सिंग अधिकारियों का स्थानांतरण गृह जनपद में किया गया है, उनके आदेशों में संशोधन किया जाए अथवा गृह जनपद स्थानांतरण संबंधी शासनादेश सभी कर्मचारियों के लिए समान रूप से जारी किया जाए।

## सीएमएस के नोमान ने जीता गोल्ड मेडल

**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-10 के प्रतिभाशाली छात्र नोमान अहमद मलिक ने बेल्जियम में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय शूटिंग चैम्पियनशिप इंटारसो रिफ्लेक्स शूटिंग कप-2026 में गोल्ड मेडल अर्जित कर लखनऊ का नाम अंतर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। नोमान ने यह उपलब्धि 10मी एअर पिस्टल शूटिंग प्रतिस्पर्धा में अर्जित की है। स्कूल संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी ने विद्यालय के इस होनहार छात्र की ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नोमान की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत साबित होगी।



## लविवि के 18 शिक्षक साइरैंक ग्लोबल में शामिल

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के 18 शिक्षक साइरैंक ग्लोबल की वर्ल्डस टॉप 5% साइंटिस्ट सूची में शामिल हुए हैं। बता दें कि ये सूची विश्वविद्यालय में वर्तमान कार्यरत शिक्षकों की सूची है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की सशक्त शोध संस्कृति, वैज्ञानिक योगदान, उद्धरण प्रभाव और वैश्विक अकादमिक पहचान को रेखांकित करती है। इस प्रतिष्ठित सूची में लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विज्ञान विषयों से जुड़े संकाय सदस्यों ने स्थान प्राप्त किया है। भौतिकी विभाग से प्रो. पूनम टंडन, प्रो. राजीव मनोहर, प्रो. एके सिंह, प्रो. चंद्रकिरण गौतम, प्रो. अमृतांशु शुक्ला, प्रो विवेक कुमार सिंह तथा प्रो. सतेंद्र पाल सिंह शामिल हैं। रसायन विज्ञान से प्रो. नरेंद्र कुमार सिंह और डॉ. शशि बाला, जंतु विज्ञान से प्रो. मोनिशा बनर्जी, जैव रसायन से प्रो. सिद्धार्थ कुमार मिश्रा और डॉ. आशुतोष सिंह, सांख्यिकी से प्रो. शशि भूषण, गणित एवं खगोल विज्ञान से प्रो. राजेंद्र प्रसाद, तथा वनस्पति विज्ञान से प्रो. शालिनी श्रीवास्तव, प्रो. राजेश कुमार तिवारी, बायोकैमेस्ट्री से डॉ. मधु कामले और डॉ. अजेय सिंह को इस वैश्विक सूची में स्थान मिला है। वैश्विक रैंकिंग में प्रो. राजेंद्र प्रसाद ने 204, 937, डॉ. शशि बाला ने225,679, प्रो. पूनम टंडन ने345,543, प्रो. शशि भूषण ने584,899, प्रो. मोनिशा बनर्जी ने730,033, प्रो. अमृतांशु शुक्ला ने773,431, प्रो. चंद्रकिरण गौतम ने794,100, प्रो. राजीव मनोहर ने823,114, प्रो. ए. के. सिंह ने871,017, प्रो. सतेंद्र पाल सिंह ने957,491, प्रो. सिद्धार्थ कुमार मिश्रा ने964,999, विवेक कुमार सिंह ने1,024, 824, प्रो. राजेश कुमार तिवारी ने1,090,016, डॉ. अजेय सिंह ने1,097,522, प्रो. नविंद्र कुमार सिंह ने1,298,335, डॉ. आशुतोष सिंह ने1,429,618 और प्रो. शालिनी श्रीवास्तव ने1,490,068 स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने सभी वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान विश्वविद्यालय की शोध उत्कृष्टता, अकादमिक प्रतिबद्धता और वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती पहचान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह विश्वविद्यालय की शोध क्षमता, वैश्विक दृश्यता, रैंकिंग और संस्थागत प्रतिष्ठा को भी मजबूत करती है।

# डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर गांव तक पहुंचीं स्वास्थ्य सेवाएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसेवा को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित जनसंपर्क एवं समस्या समाधान अभियान आपका विधायक, आपके द्वार के 170वें संस्करण का आयोजन खुशहालगंज मंडल की ग्राम पंचायत मौंदा में किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



कार्यक्रम में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मंदिर में बाउंड्रीवॉल निर्माण, आयुष्मान कार्ड, लैपटॉप, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, साइकिल, हैंडपंप एवं ओपन जिम से संबंधित मांगें शामिल रहीं। प्राप्त आवेदनों में से 100 वर्षीय शांति का आयुष्मान कार्ड बनवाकर एक आवेदन का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर टेंडर पॉम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों का बीपी, शुगर एवं नेत्र परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने लाभ प्राप्त किया। डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से शिविर में 70 नागरिकों की जांच की गई तथा 38 जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए जाएंगे।

युवाओं को खेलों एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से कार्यक्रम में 184वें बॉयज यूथ क्लब का गठन किया गया, जिसके अंतर्गत बच्चों को क्रिकेट एवं वॉलीबॉल किट प्रदान की गई। वहीं 119वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन कर बालिकाओं को कैरम, बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल किट वितरित की गईं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान कक्षा 10 में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले ईशू वर्मा, कक्षा 10 में 86.50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली अनामिका राजपूत, कक्षा 12 में 80.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले प्रेम प्रकाश साहू तथा कक्षा 12 में 71.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली श्रृष्टि यादव को साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अंत में प्राप्त सभी आवेदनों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया गया। कुल 11 प्राप्त आवेदनों में से 1 आवेदन का तत्काल निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। कार्यक्रम में मां तारा शक्ति रसोई के अंतर्गत जरूरतमंदों एवं आमजन के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दलबहादुर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव बख्श सिंह, पूर्व अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष श्याम मनोहर लोधी, सेक्टर संयोजक सरवन, बूथ अध्यक्ष परमेश्वर, बूथ अध्यक्ष जगदीश साईं, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र रावत, बूथ अध्यक्ष रामलाल, बूथ अध्यक्ष नीरज शर्मा, पूर्व अल्पसंख्यक जिला मंत्री मो. सलीम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## मरीज को वार्ड में शिफ्ट करने के लिए हंगामा

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में रविवार शाम एक मरीज को भर्ती कराने के लिए परिजनों ने हंगामा किया। यह सूचना मिलने पर अस्पताल प्रशासन के हस्तक्षेप पर मरीज भर्ती किया गया। फैजुल्लागंज निवासी महेश गुप्ता ने बताया कि उनके भाई को पेट में दर्द हो रहा था। स्थानीय डाक्टर को दिखाया तो बड़े अस्पताल में दिखाने की बात कही। यहां अस्पताल की इमरजेंसी में उपाचर मिला तो इमरजेंसी वार्ड में शिफ्ट नहीं किया। कर्मचारी से शिफ्ट करने को कहा तो मरीज की फाइल लेकर अपने दूसरे काम निपटने में लगा था। काफी देर बाद जब कोई सुनवायी नहीं हुई तो मजबूरन हंगामा करना पड़ा। इमरजेंसी में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने परिजनों को समझाबुझाकर शांत कराया। इसके बाद मरीज को इमरजेंसी से वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। वहीं इमरजेंसी मेडिकल आफीसर के अनुसार परिजनों को व्यवस्था समझाने में कुछ दिक्कत हुई।

## केजीएमयू में दीक्षांत समारोह की तैयारियां शुरू

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के 13 जुलाई को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। केजीएमयू प्रशासन ने शिक्षकों की दूसरे चरण की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में कटौती करने का फैसला लिया है। डीन एकेडमिक डॉ.वीरेंद्र अतम की ओर से जारी कार्यालय आदेश के अनुसार शिक्षकों के लिए स्वीकृत दूसरे चरण का ग्रीष्मकालीन अवकाश 16 जून से 15 जुलाई तक निर्धारित है। हालांकि दीक्षांत समारोह और उससे जुड़ी तैयारियों के सुचारु संचालन के लिए यह अवकाश 11 जुलाई से समाप्त कर दिया गया है।आदेश के तहत जिन शिक्षकों ने द्वितीय चरण की ग्रीष्मकालीन छुट्टियां ली हैं। उन्हें 11 जुलाई को अनिवार्य रूप से ड्यूटी पर उपस्थित होना होगा। इसके बाद उन्हें दीक्षांत समारोह से संबंधित कार्यों और विश्वविद्यालय द्वारा सौंपे जाने वाले अन्य प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा। 11 से 15 जुलाई तक की कटौती की गई छुट्टियों के बदले शिक्षकों को अगले शीतकालीन अवकाश से पहले, नियमानुसार कुलपति की स्वीकृति के बाद दिया जा सकेगा।

# 110 वार्डों में प्रतिदिन दो-दो वार्डों में लगेगी चौपाल

- केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 8 जून से शुरू होगी वार्ड चौपाल
- महापौर सुषमा खर्कवाल स्वयं करेंगी जन समस्याओं की समीक्षा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शहर में समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में नगर निगम लखनऊ द्वारा 8 जून 2026 से वार्ड चौपाल अभियान की शुरूआत की जा रही है। इस अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र के सभी 110 वार्डों में चरणबद्ध तरीके से चौपाल आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिदिन दो वार्डों में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि वार्ड चौपालों में गृहकर, सफाई व्यवस्था, मार्ग प्रकाश, पेयजल, सीवर तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया जाएगा। चौपाल में संबंधित पार्षद, अपर नगर आयुक्त, अधिकारी, अभियंता तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। वार्ड चौपाल अभियान का शुभारंभ 8 जून को जोन-4 के दो वार्डों से होगा। पहले दिन पेपर मिल कॉलोनी और राजीव गांधी प्रथम वार्ड में चौपाल आयोजित की जाएगी। इसके बाद सभी जोनों में निर्धारित तिथियों के अनुसार चौपालों का आयोजन किया जाएगा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक चौपाल में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही चौपाल में संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के कार्मिकों की समय से उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाए।

### वार्ड चौपाल का कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| **08 जून 2026 (जोन-4)** | **12 जून 2026 (जोन-5)** |
| पेपर मिल कॉलोनी | सरोजनी नगर प्रथम वार्ड |
| राजीव गांधी प्रथम | सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड |
| **09 जून 2026 (जोन-1)** | **13 जून 2026 (जोन-6)** |
| रानी लक्ष्मी बाई वार्ड | मा० कल्याण सिंह वार्ड |
| जे0सी0 बोस | मा० लाल जी टंडन वार्ड |
| **10 जून 2026 (जोन-2)** | **15 जून 2026 (जोन-7)** |
| तिलक नगर कुंडरी रकाबगंज वार्ड | शंकरपुरवा प्रथम वार्ड |
| ऐशबाग वार्ड | लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड |
| **11 जून 2026 (जोन-3)** | **16 जून 2026 (जोन-8)** |
| विवेकानन्द पुरी वार्ड | हिन्द नगर वार्ड |
| अलीगंज वार्ड | विद्यावती द्वितीय वार्ड |

## केजीएमयू में फेफड़ों की जटिल बीमारी की सटीक जांच शुरू

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के चेस्ट मेडिसिन विभाग में सी-आर्म गाइडेड रेडियल एंडोब्रोंकियल अल्ट्रासाउंड तकनीक से फेफड़ों की जटिल बीमारियों की सटीक जांच शुरू की है। यह यूपी का पहला विभाग है जहां यह सुविधा शुरू हुई है। विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि यह उपलब्धि केवल नई तकनीक की शुरूआत नहीं। बल्कि टीमवर्क, समर्पण और बेहतर मरीज सेवाओं की दिशा में विभाग के मजबूत संकल्प का प्रतीक है। इससे केजीएमयू में फेफड़ों के रोगों का उपचार सटीक और आसान होगा। विभाग के डा. दर्शन बजाज ने बताया कि यह तकनीक फेफड़ों के अंदर मौजूद छोटी और गहराई में स्थित गांठों तथा संदिग्ध घावों की पहचान और बायोप्सी को अधिक सटीक बताने में सक्षम है, इससे मरीजों को समय पर सही निदान मिलने के साथ उपचार की दिशा तय करने में भी मदद मिलेगी।

## लविवि में बीफार्म प्रवेश अब सीयूईटी-यूजी के माध्यम से होंगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में संचालित बीफार्म पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रवेश प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अब तक बीफार्म में प्रवेश डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा आयोजित काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता था, जबकि इस वर्ष से लखनऊ विश्वविद्यालय स्वयं कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) के आधार पर प्रवेश प्रदान करेगा।

बीफार्म पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए सीयूईटी-यूजी 2026 में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। सीयूईटी-यूजी का परिणाम घोषित होने के बाद अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः सीयूईटी-यूजी में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की गई मेरिट सूची के अनुसार संचालित की जाएगी। बीफार्म पाठ्यक्रम की 60 सीटों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारवीं (10+2) परीक्षा पीसीबी/पीसीएम/पीसीएमबी में उत्तीर्ण होना आवश्यक है (जिसमें अंग्रेजी एक विषय हो)। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे सीयूईटी-यूजी परिणाम घोषित होने के बाद निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें तथा प्रवेश संबंधी नवीनतम सूचनाओं के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

उल्लेखनीय है कि बीफार्म पाठ्यक्रम चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो आठ सेमेस्टर में विभाजित है। वर्ष 2021 से संचालित इस पाठ्यक्रम के दो बैच सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हो चुके हैं।

## डॉ. भरत राज बने अध्यक्ष, नित्यानंद पांडेय सचिव

**लखनऊ।** गोमती नगर जन कल्याण महासमिति, खंड-5 में आगामी पाँच वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव अधिकारी श्री आर.पी. सिंह की देखरेख में किया गया, जबकि ऑब्जर्वर के रूप में राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित रहे। चुनाव के दौरान सभी पदों पर सर्वसम्मति से प्रत्याशियों का चयन किया गया, जिससे समिति में सहमति और एकजुटता का माहौल देखने को मिला। घोषित परिणामों के अनुसार डॉ. भरत राज सिंह को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर श्री राज नारायण सिंह तथा विजय कुमार चोपड़ा को जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव पद पर नित्यानंद पांडेय (अधिवक्ता) को चुना गया, जबकि कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी अतुल जौहरी को दी गई। सहायक सचिव पद पर प्रवीण कुमार मिश्रा, संगठन सचिव के रूप में प्रभात श्रीवास्तव तथा सांस्कृतिक सचिव के रूप में अरुण त्रिवेदी का चयन हुआ। प्रचार सचिव का दायित्व मनोज शर्मा को सौंपा गया। कार्यकारी सदस्य के रूप में चंद्रशेखर सिंह एवं राकेश श्रीवास्तव को शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त आमंत्रित सदस्यों के रूप में आलोक सिंह भदौरिया एवं आर.पी. शर्मा को नामित किया गया। नवगठित कार्यकारिणी से स्थानीय स्तर पर जनकल्याण, सामाजिक समरसता और क्षेत्रीय विकास कार्यों को और अधिक गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# सिलेंडर से वार कर की छोटे भाई की हत्या

● नशेड़ी बड़े भाई ने मां को लात मारी, पिता को सड़क पर घसीटा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जानकीपुरम थाना क्षेत्र में बड़े भाई अभिषेक ने छोटे भाई आर्यन मिश्र (21) के सिर पर ताबडतोड़ सिलेण्डर से वार कर उसकी हत्या कर दी। ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरंसिक टीम को भी बुलाया और साक्ष्य जुटाये। आर्यन बीज भंडार में काम करता था। घटना रविवार दोपहर करीब 3 बजे हुई।



घटना जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-3 में हुई, जहां पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी अभिषेक मिश्रा ने पहले पिता रामानंद मिश्रा को पीटा। उसके बाद घर के बाहर सड़क पर मां मंजू मिश्रा को लात मारी। इसका आर्यन ने विरोध किया तो उसके साथ गाली-गलौज की। घर के अंदर जाने पर अभिषेक ने घरेलू गैस सिलेंडर से आर्यन के सिर पर कई वार किए। पिता रामानंद मिश्रा ने बताया कि बड़ा बेटा नशे का आदी है। कोई काम-धंधा नहीं करता है। नशे की हालत में अक्सर मारपीट करता था। मृतक के पिता रामानंद मिश्रा पेंटिंग का ठेका लेकर काम कराते हैं। उन्होंने बताया कि छोटा बेटा आर्यन डालीगंज स्थित बीज भंडार में दवा सप्लाई का काम करता था। बड़ा बेटा अभिषेक कुछ नहीं करता है।

उन्होंने बताया कि रविवार सुबह उसने मुझसे मारपीट की। हम किसी तरह उससे बचकर छत पर भाग गए। इसके बाद तैयार होकर दुकान का सामान लेने के लिए पत्नी के साथ यहियागंज जाने लगे। उसी दौरान अभिषेक ने अपनी मां मंजू मिश्रा की पिटाई शुरू कर दी। सड़क पर ही उनको लात मारने लगा। मोहल्लेवालों ने बीच-बचाव कराया। पड़ोस में रहने वाले शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि सुबह के समय झगड़े के बाद रामानंद अपनी पत्नी के साथ चले गए। अभिषेक को घर के अंदर भेज दिया, जबकि आर्यन को घर से सटे दूसरे मकान के अंदर कर दिया। इस दौरान छत के रास्ते आर्यन फिर अभिषेक के पास चला गया, जहां दोनों के बीच काफी विवाद हुआ। अभिषेक ने उसके सिर पर सिलेंडर से वार कर दिए, जिससे वह गिर पड़ा। आर्यन को गंभीर हालत में चाचा परमानंद ने मोहल्ले वालों की मदद से ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## बाइक की ठोकर से घायल की इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ।** सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों अज्ञात बाइक की टक्कर से घायल हुए बुजुर्ग मजदूर की रविवार को इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनी नगर के अवध विहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद नफीस (60) पत्नी मेहताब बानो के अलावा दो बेटे रईस, सफीक और विवाहित बेटी शालू के साथ ही बेटी शीलू, नीलू व गुलनाल के साथ रहकर मजदूरी करता था। बीती 29 मई को दोपहर मोहम्मद नफीस पैदल ही कुछ दूर स्थित चिल्लावां में रिश्तेदार के घर पैदल ही बकरीद मिलने जा रहा था। तभी कानपुर रोड पर बाग नंबर - 3 के पास बाइक सवार ने ठोकर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। लेकिन घर में तबीयत बिगड़ने पर बाद में उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## राजमिस्त्री की सड़क हादसे में मौत

**लखनऊ।** बीकेटी के किसान पथ जगदीशपुर इलाके में रविवार तड़के बेटी के घर से लौट रहे बाइक सवार राजमिस्त्री को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान हालत में घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

भीखामऊ बीकेटी निवासी रमेश (49) राजमिस्त्री थे। परिवार में पत्नी विमला, बेटा धीरेंद्र और तीन बेटी हैं। साढू राकेश ने बताया कि शनिवार शाम रमेश बाइक से बाराबंकी दामाद के घर गए थे। रविवार तड़के वह बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में जगदीशपुर किसान पथ के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घटना देख राहगीरों ने हादसे की सूचना कंट्रोल रूम पर दी। सूचना पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने घायल को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। तलाशी के दौरान जेब में मिले मोबाइल फोन से पुलिस ने परिजन को घटना की जानकारी दी।

## लिफ्ट में डॉगी के साथ फंसा युवक

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार स्थित सरस्वती अपार्टमेंट की लिफ्ट में रविवार को एक युवक फंस गया। मदद के लिए कंपनी को फोन किया गया तो जिम्मेदारों ने कहा कि कल आएंगे। आज साप्ताहिक अवकाश है। पीड़ित के अनुसार लिफ्ट फंसी थी, लेकिन ना तो अलार्म बजा और न ही कोई गार्ड आया। करीब 30 मिनट बाद उसे सुरक्षाकर्मियों ने निकाला।

फ्लैट ए-602 में रहने वाले रणविजय सिंह रविवार सुबह अपने डॉगी को घुमाकर लौट रहे थे। ग्राउंड फ्लोर से छठी मंजिल पर जाने के दौरान लिफ्ट दूसरे और तीसरे फ्लोर के बीच फंस गई। रणविजय ने बताया कि लिफ्ट रुकने के बाद उन्होंने इमरजेंसी अलार्म बजाने की कोशिश की, लेकिन अलार्म काम नहीं कर रहा था। आवंटी काफी देर तक अपने डॉगी के साथ लिफ्ट में फंसा रहा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने अंदर से आवाज सुनी उसने घरवालों और अपार्टमेंट के सुरक्षाकर्मियों को सूचना दी।

## किसान ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के गोसाईं पुरवा गांव में किसान प्रेमचंद गोस्वामी (52) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह सुबह मवेशियों को चारा-पानी देने के बाद खेत में भिंडी तोड़ने गए थे। एक बंद पड़ी प्लाई फैक्ट्री के पास आम के पेड़ से लटका उनका शव मिला है।

बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के गोसाई पुरवा गांव में रविवार सुबह किसान प्रेमचन्द ने आम के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान देवरी रुखारा मजरा निवासी प्रेमचंद गोस्वामी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार प्रेमचंद सुबह मवेशियों को चारा-पानी देने के बाद खेत में भिंडी तोड़ने जाने की बात कहकर घर से निकले थे।

खेत के समीप एक बंद पड़ी प्लाई फैक्ट्री परिसर में लगे आम के पेड़ पर उन्होंने गमछे का फंदा बनाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सुबह ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। मृतक के पुत्र विकास ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गोमती में उतराता मिला ठेकेदार का शव

**लखनऊ।** ठाकुरगंज इलाके में घैला पुल के नीचे गोमती नदी में रविवार सुबह ठेकेदार का शव उतराता हुआ मिला। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव पानी से बाहर निकलवाया। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद स्थिति और साफ होगी। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। दुबग्गा के हयात नगर निवासी चंद्र प्रकाश (55) निर्माण कार्य का ठेका लेते थे। परिवार में पत्नी मधु, एक बेटा व दो बेटी है। बेटी विधि कश्यप ने बताया कि शनिवार सुबह पिता घर से करीब 11 बजे काम के लिए निकले थे। देर रात घर नहीं लौटे। पिता पहले भी दो-तीन दिन काम के सिलसिले से घर नहीं आते थे। रविवार सुबह ठाकुरगंज पुलिस घर आई। पिता के नदी में डूबने की जानकारी दी।

## नहर में गिरे नशेड़ी को पुलिस ने बचाया

**लखनऊ।** पारा क्षेत्र में थाने के सामने एक व्यक्ति नशे की हालत में नहर में गिर पड़ा। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने साथी सिपाहियों के साथ रस्सी डालकर उसे सुरक्षित बाहर निकाला। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शिव शंकर पुत्र दुलारे निवासी डूडा कॉलोनी हंसखेड़ा थाना पारा बताया है। पुलिस के अनुसार वह शराब के नशे में था। जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात एक युवक नहर के पास पहुंचा और नशे की हालत में अचानक नहर में गिर गया। युवक को नहर में गिरते देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया। सूचना मिलते ही पारा थाने पर तैनात आरक्षी उदयभान और मनोज मौके पर पहुंचे। इसी समय जोनल चेकिंग कर रहे उप निरीक्षक रविशंकर मौर्य और पुलिसकर्मी राजेश गुप्ता ने रस्सी के सहारे व्यक्ति को बाहर निकाल कर उसके घरवालों के पास पहुंचाया।

## आपसी विवाद में मारपीट, दो घायल

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र के छोहाराखेड़ा गांव में आपसी विवाद के दौरान हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। इस मामले में बिजनौर के छुआरा खेड़ा निवासी संतराम ने गांव के ही सूरज, संगीता, नीरज और सुखवंत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। संतराम ने आरोप लगाया है कि शनिवार रात करीब 9 बजे सूरज, संगीता, नीरज और सुखवंत ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में संतराम के सिर में गंभीर चोट आई और उसका सिर फट गया। बीच-बचाव करने पहुंचे राज को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे उसके हाथ और सिर में चोट आ गयी। पीड़ित ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

## क्रिकेट खेलने जा रहे युवक को पीटा

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में क्रिकेट खेलने जा रहे एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। यह घटना 4 जून की शाम हुई, जब वैभव तिवारीदो दोस्तों शुभ यादव और आर्यन साहू के साथ मछली फार्म की ओर जा रहा था। सूबेदार रविंद्र कुमार तिवारी के बेटे वैभव तिवारी पर एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार (यूपी 32 आरजे 5506) से उतरे दो युवकों ने हमला किया। उन्होंने वैभव को गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। खेत में मौजूद लोगों के शोर मचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी ने दर्ज करायी शिकायत

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाने में अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी ने सीएनईटी-2026 परीक्षा के नाम पर हो रही साइबर ठगी को लेकर पुलिस से शिकायत की है, जिसमें बताया गया है कि कुछ अज्ञात लोग व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए रुपए लेकर सीएनईटी-2026 का प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का झूठा दावा कर रहे हैं। शिकायत के अनुसार आरोपी उम्मीदवारों को परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र देने का आश्वासन देकर डिजिटल भुगतान के जरिए रुपये वसूल रहे हैं। अब तक इस तरह की धोखाधड़ी से 2 हजार रुपये लेने की जानकारी मिली है। यूनिवर्सिटी के द्वारा यूपीआई आईडी और टेलीग्राम चैनल व टेलीग्राम आईडी को संदिग्ध बताया गया हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने इसे धोखाधड़ी साइबर फ्रॉड और प्रतिरूपण का मामला बताते हुए आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**लखनऊ।** मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत रविवार को बिजनौर पुलिस टीम ने न्यू गुड़ौरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम और एंटी रोमियो स्क्वॉड ने महिलाओं, बालिकाओं और ग्रामीणों को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण से संबंधित जानकारियां दीं। कार्यक्रम में उप निरीक्षक आराधना वर्मा, महिला आरक्षी भावना, कोमल सिंह और अमृता प्रतिभा ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा कानूनों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही 112 आपातकालीन सेवा, 1090 महिला पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्डलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी देकर आवश्यकता पड़ने पर इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक, ऑनलाइन ठगी और ओटीपी साझा करने के खतरों के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## आम व्यापारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के रसूलपुर-भटगांव गांव स्थित आम के बाग को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। इस मामले में कृष्णा नगर के एलडीए कॉलोनी निवासी महिला दिवा यादव ने धर्मराज चौरसिया, सुहागवती, सौरभ चौरसिया, धर्मराज चौरसिया के साले और आम व्यापारी गुड्डू पटेल के खिलाफ बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दिवा यादव का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2022 में रसूलपुर, भटगांव स्थित खसरा संख्या 1012/2 की भूमि खरीदी थी, जिसमे आम का बाग स्थित है। उनका कहना है कि भूमि से संबंधित स्वामित्व और कब्जे के सभी दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं।

## मारपीट में तीन युवक घायल

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में तीन युवक घायल हो गए। इस मामले में बंथरा के गढ़ी चुनौटी निवासी मोहित गौतम ने गांव के ही विजय कुमार, उमेश, जगतपाल, बबलू, संजय और राजवीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहित गौतम के मुताबिक वह, कुलदीप और लवकुश शनिवार को अपने घर पर खाना खाने के बाद आराम कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान विजय कुमार, उमेश, जगतपाल, बबलू, संजय और राजवीर अचानक चाकू व डंडे लेकर पहुंचे और उन पर हमला कर दिया। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के साथ जान से मारने की धमकी भी दी।

## बीमा कम्पनी में लाखों की हेराफेरी का वांछित गिरफ्तार

**लखनऊ।** सरोजनीनगर पुलिस ने बीमा कंपनी में लाखों रुपये की वित्तीय हेराफेरी करने के आरोप में करीब 1 साल से फरार चल रहे एक वांछित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रविवार को उसे जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक मेसर्स स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता गोमती नगर स्थित विभूति खंड स्थित कार्यालय के संदीप सिंह ने 11 मई 2025 को सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कंपनी की लखनऊ शाखा में एसोसिएट पद पर कार्यरत पीजीआई के तेलीबाग निवासी शुभांशु सिंह ने बैंक ऑफ इंडिया की बंथरा और गौरी बाजार शाखाओं से संबंधित विभिन्न बीमा पॉलिसियों की गलत बिक्री कर वित्तीय अनियमितताएं की हैं। कंपनी को तीन ग्राहकों की ओर से कुल 8.05 लाख रुपये के गबन और हेराफेरी की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। तब कंपनी की आंतरिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर शुभांशु सिंह को सेवा से निष्कासित कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि संदीप सिंह की तहरीर पर सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी, लेकिन जांच के दौरान आरोपी लगातार फरार चल रहा था।

पुलिस ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था। लेकिन इसके बावजूद वह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस टीम उसकी तलाश में लगातार जुटी थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुधांशु सिंह को शनिवार देर रात उन्नाव जिले के गदनखेड़ा बाईपास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बीमा कंपनी में कार्यरत रहते हुए गलत तरीके से पॉलिसियां बेचकर 8.05 लाख रुपये की हेराफेरी किए जाने की बात कबूली। फिलहाल पुलिस ने आरोपी शुभांशु सिंह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

## पुल पर कार में लगी आग

**लखनऊ।** मुजासा फ्लाईओवर पर रविवार को लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग पर फोर्ड इकोस्पोर्ट कार में अचानक आग लग गई। चालक अब्दुल वासित ने समय रहते गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग को बुलाया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

रविवार दोपहर मोजासा फ्लाई ओवर पर उस समय अफरातफरी मच गई जब तेज रफ्तार से चल रही एक फोर्ड इकोस्पोर्ट कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। सौभाग्य से चालक ने समय रहते वाहन से छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। हरदोई के रेलवेगंज निवासी अब्दुल वासित पुत्र मोहम्मद शाहिद अपनी फोर्ड इकोस्पोर्ट कार से लखनऊ से हरदोई जा रहे थे। दोपहर करीब डेढ़ बजे जैसे ही उनकी कार मुजासा फ्लाईओवर पर चढ़ी, इंजन से अचानक लपटें उठने लगीं। बिना एक पल गंवाए अब्दुल वासित ने गाड़ी रोककर बाहर छलांग लगा दी। उनके निकलते ही आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया भीषण गर्मी के कारण इंजन के ओवरहीट होने अथवा शॉर्ट सर्किट को हादसे की वजह माना जा रहा है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## हायर सेकेंडरी स्कूल की भूमि, आय व वित्तीय लेनदेन में करोड़ों की अनियमितता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** तेलीबाग स्थित राम भरोसे मैकूलाल हायर सेकेंडरी स्कूल की भूमि, आय और वित्तीय लेन-देन में करोड़ों की अनियमितता का आरोप लगा है। संस्था के सदस्यों ने मानवाधिकार आयोग में शिकायत की। आरोप है कि शिक्षा और कृषि प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध कराई गई सार्वजनिक संपत्ति का वर्षों से व्यावसायिक उपयोग प्रबंधक द्वारा किया जा रहा है। आयोग के आदेश पर पीजीआई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित रामकुमार सिंह और दिवाकर साहू ने बताया कि उपनिबंधक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स लखनऊ मंडल द्वारा कराई गई जांच में गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताएं सामने आई हैं। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि संस्था के प्रबंधक श्रीकांत साहू ने कई नोटिस दिए जाने के बाद भी न कोई अभिलेख दिए और न ही जांच में सहयोग किया। आरोप है कि सरकार द्वारा शिक्षा एवं कृषि प्रयोजनों के लिए उपलब्ध कराई गई करीब 21.125 एकड़ भूमि सहित लगभग 30 से 32 एकड़ सार्वजनिक न्यास संपत्ति का व्यवसायिक प्रयोग किया गया। आरोप है कि वर्ष 1959 में शासन और संस्था के बीच हुए अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करते हुए परिसर में दुकानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और विज्ञापन टावरों का संचालन कराया गया।

आरोप है कि प्रबंधक श्रीकांत साहू ने अपने परिवार के सदस्यों के समान नाम से दूसरी संस्था स्थापित कर मूल संस्था की भूमि और संसाधनों का उपयोग कराया। एक करोड़ रुपये के पट्टा अनुबंध में से 80 लाख रुपये मूल संस्था के खाते में न जाकर दूसरी संस्था के खाते में जमा हुए। करीब 1.05 करोड़ रुपये से अधिक की रकम विभिन्न व्यक्तियों को बिना बिल, वाउचर अथवा अन्य वैध अभिलेखों के भुगतान की गई। इसके अलावा 34.05 लाख रुपये निकाले गए। छात्रों से प्राप्त शुल्क, किराया आय, दान राशि और निर्माण कार्यों से जुड़े लेखों में भी गंभीर अनियमितताएं की। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी प्रबंधक व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मामा ने भांजी संग किया रेप

**लखनऊ।** बंथरा में मामा ने 13 साल की सगी भांजी के साथ रेप किया। विरोध करने पर पत्नी को पीट-पीटकर बेहोश कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी का मेडिकल जांच को भेज दिया है। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है।



घटना बंथरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह हुई। पुलिस ने आरोपी मामा को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि नशे की हालत में उसने वारदात को अंजाम दिया है। पीड़िता कक्षा 7 की छात्रा है। गर्मी की छुट्टी मनाने 3 दिन पहले मामा के घर आई थी। रविवार सुबह करीब 10 बजे उसका 30 साल का मामा शराब के नशे में घर पहुंचा। छात्र को जबरन कमरे में खींच लिया और रेप किया। किशोरी की चीख-पुकार सुनकर उसकी मामी (आरोपी की पत्नी) कमरे में पहुंची। उसने भांजी को बचाने की कोशिश की, जिस पर आरोपी ने अपनी पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। पीट-पीटकर उसे बेहोश कर दिया। जब वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई तो फरार हो गया।

किशोरी का घर पास के गांव में है। उसने फोन करके अपनी मां को घटना की जानकारी दी। उसकी मां मौके पर पहुंची और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी की पत्नी बेहोशी की हालत में मिली।

पुलिस ने उसे इलाज के लिए सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित किशोरी की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने आरोपी को थाना क्षेत्र से हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

## परीक्षा पास करें और कॉप ऑफ द मंथ का लें खिताब : आई स्पेशल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस की वर्किंग और आम जनता को राहत देने के लिए लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर की वर्किंग का ऑबजर्वेशन सिस्टम लागू किया गया है। सबसे पहले कमिश्नरेट के साउथ जोन से इसकी शुरूआती की गई है। साउथ जोन के सभी थाना प्रभारियों व चौकी इंचार्ज को इस सिस्टम के तहत शामिल किया गया। जिनकी पुलिस वर्किंग को पूरे मंथ ऑबजेक्टिव इवेल्यूऐशन किया जाएगा। उन्हें पुलिस की वर्किंग पर अंक दिए जाएंगे। जिसके जितने ज्यादा अंक होंगे उन्हें कॉप ऑफ द मंथ के खिताब से सम्मानित भी किया जाएगा।

वर्किंग ऑबजेक्टिव इवेल्यूऐशन सिस्टम लागू साउथ जोन में सभी थाना व चौकी पर तैनात इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर की वर्किंग की ऑबजेक्टिव इवेल्यूऐशन सिस्टम लागू किया है. इससे उनकी वर्किंग में प्रोफेशनलिज्म बढ़ा है। साथ ही टार्गेट ओरियेन्टेड पुलिसिंग बढ़ी है। पुलिस कर्मियों के बीच पोजेटिव कम्पीटिशन को बढ़ा दिया जा रहा है।

**किस कार्रवाई में कितने अंक:** 50 अंक - गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई में, 100 अंक- गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई में, 10 अंक- नई खोली गई हिस्ट्रीशीट खोलने पर, 20 अंक- एनबीडब्लू की गिरफ्तारी, 01 अंक - चार्ज शीट व एफआर, 100 अंक - पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, 200 अंक- आईजीआरएस निस्ताकरण में, 1000 अंक- 14(1) गैंगेस्टर व 107 बीएनएसएस जब्तीकरण की कार्रवाई। 20 अंक- वाहन नीलामी 02 अंक- सीसीटीवी व्यस्थापन 10 अंक- थाना व तहसील दिवस पर आने वाली शिकायतों के निरस्तारण में, 10 अंक- आपरेशन किरन के तहत पारिवारिक समझौता कराने पर, 10 अंक- साइबर क्राइम में रिकवरी, 50 अंक।

## लापता दो नाबालिग बच्चों को किया बरामद

**लखनऊ।** बंथरा पुलिस ने सोशल मीडिया और तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए घर से लापता दो नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक बंथरा के खसरवारा निवासी विमलेश और रामू ने शुक्रवारको बंथरा थाने में सूचना दी कि उनके दो नाबालिग बच्चे बिना बताए घर से कहीं चले गए हैं। पुलिस टीमों के लगातार प्रयासों और प्रभावी रणनीति के परिणामस्वरूप पुलिस ने दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अपने बच्चों को सुरक्षित वापस पाकर परिजनों ने थाना बंथरा पुलिस की त्वरित, संवेदनशील और प्रभावी कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## युवती से मारपीट कर छीना मोबाइल, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** कृष्णानगर थाना क्षेत्र की न्यू इंद्रलोक कालोनी निवासी एक युवती ने अपने सहपाठी पर मारपीट कर मोबाइल फोन छीनने और उसके दुरुपयोग की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। न्यू इंद्रलोक कॉलोनी निवासी महक यादव पुत्री गोविंद यादव का आरोप है कि उनके साथ पढ़ने वाले सरोजनीनगर, बाग नंबर तीन निवासी अनुज यादव ने उनके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया। इतना ही नहीं, आरोपित ने फोन का गलत इस्तेमाल करने की धमकी भी दी। घटना से आहत युवती शनिवार को कृष्णानगर थाने पहुंची और आरोपित सहपाठी के विरुद्ध नामजद शिकायत दर्ज कराई है। कृष्णानगर थाना इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## साइबर जालसाजों ने ठगे 22.29 लाख ठगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने युवक से निवेश के नाम पर 22.29 लाख रुपये ठग लिये। लखनऊ से दिल्ली जाते समय एक युवक से दोस्ती हुई। युवक ने निवेश की योजनाएं बताकर टेलीग्राम के वर्क ग्रुप-8 से जोड़ा। इसके बाद ठगी की। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सैनिक स्कूल सरोजनीनगर के सामने रहने वाले आकाश नसरपुरी के मुताबिक जनवरी 2025 में वह लखनऊ एयरपोर्ट पर दिल्ली जाते समय आयुष नाम के युवक से दोस्ती हुई। आयुष ने उसे एक निवेश योजना के बारे में जानकारी दी। उसने टेलीग्राम के माध्यम से लगातार संपर्क बनाए रखा। बाद में अक्टूबर 2025 में उसे वर्क ग्रुप-8 नामक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। उसे रेस्टोरेंट के ऑन लाइन रिव्यू करने के छोटे-छोटे टास्क दिये गये। पूरा करने पर रुपये खाते में भेजे। आरोपी ने शुरू में एक हजार जमा कराये। जिस पर 1410 रुपये वापस किये। इसके बाद 3,000, 7,000, 20,000, 50,000 और फिर लाखों रुपये तक जमा करवाए गए। आरोप है कि हर बार अधिक मुनाफे का लालच देकर नई रकम मांगी जाती रही।

आरोपी ने क्वाइन 13789.सीसी नाम की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करवाया और अलग-अलग टेलीग्राम आईडी के जरिए संपर्क किया। 'वनिता', गौतम और 'कुमारी' नाम से संचालित आईडी के माध्यम से पीड़ित को लगातार निर्देश दिए जाते रहे। रुपये निकालने की कोशिश की तो अकाउंट फ्रिज कर दिया गया।

आरोपी ने कुल 22,29,500 रुपये जमा कराए। आरोपी चैट और मैसेज डिलीट कर फरार हो गए। इंस्पेक्टर साइबर थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## बैंक खातों से उड़ाये 5.96 लाख

**लखनऊ।** आगामीर ढ्योड़ी निवासी वरुण कुमार के तीन बैंक खातों से जालसाजों ने बिना अनुमति व ओटीपी के 5.96 लाख रुपये साफ कर दिये। जानकारी होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आगामीर ढ्योड़ी निवासी वरुण कुमार के मुताबिक उनका केनरा बैंक में तीन खाता संचालित होता है। 31 जनवरी को उनके तीनों खाते से बिना अनुमति 5,96,004 रुपये की निकासी हुई। खास बात यह रही कि ट्रांजेक्शन के दौरान उन्हें कोई ओटीपी भी प्राप्त नहीं हुआ। वरुण ने इसकी शिकायत साइबर सेल हजरतगंज और ऑन लाइन पोर्टल पर की। इसके बाद भी रकम नहीं वापस हुई।

## गांजा की 163 पुड़िया के साथ महिला गिरफ्तार

**लखनऊ।** नगराम पुलिस ने रविवार को अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए करोरा गांव से एक महिला को गांजा बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम द्वारा ली गई तलाशी में महिला के घर से दो बड़ी और 161 छोटी पुड़िया समेत कुल 163 पुड़िया गांजा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल करने पर बरामद गांजे का कुल वजन 785 ग्राम पाया गया।

थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि आरोपी महिला को मौके से ही गिरफ्तार कर थाने लाया गया, जहां उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। बाद में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज ज्ञानेंद्र सिंह के अनुसार, पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि करोरा गांव में एक महिला घर से चोरी-छिपे गांजा बेच रही है।

## लविवि के छात्रों ने छठवें दिन भी किया प्रदर्शन




**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि, कथित वित्तीय अनियमितताओं तथा छात्रों के निष्कासन के विरोध में चल रहा आंदोलन लगातार व्यापक रूप लेता जा रहा है। रविवार को भी छात्रों का छठवें दिन अनिश्चितकालीन प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन में छात्रनेता अभय सिंह शामिल हुए।

बता दें कि इससे पूर्व शनिवार को आंदोलनरत छात्रों को अयोध्या से सांसद सपा अवधेश प्रसाद एवं पूर्व सांसद पीएल पूनिया ने धरना स्थल पर पहुंचकर छात्रों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं तथा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दर्ज मुकदमें एवं निष्कासन की कार्रवाई पर गंभीर चिंता व्यक्त की। इसी क्रम में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव ने भी आंदोलन को समर्थन दिया और धरना स्थल पर बैठकर छात्रों के साथ एकजुटता व्यक्त की।

छात्रों ने बताया कि वे लंबे समय से शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें उठा रहे हैं, लेकिन संवाद के बजाय उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्रवाई अन्यायपूर्ण और दमनकारी है तथा जब तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा।

# दर्शकों का इतना प्यार मिला, यही सबसे बड़ी खुशी है : सिद्धार्थ गुप्ता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** कृष्णावतारम भाग 1ः हृदयम को मिल रहे शानदार रिस्पॉन्स और दर्शकों के अपार प्यार से पूरी टीम बेहद उत्साहित है। हाल ही में खास बातचीत में फिल्म के कलाकार सिद्धार्थ गुप्ता और संस्कृति जयना ने फिल्म की सफलता, अपने किरदारों की तैयारी, शूटिंग के चुनौतीपूर्ण अनुभव और दर्शकों से मिल रहे स्नेह पर खुलकर बात की।

**फिल्म को इतना अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है, जबकि इसकी प्रमोशन भी ज्यादा नहीं हुई , कैसा महसूस हो रहा है ?**

**सिद्धार्थ गुप्ता :** हम बहुत खुश हैं। हमें लग रहा है कि हमारी मेहनत रंग लाई है। शुरूआत में प्रमोशन का तरीका थोड़ा अलग था। आमतौर पर फिल्मों की रिलीज से पहले बहुत प्रमोशन होता है, लेकिन हमारी फिल्म का वर्ड ऑफ माउथ इतना अच्छा गया कि रिलीज के बाद हमने प्रमोशन और बढ़ाया। यह सब बहुत रियल नहीं लगता है. एक-एक छोटी जीत मिलती गई—पहले फिल्म मिलना, फिर उस पर अच्छा काम करना, फिर रिलीज होना और अब दर्शकों का इतना प्यार , यही सबसे बड़ी खुशी है।

**संस्कृति जयना :** यह एहसास सचमुच अविश्वसनीय है। हम हर दिन अलग-अलग जगहों पर जा रहे हैं, लोगों से मिल रहे हैं, इसलिए अभी तक पूरी तरह समझ ही नहीं पा रहे कि आखिर क्या हो रहा है. लेकिन जो प्यार और सराहना मिल रही है, वह बेहद सुखद है. हम इस प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं और सबसे ज्यादा आभार महसूस कर रहे हैं. यह हमारी मेहनत और समर्पण का फल है।

**आप की बहुत तारीफ हो रही है , किस तरह से तैयारी की ?**

सिद्धार्थ गुप्ता : मैंने पहले से कुछ तय नहीं किया था कि आंखों से ऐसा करूंगा या वैसा. मेरी पूरी तैयारी किताबों और वर्कशॉप्स के जरिए हुई , मैं किरदार को भीतर से महसूस करने की कोशिश कर रहा था—वह कैसे बोलेगा, कैसे सांस लेगा और उसकी आंखों में क्या भाव होंगे। जब तैयारी मजबूत होती है, तो अभिव्यक्ति स्वाभाविक रूप से सामने आती है , वही भाव स्क्रीन पर नजर आए।

**जब आपको पहली बार यह रोल ऑफर हुआ था, क्या आपने सोचा था कि इतना बड़ा रिस्पॉन्स मिलेगा ?**

**संस्कृति जयना :** सच कहूं तो शुरूआत में मुझे यकीन ही नहीं हुआ था , मैं अपनी ही दुनिया में थी कि क्या यह सच में हो सकता है। हम दोनों लंबे समय से मुंबई में संघर्ष कर रहे थे और जानते थे कि नए कलाकारों को इतना बड़ा अवसर आसानी से नहीं मिलता। जब निर्देशक ने पहली बार मुझे यह किरदार समझाया और अपना विजन दिखाया, तब मुझे लगा कि यह फिल्म बहुत बड़ी बनने वाली है। मैंने अपने परिवार से भी कहा था कि फिल्म तो जरूर बनेगी, लेकिन शायद हमारे साथ नहीं. आज भी यकीन नहीं होता कि हम इसका हिस्सा बने।

**सिद्धार्थ गुप्ता :** मेरे साथ भी कुछ ऐसा ही था , शुरूआत में मुझे भी इस बात पर विश्वास नहीं हो रहा था।

**कृष्ण का किरदार निभाना कितना चुनौतीपूर्ण था क्या कोई दबाव था ?**

**सिद्धार्थ गुप्ता :** शुरूआत में मैं उस दबाव से थोड़ा अनजान था। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान मुझे कान्हा से प्यार हो गया। मैंने इस किरदार के लिए सिर्फ पढ़ाई की—ग्रंथ पढ़े, वेद पढ़े, शास्त्र पढ़े। मैंने किसी पुराने को नहीं देखा , जो कुछ भी बनाया, अपनी समझ और पढ़ाई के आधार पर बनाया। शायद इसी वजह से मैं दबाव महसूस नहीं कर पाया। अब जब फिल्म रिलीज हो चुकी है, तब समझ आ रही है कि यह कितना बड़ा किरदार है। मैं मानता हूं कि हम किरदार नहीं चुनते, बल्कि किरदार हमें चुनते हैं। मैंने इस भूमिका को पूरी ईमानदारी और पूरी गंभीरता के साथ निभाया है।

**आपके लिए सत्यभामा का किरदार निभाने का अनुभव कैसा रहा ?**

**संस्कृति जयना :** यह मेरे लिए बेहद संतोषजनक अनुभव रहा. हमारी युवा पीढ़ी कई ऐसी कहानियों से अनजान है. जैसे हम छोटी दिवाली तो मनाते हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि इसका संबंध सत्यभामा और भगवान कृष्ण द्वारा नरकासुर वध से है , जब मुझे यह किरदार मिला, तो मैंने जिम्मेदारी महसूस की कि उनकी कहानी पूरी ईमानदारी से लोगों तक पहुंचाऊं। एक कलाकार के तौर पर यह मेरे लिए बेहद रोमांचक अनुभव था।

**मथुरा में ट्रेलर लॉन्च का अनुभव कैसा रहा ?**

**सिद्धार्थ गुप्ता :** वह पल मेरे लिए बेहद अविश्वसनीय था. हमें बताया गया कि कृष्ण जन्मभूमि में इस तरह का ट्रेलर लॉन्च पहले कभी नहीं हुआ था , वहां की ऊर्जा ही बिल्कुल अलग थी। ऐसा महसूस हुआ जैसे यह सिर्फ फिल्म का प्रमोशन नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा का हिस्सा हो।

**संस्कृति जयना :** हमारे निमार्ता का विजन बहुत साफ था। वह इसे किसी मॉल या थिएटर में लॉन्च नहीं करना चाहते थे , क्योंकि यह फिल्म भक्तों के लिए बनाई गई है. हमने गौशाला गए, मां यशोदा से जुड़े स्थानों पर समय बिताया।

**शूटिंग के दौरान सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा क्या था ?**

**संस्कृति जैनः** गुजरात का शेड्यूल काफी चुनौतीपूर्ण रहा. 45-47 डिग्री तापमान, भारी-भरकम कॉस्ट्यूम्स और भावनात्मक रूप से गहन दृश्य—इन सबके बीच ग्रीन स्क्रीन के साथ काम करना आसान नहीं था , लेकिन यह मेरे लिए एक बेहतरीन सीखने वाला अनुभव साबित हुआ।

**सिद्धार्थ गुप्ताः** अगर उस समय हम तनाव लेते, तो हमारी परफॉर्मेंस पर असर पड़ता. हम बस उस पल को जी रहे थे और अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान दे रहे थे , बाद में एहसास हुआ कि हमने कितना बड़ा और खास काम किया है।

**क्या यह फिल्म सिर्फ कमाई के लिए है या इसके पीछे कोई बड़ा उद्देश्य है ?**

**सिद्धार्थ गुप्ताः** यह फिल्म सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं है. इसका उद्देश्य हमारी संस्कृति और इतिहास को मनोरंजक अंदाज में लोगों तक पहुंचाना है। अगर दर्शक इससे जुड़ते हैं और कुछ सीखते हैं, तो वही इसकी सबसे बड़ी सफलता होगी।

**संस्कृति जैनः** यह फिल्म पूरी तरह श्रद्धा और समर्पण के साथ बनाई गई है , लेकिन हां, इसका अच्छा प्रदर्शन करना भी जरूरी है, क्योंकि नए कलाकारों को ऐसी बड़ी अवसर तभी मिलते हैं जब फिल्में सफल होती हैं।

**दर्शकों के लिए आपका संदेश ?**

**सिद्धार्थ गुप्ताः** जिन लोगों ने फिल्म देख ली है, उनका दिल से धन्यवाद , और जिन्होंने अभी तक नहीं देखी है, उनसे बस यही कहना चाहूंगा कि इसे जरूर देखें। अगर आपने इसे 8-9 बार देख लिया है, तो 10वीं बार भी जरूर देखिए।

**संस्कृति जैनः** हम बेहद आभारी हैं कि लोगों ने हमारी मेहनत और हमारी नीयत को समझा और सराहा , हमने इस फिल्म को पूरे दिल और समर्पण के साथ बनाया है। यह हमारी संस्कृति और इतिहास से जुड़ी कहानी है, जिसे हर किसी को जरूर देखना चाहिए।

# जिसके हृदय में राम हैं वही बड़ा है : रामभद्राचार्य

## श्रीराम कथा का सप्तम दिवस, केवट प्रसंग के माध्यम से सुनाई भक्ति की महिमा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने श्रीराम कथा के सप्तम दिवस केवट प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि हमारे वेदों, इतिहास, पुराणों और श्रुतियों में कहीं भी ऊंच-नीच की भावना नहीं है। भारतीय संस्कृति में जिसके हृदय में राम नहीं हैं वह छोटा है और जिसके हृदय में राम हैं वही बड़ा है। सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में चल रही श्रीराम कथा में उन्होंने कहा कि भक्ति मुक्ति से बड़ी होती है और मोक्ष से भी श्रेष्ठ होती है। रावण, कंस और शिशुपाल जैसे असुरों को भी मोक्ष प्राप्त हुआ किंतु उन्हें भक्ति नहीं मिली।

पादसेवन भक्ति की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि भक्ति गंगा है, विद्या नाव है और विद्वान केवट है। रामभक्ति प्राप्त हो जाए तो विद्या पर स्वयं ब्रह्म विराजमान हो जाता है। रामभद्राचार्य ने आवा हो मोरे नाव के खेवैया तथा राघव तुम बिन सूनी मोरी नैया जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया और श्रोता देर तक भजनों के साथ झूमते रहे। उन्होंने कहा कि लखनऊ को भगवान लक्ष्मण ने बसाया और लाखन पासी ने सजाया। लाखन पासी का नाम भी लक्ष्मण के नाम पर ही पड़ा।

लक्ष्मण टीला प्रकरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वह उस दिन लक्ष्मण टीला का दर्शन करेंगे जब वहां भगवान लक्ष्मण का भव्य मंदिर बन जाएगा। उन्होंने कहा कि हम किसी के विरोधी नहीं हैं और सह-अस्तित्व में विश्वास करते हैं। किंतु भारत में रहना है तो वंदे मातरम कहना होगा और राष्ट्रगीत गाना पड़ेगा। बाबर और अकबर के नहीं रघुवर के होकर रहो। भारत में रहने वालों को राष्ट्र और उसकी सांस्कृतिक अस्मिता का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण नहीं पुष्टिकरण की बात की जानी चाहिए। साथ ही अपनी संस्कृति और सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए सभी को संस्कृत सीखने का आह्वान किया। कथारंभ के समय तुलसीपीठ के आचार्य रामचंद्र दास ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। कथा के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी भारत दीक्षित, यूपी पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य लक्ष्मण चौधरी, न्यायमूर्ति अनिल कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल, आंजनेय पीठाधीश्वर स्वामी रामानुजाचार्य सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा आरंभ होने से पूर्व विधायक डा. नीरज बोरा ने व्यवस्था से जुड़े कार्यकताओं, सोशल मीडिया टीम एवं इन्फ्लुएंसर्स को सम्मानित किया। उन्होंने श्री श्याम परिवार, मारवाड़ी युवा मंच, सिविल डिफेंस, बोरा फाउंडेशन, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन तथा उत्सव संस्था के कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हजारों श्रद्धालुओं के बीच कथा के सफल संचालन में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मीडिया प्रभारी डा. एस.के. गोपाल ने बताया कि सोमवार को आठवें दिवस की कथा सायं 5 बजे से आरंभ होगी। मंगलवार को अंतिम दिवस की कथा प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। दोपहर बाद भंडारे का आयोजन होगा।

# फिल्म 'मिस्टर रंगबाज' व 'गंगा गोमती' का पोस्टर लॉन्च

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** पल्लव चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी एवं भव्य फिल्म्स प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वावधान में होटल द लिली विलास, कृष्णानगर, लखनऊ में इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड्स-2026 (सीजन-4), सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा बॉलीवुड एवं भोजपुरी फिल्म कलाकारों के भव्य समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में समाज, शिक्षा, चिकित्सा, पत्रकारिता, फिल्म, संगीत, व्यापार एवं समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 151 विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भव्य फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले आगामी दो फिल्मों मिस्टर रंगबाज एवं गंगा गोमती का पोस्टर लॉन्च किया गया। दोनों फिल्मों का मुहूर्त 25 अक्टूबर 2026 को राजधानी लखनऊ में किया जाएगा। बॉलीवुड अभिनेता सुनील रॉकी इन दोनों फिल्मों में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। दोनों फिल्मों की शूटिंग एक साथ दीपावली के बाद शुरू हो जायेगी। दोनों फिल्मों को फरवरी एवं मार्च 2027 में सभी सिनेमा घरों में फिल्म को रिलीज किया जायेगा। पल्लव चैरिटेबल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड्स (सीजन - 4) में 151 विभूतियों को इंडिया एक्सीलेंस अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह को आमंत्रित किया गया था, किंतु लखनऊ से बाहर होने के कारण वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी एवं विधान परिषद सदस्य अरविंद त्रिपाठी (गुड्डू भैया) तथा पूर्व महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया डॉ. राजेश्वर सिंह के जनप्रतिनिधि रमाशंकर त्रिपाठी एवं पार्षद के.एन. सिंह उपस्थित रहीं जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत जेएमडी ग्रुप के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। एस.के. सक्सेना ने ना मुंह छिपा कर जियो और न सर झुका कर जियो गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। योग प्रस्तुति में कोमल जायसवाल तथा नृत्य प्रस्तुति में अर्शी कश्यप एवं युवराज सिंह ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में टीवी एवं फिल्म अभिनेत्री प्रियंका चौहान (भाभी जी घर पर हैं एवं हप्पू की उलटन-पुलटन फेम) सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शामिल हुईं। उनके साथ उपस्थित अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सेल्फी लेकर कार्यक्रम की यादों को संजोया। दिव्यांग सिंगर शबाब अली ने गीत सुना कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

# फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का दमदार प्रोमो हुआ रिलीज

लखनऊ। जी स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत और एमआईजी प्रोडक्शंस एंड स्टूडियोज के सहयोग से बनी फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का दमदार और सोचने पर मजबूर कर देने वाला प्रोमो रिलीज कर दिया गया है। 24 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही यह फिल्म आज देश के करोड़ों लोगों को प्रभावित करने वाले एक गंभीर लेकिन अक्सर नजरअंदाज किए जाने वाले मुद्दे, खाद्य मिलावट पर प्रकाश डालती है। गंभीर विषय पर आधारित इस फिल्म में काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। गौरतलब है कि फिल्म का यह प्रभावशाली प्रोमो हमारे घरों तक पहुंचने वाले खाने की गुणवत्ता और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। रासायनिक पदार्थों से तैयार की गई सब्जियों और फलों से लेकर दूषित डेयरी उत्पादों और मिलावटी खाद्य सामग्री तक, 'द इंडिया स्टोरी' दिखाती है कि कैसे मुनाफे की दौड़ में लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। दमदार विजुअल्स और प्रभावशाली कहानी के जरिए फिल्म यह उजागर करती है कि खाद्य मिलावट किस तरह गंभीर बीमारियों, लंबे समय तक रहने वाली स्वास्थ्य समस्याओं और यहां तक कि मौतों का कारण बन सकती है। एक सामाजिक रूप से प्रासंगिक और मजबूत विषय पर आधारित यह फिल्म केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों के बीच जरूरी बातचीत शुरू करने का प्रयास भी करती है। हाल ही में रिलीज किया गया यह प्रोमो दर्शकों को ऐसी कहानी की झलक देता है, जो असहज सच्चाइयों को सामने लाती है, व्यवस्था पर सवाल उठाती है और लोगों को यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर वे रोज क्या खा रहे हैं ? काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े के दमदार अभिनय से सजी फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक चेतावनी है, जो समाज को प्रभावित कर रहे इस बढ़ते संकट पर रोशनी डालती है। यह फिल्म मनोरंजन के साथ-साथ एक मजबूत सामाजिक संदेश देने का वादा भी करती है, जिससे दर्शक जागरूक और सतर्क रह सकें। फिल्म के सह-निमार्ता स्वाति विनायक सैंदाने, अनीता जाधव, विनायक सैदानी, कल्पेश शाह, देवयानी खोराटे और प्रेम जोशी हैं।

# पारम्परिक लोककला सांस्कृतिक उत्सव में जीवंत हुई गंगा-जमुनी तहजीब



**लखनऊ।** सेंट्रल नोडल एजेंसी उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से लोक संस्कृति फाउंडेशन, लखनऊ द्वारा मोहन सिंह बिष्ट सभागार, उत्तराखण्ड महापरिषद भवन, कुर्मांचल नगर, लखनऊ में गंगा-जमुनी संस्कृति पर आधारित पारम्परिक लोककला सांस्कृतिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में गंगा-जमुनी तहजीब, भारतीय लोक संस्कृति, कला एवं सामाजिक सौहार्द की अद्भुत झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भारखण्डे संगीत संस्थान की पूर्व कुलपति सम्मानित डा0 पूर्णिमा पाण्डेय एवं अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभागार में उपस्थित कलाकारों, साहित्यकारों एवं दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अतिथियों का स्वागत किया। संस्था के अध्यक्ष श्री दिलीप शुक्ला एवं महामंत्री श्री महेन्द्र सिंह गैलाकोटी द्वारा मुख्य एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने स्वागत संबोधन में महामंत्री श्री महेन्द्र सिंह गैलाकोटी ने कहा कि भारत की वास्तविक पहचान उसकी सांस्कृतिक एकता, विविधता एवं लोक परम्पराओं में निहित है तथा गंगा-जमुनी संस्कृति हमारी साझी विरासत का सबसे सुंदर उदाहरण है। कार्यक्रम का आरम्भ पारम्परिक शास्त्रीय संगीत पर आधारित गणपति वन्दना से हुआ, जिसने सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय एवं सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। इसके उपरान्त प्रस्तुत की गयी गंगा-जमुनी संस्कृति पर आधारित भव्य नृत्य नाटिका गंगा-जमुनी तहजीबद्ध कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। नृत्य नाटिका में यह संदेश अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया कि गंगा और जमुना की तरह भारत की विभिन्न संस्कृतियाँ अलग-अलग होते हुए भी एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। नृत्य नाटिका के संवाद एवं प्रस्तुति में यह भाव विशेष रूप से उभरकर सामने आया कि जहाँ मंदिरों की आरती और मस्जिदों की अजान मिलकर प्रेम, भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश देती हैं, वहीं भारत की संस्कृति विश्व को एकता एवं मानवता का मार्ग दिखाती है। जहाँ प्रेम ही सबसे बड़ा धर्म है, जैसी भावनात्मक पंक्तियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

# गुल्लक 5 के पहले दो एपिसोड ओटीटी पर रिलीज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साल 2019 में शुरू हुआ गुल्लक आज भारत के मोस्ट पॉपुलर और सबसे पसंद किए जानेवाले शोज में शामिल हो गया है। इस शो के अबतक चार पूरे सीजन हो चुके हैं। वहीं, 5वें सीजन के पहले दो एपिसोड आज यानी 05 जून को रिलीज कर दिए गए हैं। मिश्रा परिवार की घर की कहानी एक बार फिर आपके दिलों में उतरने को तैयार है। मिश्रा निवास में पुताई हुई है। अब ये पुताई क्या-क्या रंग लाएगी ये देखना दिलचस्प होगा।

पहले एपिसोड का नाम पुताई है। एपिसोड की शुरूआत अन्नू की मम्मी के एसी वाले कमरे से होती है जहां संतोष मिश्रा, अन्नू मिश्रा और शांति मिश्रा सो रहे होते हैं। अमन पढ़ाई करने के लिए कॉलेज जा चुका है। संतोष मिश्रा ने घर में पुताई का काम चालू करवाया है। वो पुताई वालों को अपने सवालों से परेशान करते भी नजर आते हैं। इधर अन्नू मिश्रा घर पर बैठे मीटिंग अटेंड कर रहे हैं। जैसा कि किसी मिडिल क्लास में होता है, मीटिंग के दौरान शांति मिश्रा और संतोष मिश्रा की बहस छिड़ जाती है और अन्नू मिश्रा घर औ मीटिंग दोनों की बातों में दिलचस्पी लेते नजर आते हैं। मम्मी पापा को सरप्राइज करने के लिए अमन मिश्रा भी अपने घर में आ धमकते हैं। अमन मिश्रा ज्योतिष विद्या में दिलचस्पी लेने लगे हैं। अमन मिश्रा कॉलेज से घर क्यों आए हैं, इसमें किसी राज की बू आ रही है। वहीं, अमन अपने घरवालों से अपनी ज्योतिष विद्या की दिलचस्पी वाली बात भी छिपाए रखने की कोशिश में हैं। पहले ही एपिसोड में मिश्रा परिवार की फेवरेट गुल्लक की जगह भी बदल दी हई है, क्योंकि अब घर में वाईफाई लग गया है। वाईफाई कौन लगाया है, ये जानकर आपको सीजन 1 की याद आ जाएगी। दूसरे एपिसोड का नाम नकली पनीर है। बिट्टू की मम्मी सोशल मीडिया पर वीडियो बनाने की शौकीन हो गई हैं। वो हर वक्त हाथ में कैमरा और स्टिक लिए नजर आती हैं। बिट्टू की मम्मी के इस नए फितूर के बीच मिश्रा परिवार में पिंकी मामा दस्तक देते हैं। बिट्टू की मम्मी और पिंकी मामा का आमना-सामना आपको हंसाएगा। पिंकी मामा मिश्रा जी के लिए पनीर लेकर आए हैं। संतोष मिश्रा पनीर खा ही रहे होते हैं कि बिट्टू की मम्मी कहती हैं कि ये पनीर नकली है। बिट्टू की मां की इतनी सी बात पर पिंकी और संतोष के बीच प्यार भरी नोकझोक शुरू हो जाती है। इधर अन्नू भैया के कभी बॉस रहे शशि रंजन अब उनके कॉम्पटीटर बन गए हैं। अन्नू भैया के सामने रीजनल मैनेजर बनने की रेस है। अब क्या उन्हें प्रमोशन मिलेगा या उन्हें कोई झटका लगेगा। पिंकी मामा बच्चों के बारे में कुछ ऐसी बातें संतोष और शांति मिश्रा को बताते हैं जो उन्हें नहीं पता होती हैं। ऐसे में शांति मिश्रा को चिंता होने लगी है कि अब उनके बच्चे कुछ भी उन्हें बताना जरूरी नहीं समझते हैं।

# प्रदोष व्रत 12 को, भक्त करेंगे शिवजी की आराधना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सनातन परंपरा में भगवान शिव को कल्याण का देवता माना जाता है जो सबसे जल्दी प्रसन्न होकर अपने भक्त पर कृपा बरसाते हैं। औढरदानी कहे जाने वाले भगवान भोलेनाथ की तरह उनकी साधना भी बेहद सरल है।

हिंदू धर्म में शिव साधना के लिए जिस प्रदोष व्रत का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है, जून महीने में पड़ने वाले प्रदोष व्रत का क्या धार्मिक महत्व है ? किस प्रदोष व्रत को करने पर वैवाहिक सुख की प्राप्ति और किस प्रदोष व्रत को करने पर शनि संबंधी दोष दूर होंगे, हिंदू धर्म में प्रत्येक मास के कृष्णपक्ष और शुक्लपक्ष में पड़ने वाली त्रयोदशी तिथि पर औघड़दानी कहलाने वाले भगवान शंकर के लिए प्रदोष व्रत रखने का विधान है. पंचांग के अनुसार सूर्यास्त और रात्रि का संधिकाल प्रदोष कहलाता है. जिस प्रदोष व्रत को भगवान शिव की पूजा के लिए सबसे उत्तम माना गया है, वह जून महीने में पहली बार 12 तारीख को पड़ेगा. पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास के कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि 12 जून 2026 की शाम 07:36 बजे प्रारंभ होकर अगले दिन 13 जून 2026 की शाम 04:07 बजे तक रहेगी। ऐसे में यह प्रदोष व्रत 12 जून 2026 को रखा जाएगा. पंचांग के अनुसार 12 मई 2026 को शुक्रवार का दिन रहेगा, इसलिए देवों के देव महादेव से जुड़ा यह व्रत शुक्र प्रदोष व्रत कहलाएगा. भगवान शिव संग माता पार्वती की पूजा के लिए जिस शुक्र प्रदोष व्रत को सबसे उत्तम माना जाता है, उसकी प्रदोषकाल की पूजा सायंकाल 07:36 से रात्रि 09:20 बजे तक की जा सकेगी।

**शुक्र प्रदोष व्रत का धार्मिक महत्वः** हिंदू मान्यता के अनुसार शुक्रवार के दिन पड़ने वाले शुक्र प्रदोष व्रत को विधि-विधान से करने पर साधक को शिव कृपा से जीवन से सभी सुख भोगने का सौभाग्य प्राप्त होता है. शुक्र प्रदोष व्रत के पुण्य प्रभाव से व्यक्ति के जीवन हमेशा धन-संपदा बनी रहती है और वह सुखी वैवाहिक जीवन जीता है. हिंदू मान्यता के अनुसार शुक्र प्रदोष व्रत महिलाओं के लिए विशेष कल्याणकारी माना गया है।

**प्रदोष व्रत विधिः** प्रदोष व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान इत्यादि से निवित्र होकर शिव पूजा प्रारंभ कर देना चाहिए। पूजा स्थल को गंगा जल से धुलकर पहले पवित्र कर लें। पूजा स्थल पे ही एक मंडप बना लें और पांच रंगों से रंगोली बनाकर एक दीपक जला दें। कुश का आसन हो तो सबसे अच्छा है। पूर्व या उत्तर पूर्व दिशा की तरफ मुख करके बैठ जाना चाहिए। भगवान शिव का पार्थिव बनाकर रुद्राभिषेक या जलाभिषेक करें। व्रत फलाहार रहना है। इस दिन संभव हो तो मंदिर में जाकर शिवलिंग पर जल जरूर चढ़ाएं साथ ही बेलपत्र भी अर्पित करें। शाम में फिर से स्नान करके भगवान शिव की पूजा करें और प्रदोष व्रत कथा सुनें। अंत में आरती करके भगवान को भोग लगाएं।

# 30 जुलाई से शुरू होगी शिव भक्तों की कांवड़ यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सनातन धर्म में कांवड़ यात्रा भगवान शिव के प्रति आस्था, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक मानी जाती है। हर वर्ष सावन माह के आगमन के साथ लाखों शिव भक्त गंगा तटों की ओर प्रस्थान करते हैं और पवित्र गंगाजल लेकर अपने आराध्य महादेव का जलाभिषेक करते हैं।

इस दौरान पूरा वातावरण बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से भक्तिमय हो उठता है। कांवड़ यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि संयम, तपस्या और भक्ति का भी पर्व है, जिसमें श्रद्धालु कठिन यात्रा पूरी कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। वर्ष 2026 में भी सावन के साथ इस पावन यात्रा की शुरूआत 30 जुलाई से होगी, जिसमें देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

**सावन शिवरात्रि पर चढ़ेगा पवित्र गंगाजलः** सावन माह की शुरूआत के साथ ही 30 जुलाई 2026 से कांवड़ यात्रा आरंभ हो जाएगी। इस दौरान लाखों शिव भक्त पवित्र गंगाजल लेकर अपने-अपने शिवालयों की ओर प्रस्थान करेंगे। सावन शिवरात्रि 11 अगस्त 2026 को मनाई जाएगी, जिसे कांवड़ियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इसी अवसर पर श्रद्धालु भगवान शिव का गंगाजल से अभिषेक करेंगे और सुख-समृद्धि तथा मंगलमय जीवन की कामना करेंगे।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन शिवरात्रि पर शिवलिंग पर जल अर्पित करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। कांवड़ यात्रा को श्रद्धालु अपनी क्षमता और संकल्प के अनुसार अलग-अलग तरीकों से पूरा करते हैं। सामान्य कांवड़ यात्रा में भक्त विश्राम करते हुए गंगाजल लेकर शिव मंदिर तक पहुंचते हैं। वहीं खड़ी कांवड़ यात्रा में कांवड़ को पूरे मार्ग में जमीन पर रखने की अनुमति नहीं होती, इसलिए इसे समूह में पूरा किया जाता है। दांडी कांवड़ यात्रा सबसे कठिन मानी जाती है, जिसमें श्रद्धालु दंडवत प्रणाम करते हुए आगे बढ़ते हैं।

इसके अलावा डाक कांवड़ यात्रा भी काफी लोकप्रिय है, जिसमें भक्त बिना रुके तेज गति से गंतव्य तक पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं। कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि अनुशासन और तपस्या का भी प्रतीक है। यात्रा पर निकलने से पहले श्रद्धालु सात्विक जीवनशैली अपनाते हैं और मांसाहार सहित सभी तामसिक पदार्थों का त्याग करते हैं। इसके साथ तामसिक पदार्थों जैसे तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने का संकल्प लिया जाता है। यात्रा के दौरान मन, वचन और कर्म की पवित्रता बनाए रखना आवश्यक माना गया है। शिव भक्त पूरी श्रद्धा, संयम और सकारात्मक सोच के साथ यह यात्रा पूर्ण करते हैं, जिससे भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है।

# डीएम ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

## पारदर्शी व निष्पक्ष परीक्षा के लिए तैयारियां पूरी



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के सफल, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण आयोजन हेतु जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद के सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों का विस्तृत निरीक्षण किया। जनपद में 08, 09 एवं 10 जून को दो-दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए छह परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मूलभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों, स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम तथा परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए उन्हें सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, टेंट व्यवस्था एवं फ्रिस्किंग स्थलों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा एम्बुलेंस तथा सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। समयपालन एवं अनुशासन में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कक्ष निरीक्षकों के ब्रीफिंग सत्र में जिलाधिकारी ने समयपालन को अनिवार्य बताते हुए सीटिंग प्लान एवं अन्य तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं निष्पक्षता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता अक्षम्य होगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह पुलिस क्षेत्राधिकार रणधीर मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# भूमि विवाद निपटने के लिए एक माह चलेगा विशेष अभियान

मीरजापुर। भूमि विवादों के निपटारे में अब हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन ने तहसील क्षेत्र के हर गांव में लंबित भूमि संबंधी शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए आगामी एक जून से 30 जून तक एक माह का विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

इस अभियान के तहत आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निस्तारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की निगरानी में होगा और तय समय सीमा में निपटारा न करने वाले संबंधित अधिकारियों पर सख्त विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।?शासन ने निर्देश दिए हैं कि आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विवादों का निस्तारण करते समय मुख्य रूप से यह देखा जाएगा कि क्या मामले का मौके पर वास्तविक समाधान हो गया है या फिर धरातल पर भौतिक सत्यापन की आवश्यकता है। साथ ही, उन प्रकरणों को भी चिह्नित किया जाएगा जिनमें अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है अथवा जो शिकायतें भूमि विवाद के दायरे से बाहर की हैं।?अभियान की सफलता के लिए।उपजिलाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे अपने तहसील क्षेत्र के हर गांव से जुड़ी शिकायतों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें। निपटारे की गुणवत्ता का साप्ताहिक आकलन किया जाएगा और यदि किसी अधिकारी द्वारा तथ्यहीन आख्या लगाकर पल्ला झाड़ने की कोशिश की गई, तो इसे गंभीर प्रशासनिक चूक मानते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि फरियादियों को न्याय के लिए दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। तहसीलदार दीक्षा पांडे ने कहा कि इस अभियान को पूर्णतः सफल किया जाएगा और किसी भी परिवार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मयंक और अभिनव सिंह ने जिले का बढ़ाया मान



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जेईई एडवांस्ड की परीक्षा में दो होनहारों ने जिले का नाम रौशसन किया। मयंक सिंह ने जहां ऑल इंडिया रैंक 4088 रैक प्राप्त किया वही अभिनय सिंह ने 4634 रैक हासिल किया । सुरेरी क्षेत्र के सिठुपुर गांव निवासी मेधावी छात्र अभिनव सिंह ने 4634 रैक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

परिणाम घोषित होने के बाद पहली बार रविवार सुबह गांव पहुंचे अभिनव सिंह का परिजनों, शुभचिंतकों और ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। लोगों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अभिनव के पिता दीपक सिंह उर्फ दीपू सिंह, जो श्री सहदेव इंटर कॉलेज, भोड़ा में अध्यापक ने बताया कि अभिनव शुरू से ही पढ़ाई के प्रति बेहद गंभीर, अनुशासित और मेहनती रहे हैं। उनकी प्रारंभिक एवं इंटरमीडिएट की शिक्षा जयपुरिया स्कूल, बाबतपुर से हुई है। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम के बल पर अभिनव ने यह सफलता हासिल की है। पुत्र की इस उपलब्धि से पूरा परिवार गौरवान्वित है। इसी प्रकार बरसठी थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बबुरीगांव, बिलौना कला निवासी मयंक सिंह ने मात्र 17 वर्ष की आयु में 4088 रैक प्राप्त की है। उनकी इस शानदार सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।मयंक सिंह के पिता चंद्रशेखर सिंह पेशे से शिक्षक हैं, जबकि माता निधि सिंह गृहिणी हैं। मयंक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद जौनपुर के परमानंदपुर उमरपुर स्थित अपने ननिहाल में रहकर लगातार मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई की।

कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर उन्होंने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। सफलता के बाद मीडिया से बातचीत में मयंक सिंह ने बताया कि उनकी सफलता का सबसे बड़ा मंत्र कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच और भगवान पर अटूट विश्वास रहा है। लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया तथा फूल-मालाओं से लादकर सम्मानित किया। गांव के युवाओं और छात्रों ने भी मयंक की उपलब्धि को प्रेरणादायक बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बालक की मौत

आजमगढ़। जनपद के महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के यूसुफपुर (रूपयनपुर) गांव में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार आदित्य निषाद (12) पुत्र स्वर्गीय निषाद अपने घर के सामने सड़क किनारे साइकिल चला रहा था। इसी दौरान मिट्टी लादकर जा रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि बालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। मृतक की मां अपने बेटे का शव देखकर बेसुध हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से मिट्टी खनन और ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते ऐसे वाहनों पर अंकुश लगाया गया होता तो यह हादसा टाला जा सकता था। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार गांव से गुजरने वाले मार्ग से प्रतिदिन मिट्टी का खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से परिवहन किया जाता है। आरोप है कि चालक तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं, कई बार मोबाइल या हेडफोन का इस्तेमाल भी करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस संबंध में वाहन चालकों और मालिकों को चेतावनी दी गई, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर-ट्रॉली रूपयनपुर निवासी योगेंद्र यादव पुत्र कल्पू यादव की है, जिसे उनका पुत्र सत्यम यादव चला रहा था। बताया गया कि वाहन पर पंजीकरण संख्या भी अंकित नहीं थी। ग्रामीणों ने बताया कि आदित्य दो भाइयों में बड़ा था। उसके पिता का तीन वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। परिवार का भरण-पोषण उसकी मां ही करती है। बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मृतक की मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं परिजनों ने दोषी चालक, वाहन मालिक तथा अवैध खनन से जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और आर्थिक सहायता की मांग की है।

# सीएम से मिला शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल



जौनपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह और राज बहादुर सिंह चंदेल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी एवं संयुक्त महामंत्री अमित सिंह शामिल रहे। वार्ता के दौरान शिक्षक नेताओं ने मुख्यमंत्री का ध्यान सर्वोच्च न्यायालय के एक हालिया आदेश की ओर आकर्षित किया, जिससे लंबे समय से विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे टेट प्रभावित शिक्षकों के भविष्य पर संकट मंडराने लगा है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मांग की कि इन कार्यरत शिक्षकों के लंबे सेवा अनुभव को आधार मानते हुए, उन्हें वेटेज दिया जाए और एक विशेष विभागीय टेट परीक्षा आयोजित कर उनकी सेवाओं को पूर्ण रूप से सुरक्षित किया जाए।

# हादसे के बाद ट्रक चालक केबिन में फंसा

जिला संवाददाता(vol)



जौनपुर। मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रामदयालगंज में रविवार तड़के हुए एक सड़क हादसे में ट्रक चालक वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गया।

सूचना मिलते ही फायर विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान चलाया और काफी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। रामदयालगंज क्षेत्र में एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ट्रक का चालक रामलाल पुत्र राजाराम केबिन के अंदर बुरी तरह फंस गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से दो अलग-अलग फायर यूनिटों को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।मौके पर पहुंची फायर टीम ने देखा कि ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था और चालक केबिन में गंभीर रूप से फंसा हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चालक को बिना किसी अतिरिक्त नुकसान के सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता प्राप्त की।राहत एवं बचाव अभियान के दौरान स्थानीय पुलिस तथा पीआरवी की टीम भी मौके पर मौजूद रही। चालक को बाहर निकालने के बाद तत्काल एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया, जहां उसका चिकित्सकीय परीक्षण और इलाज किया गया।

# 'सीएम-युवा' योजना से चमकी महफूज की तकदीर

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश का आत्मनिर्भर युवा आत्मनिर्भर भारत का आधार बने इसी मूलमंत्र के साथ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) योजना युवाओं के सपनों को उड़ान देने में मील का पत्थर साबित हो रही है। योजना की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले महफूज रोजगार के लिए कभी सऊदी अरब जाने की सोच रहे थे। लेकिन 'सीएम-युवा' योजना से लाभान्वित होकर वे अब आधुनिक सैलून का संचालन कर रहे हैं। महफूज ने प्रतिमाह मोटा मुनाफा कमाने के साथ ही 3 युवाओं को रोजगार भी दे रखा है।

सदर तहसील क्षेत्र के खजुरी गांव निवासी महफूज अंसारी बताते हैं कि रोजगार के लिए उनके गांव के आधा दर्जन से अधिक लोग सऊदी अरब गए हैं और वहां पर नाई का काम कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। इसलिए उन्होंने भी स्नातक तक शिक्षा ग्रहण करने के बाद सऊदी अरब जाने की चाह के चलते गांव के पास में ही हेयर कटिंग का काम सीखा। इसी बीच उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सीएम-युवा योजना के बारे में पता चला। जिसके बाद उन्होंने जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में आवेदन किया और सरकार की मदद से उन्हें 5 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध हो सका। जिसके बाद उन्होंने पक्का पोखरा इलाके में किराए पर दुकान ली व दुकान में आधुनिक साज-सज्जा के साथ सैलून चेयर, हेयर शैम्पू चेयर इत्यादि वाराणसी से मंगाकर स्थापित की। महफूज बताते हैं कि दुकान खोलने के बाद उन्हें बहुत अच्छा मुनाफा हो रहा है। सभी खर्च निकालने के बाद उन्हें 30 हजार रुपये प्रतिमाह की आमदनी हो रही है जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण अच्छे से कर पा रहे हैं। उन्होंने अपनी दुकान में तीन अन्य लोगों को रोजगार भी दे रखा है जो प्रतिमाह 15 हजार रुपये तक कमाते हैं। मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए महफूज कहते हैं कि यह योजना उन युवाओं के लिए बहुत मददगार है जो जीवन में कुछ करना चाहते हैं। मैंने मेहनत की और सरकार की मदद से मैं आत्मनिर्भर बना हूं। लेकिन मुझे यहीं नहीं रुकना है। जल्द ही जिले में कई अन्य स्थानों पर सैलून खोलने की योजना है।

## ब्याजमुक्त ऋण से सपनों की राह होती आसान

जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र (डीआईसी) के उपायुक्त संदीप कुमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को बिना गारंटी और 100 फीसदी ब्याज मुक्त ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाना है। बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में 764 लाभार्थी युवाओं को 263.63 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया। इसी तरह वर्ष 25-26 में 2027 युवाओं को 8 करोड़ 98 लाख 66 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया। वर्ष 26-27 में 66 युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए 35 लाख 84 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया। इस योजना के तहत अभी तक 11 करोड़ 98 लाख 13 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कुल 2867 लाभार्थियों में 2007 पुरुष लाभार्थी व 860 महिला लाभार्थी हैं।

# युवती व बालिका को भगाकर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार



मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के एक निवासी 19 वर्षीया युवती और 13 वर्षीया बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने वाले युवक को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इस संबंध में युवती के पिता ने शादी करने के उद्देश्य से बेटी और गांव निवासी बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए गांव निवासी युवक के विरुद्ध बीते 4 जून को मुकदमा दर्ज कराया था। दी गई तहरीर में युवती के पिता ने आरोप लगाया था कि बीते तीन जून की रात 11 बजे के करीब बेटी गांव निवासी बालिका के साथ शौच के लिए घर से बाहर गई थी उसी दौरान युवक दोनों को शादी करने के उद्देश्य से बहला फुसलाकर भगा ले गया। युवती के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित युवक की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को एसआई रमेश यादव, कांस्टेबल दीपक कुमार, महिला कांस्टेबल ज्योति ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ऊंटी गांव स्थित गड़बड़ा पुल के पास से आरोपी श्रीराम उर्फ शिवा निवासी मलीपुर नौगवां को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि युवती व बालिका को भगाकर ले जाने वाले आरोपी श्रीराम उर्फ शिवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## संक्षेप

### खिलाड़ियों का मंडलीय चयन आज

आजमगढ़। सुखदेव पहलवान स्पोर्टस स्टेडियम में आठ जून को मंडलीय चयन/ ट्रायल चयन सुबह दस से किया जायेगा। उक्त चयन ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले बाल खिलाड़ियों की जन्मतिथि एक जनवरी 2012 से 31 दिसंबर 2013 के मध्य होना चाहिए। सब जूनियर बालक बाक्सिंग खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाण पत्र एवं जन्मतिथि के साथ छाया प्रति संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य से प्रमाणित कराकर लाना अनिवार्य है। जनपदीय चयन ट्रायल्स में केवल जिले के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी 10 से 13 जून तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय, सहारनपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक बाक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में क्षेत्रीय खेल कार्यालय, आजमगढ़ में संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

### प्रेमिका से शादी के लिए टावर पर चढ़ा युवक

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के इमलो पाण्डेयपट्टी गांव में स्थित रविवार को एक प्रेमी प्रेमिका से शादी की जिद पर टावर पर चढ़ गया। अधिकारियों व परिजनों के बार बार मोबाइल पर बात करने के बाद भी वह टावर से नीचे नही उतरा। हालांकि साढ़े तीन घण्टे बाद वह शादी के आश्वासन पर नीचे उतराक्षेत्र के उत्तरगावं निवासी पवन निषाद 21 वर्ष पुत्र रामदवर निषाद घर से तीन किमी दूर स्थित गांव में स्थित टावर पर चढ़ गया।उसने अपने परिचितों को मोबाइल से सूचना दिया।सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। थानाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी मय फोर्स मौके पर पहुंच कर युवक को समझाने का प्रयास किये।परन्तु पवन निषाद ने उनसे मोबाइल पर बात किया।उसने कहा वह केराकत के पसेवा गांव की एक लड़की से प्यार करता है।जब तक लड़की आकर उसे शादी का आश्वासन नही देती है तब तक वह नीचे नही उतरेगा।यह जानकारी एसओ ने अधिकारियों को दिया। सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता, एसडीएम सदर योगिता ,थानाप्रभारी लाइनबाजार के के सिंह, कोतवाल शहर अनिता सिंह, थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर, फायर विभाग सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गए सभी युवक को समझाते रहे। वह नही माना। जिसके बाद थानाध्यक्ष ने उक्त प्रेमिका के घर से उसके चचेरे भाई को मौके पर बुलवाया।उसके बाद सीओ गोल्डी गुप्ता ने मोबाइल फोन से पहले युवक के माँ बाप तथा उसके बाद प्रेमिका के चचेरे भाई से बात करवाया।जिसके बाद युवक नीचे उतरा।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

जौनपुर। मछलीशहर कोतवाली चेत्र के सरायसुसुफ गांव में ननिहाल आए युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। युवक सरायसुसुफ गांव ननिहाल से प्रयागराज अपने पिता के पास बाइक से वापस लौट रहा था तभी परसुपुर गांव स्थित हाइवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। सारयसुसुफ निवासी युवक के मामा बाबा रमेश यादव एडवोकेट ने बताया कि उनका भांजा 32 वर्षीय सर्वेश उर्फ अंकुर उनके घर आया था। क रात वह रात में अपने पिता के पास झूसी प्रयागराज बाइक से जा रहा था देर रात जब वह रायबरेली हाइवे पर स्थित परसुपुर गांव के पास पहुंचा था कि तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने धक्का मारा जिससे युवक घायल होकर गिर गया। वाहन घटना को अंजाम देकर मौके से भाग निकला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक दम तोड़ चुका था। शव को कब्जे में लेकर पुलिस वापस थाने पर लौट आई। रविवार को पिता उदयराज यादव निवासी थाना फतनपुर गांव कमासिन की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मृतक प्रयागराज किला में सर्विस करता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर की चेकिंग

आजमगढ़। पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर रविवार को आजमगढ़ रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चला। सोमवार से पुलिस भर्ती परीक्षा प्रारम्भ हो रही है। आरपीएफ निरीक्षक नासिर हुसैन उप निरीक्षक धर्मराज, उप निरीक्षक हेमन्त कुमार यादव सहित डाग स्क्वायड की टीम ने स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जांच की। प्लेटफार्म पर यात्रियो के सामान, की जांच की। आने-जाने वाली ट्रेन के अंदर भी पुलिस और डागस्क्वाड की टीमो ने जांच की। सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म, यात्रीहाल, टिकट हाल, आने जाने वाली ट्रेनों में सघनता पूर्वक चेकिंग की गयी।

# तैयारियां तेज, सिपाही भर्ती परीक्षा आज से

जौनपुर। जिले के में 8 से 10 जून तक आयोजित होने वाली यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर कुल 56,880 अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। प्रशासन और परिवहन निगम ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। अभ्यर्थियों के आवागमन में कोई परेशानी न होने के निर्देश दिए थे। इसके बाद रोडवेज विभाग ने एक विशेष कार्ययोजना तैयार की है। यह योजना रविवार शाम 5 बजे से 10 जून की रात 12 बजे तक प्रभावी रहेगी। इस कार्ययोजना के तहत रोडवेज प्रशासन ने प्रत्येक रूट पर बसों की संख्या बढ़ा दी है। आवश्यकतानुसार विभिन्न मार्गों पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। परीक्षा अवधि के दौरान प्रमुख रूटों पर बसों के फेरे भी बढ़ाए जाएंगे, जिससे अभ्यर्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी।

# गुम मोबाइलों को बरामद कर पुलिस ने स्वामियों को लौटाया

आजमगढ़। जनपद में खोए और गुम हुए मोबाइल फोन बरामद करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आजमगढ़ पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में संचालित अभियान के अंतर्गत मई 2026 के दौरान कुल 448 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 94 लाख रुपये है। पुलिस के अनुसार गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जाती है, जिसके आधार पर मोबाइल फोन की खोज और बरामदगी की कार्रवाई की जाती है। इसी क्रम में बरामद किए गए मोबाइल फोन रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन आजमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन द्वारा उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। पुलिस विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक 1407 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 3 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपये आंकी गई है। वहीं फरवरी 2024 से शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत पिछले 28 महीनों में कुल 4650 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को वापस सौंपे गए हैं। इन मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत 11 करोड़ 22 लाख रुपये से अधिक बताई गई है। आजमगढ़ पुलिस की इस पहल से जहां लोगों को राहत मिल रही है, वहीं सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में भी लगातार सफलता मिल रही है।

# प्रदर्शनी का डीएम ने किया निरीक्षण

जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. द्वारा बीआरपी कॉलेज के मैदान में आयोजित प्रदर्शनी का आकस्मिक निरीक्षण शनिवार देर सायं किया गय जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए प्रदर्शनी के प्रबंधक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निर्देशित किया कि प्रदर्शनी स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए तथा झूलों एवं अन्य उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बड़े झूलों एवं अन्य संरचनाओं की पीडब्ल्यूडी द्वारा जांच कराए जाने तथा सीसीटीवी व्यवस्था क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। आयोजन स्थल की नियमित साफ सफाई भी कराई जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी वालंटियर्स एवं कर्मचारियों के पहचान पत्र अनिवार्य रूप से बनाए जाएं तथा विद्युत पोल एवं वायरिंग की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मेले में अग्निशमन व्यवस्था को दुरुस्त रखने तथा फायर सेफ्टी उपकरण मानक के अनुरूप स्थापित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी स्थल पर साफ-सफाई, शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था एवं पेयजल उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खान-पान की गुणवत्ता के संबंध में उपस्थित लोगों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की दुकानों पर रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए और कहा कि किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 परमानंद झा सहित अन्य उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारी, अन्य कर्मचारी, आमजन उपस्थित रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर विजयगढ़ वाटिका में समारोह



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज नगर स्थित विजयगढ़ वाटिका में रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में जनपद सहित आस-पास के जिलों से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष रामसेवक पाल अखिल भारतीय पाल महासभा सोनभद्र की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि जे0पी0 धनगर ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवजोर पाल विजय बहादुर पाल सुभाष पाल व जिले के पदाधिकारी कृष्ण कुमार पाल (जिला महामंत्री अखिल भारतीय पाल महासभा सोनभद्र) राजू पाल प्रधान डोहरी (जिला उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पाल महासभा सोनभद्र) ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से समिति के पदाधिकारी करन पाल, आशीष पाल, अजीत पाल विकास अधिकारी ह्यएलआईसीह्न अरविंद पाल, अजय पाल व समिति के सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण, अंगवस्त्रम्व लोकमता अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राजेंद्र पाल, अध्यक्ष प्रदूषण बोर्ड उत्तर प्रदेश, डॉ. शिवजोर पाल, पूर्व प्रत्याशी मड़िहान विधानसभा तथा विजय बहादुर पाल आचार्य, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जे.पी. धनगर ने अपने संबोधन में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, संघर्ष, न्यायप्रिय शासन, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर केवल एक शासक नहीं बल्कि जनसेवा, नारी सशक्तिकरण और लोककल्याण की सशक्त प्रतीक थीं। उन्होंने समाज को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथियों ने भी लोकमाता के त्याग, बलिदान, धर्मनिष्ठा और समाजोत्थान के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को शिक्षा, संगठन और सामाजिक समरसता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में अनेक मंदिरों, घाटों और धर्मस्थलों का निर्माण एवं पुनर्निर्माण कराया तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

# रासलीला का श्रद्धालुओं ने लिया आनंद

सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित रामसरोवर पर मंदिर प्रांगण में रविवार को तीसरे दिन नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ में प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। आरती पूजन के दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारों से गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं वृंदावन से आए कलाकारों की रात्रि में रासलीला का श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। कार्यक्रम के संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज के तीसरे दिन आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी व अमरेश तिवारी द्वारा नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ में पूजन व आरती कराया गया। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया। यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं रात्रि में वृंदावन से आए कलाकारों ने रासलीला का मंचन किया, जिसका श्रद्धालुओं ने खूब आनंद लिया। भिखारी बाबा ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार, चिंता मौर्य, शुभराम महाराज, राजेंद्र महाराज, मुन्ना बाबा, रामखेलावन, परमानंद, रमेश कुमार, कालो देवी, विमला देवी, शशि देवी आदि मौजूद रही।

संक्षेप

## तेज रफ्तार गाड़ी ने बच्चे को कुचला

**मथुरा।** कोतवाली छाता क्षेत्र के ग्राम खानपुर में रविवार को तेज रफ्तार गाड़ी से स्टंटबाजी कर रहे आवारा युवकों ने एक मासूम बच्चे को कुचल दिया। गाड़ी की चपेट में आकर बच्चा सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने 2 युवकों को घेरकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ समय से गांव बृजवारी व अन्य गांवों के 4-5 युवक खानपुर में आकर गाली-गलौज, बदतमीजी और हुड़दंग मचा रहे हैं। ये लड़के गांव की तंग गलियों में लापरवाही से गाड़ी चलाते हैं। रविवार को रोकने पर आरोपियों ने ग्रामीणों पर ही गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। इसी दौरान बच्चा सूरज गाड़ी की चपेट में आ गया। हादसे के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग न्याय की मांग को लेकर छाता कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कड़ी सजा की मांग की। पुलिस ने मौके से 2 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। घायल बच्चे सूरज को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है और बाकी फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में दहशत फैलाने वाले इन अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।

## गैंगस्टर गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में रविवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त कमल उर्फ संजय उर्फ राकेश पुत्र चरन सिंह निवासी मंगली रिजौर जिला एटा को एटा रोड तहसील के पास थाना टूण्डला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश है।

## तमंचा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। रविवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त भुवनेश उर्फ टिंकू पुत्र गजेन्द्र सिंह निवासी राजा का ताल थाना टूण्डला फिरोजाबाद को एक तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस के साथ नंगला हरीशचन्द्र कट थाना टूण्डला क्षेत्र से फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## तमंचा कारतूस जब्त युवक गिरफ्तार

**शिकोहाबाद।** पुलिस ने एक युवक को नारायण इंटर कॉलेज के पास से वाहन चैकिंग के दौरान एक इलेक्ट्रिक स्कूटी सवार युवक को अवैध 315 बोर के तमंचे, 3 कारतूस के साथ दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का नाम जय पुत्र राजू निवासी डाक खाने के पास, बड़ा बाजार शिकोहाबाद बताया। पुलिस ने आर्म एक्ट में आरोपी को जेल भेज दिया।

# अधिकमास: गोवर्धन में उमड़ा तीर्थयात्रियों का सैलाब

### प्रशासन की व्यवस्थाएं साबित हुईं बौनी, बसों की छतों पर सफर करने को मजबूर परिक्रमार्थी, जाम और गंदगी से हाल बेहाल



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा/गोवर्धन।** पुरुषोत्तम (अधिक) मास के चलते गोवर्धन धाम में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा है कि स्थानीय प्रशासन के तमाम दावे हवाई साबित हो रहे हैं। रोजाना शाम से लेकर सुबह तक पूरा गोवर्धन धाम तीर्थयात्रियों से अटा पड़ा है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी निरीक्षण कर नित्य नए आदेश तो जारी कर रहे हैं, लेकिन धरातल पर व्यवस्थाएं पूरी तरह ध्वस्त नजर आ रही हैं। पूरी व्यवस्था अब केवल गिरिराज महाराज के भरोसे ही चल रही है।

बीती रात परिक्रमार्थियों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के कारण परिवहन व्यवस्था चरमरा गई। गोवर्धन बस स्टैंड पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची है। वाहनों की भारी किल्लत के चलते जैसे ही कोई बस आती है, यात्री उस पर टूट पड़ते हैं। आलम यह है कि श्रद्धालुओं को मजबूरन बसों की छतों पर बैठकर जोखिम भरा सफर करना पड़ रहा है। वहीं, बस स्टैंड के सामने राधाकुंड रोड पर बेतरतीब खड़े चैपहिया वाहनों के कारण पूरा परिक्रमा मार्ग जाम की चपेट में है।

नगर पंचायत द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने और एहतियात के तौर पर पवित्र मानसी गंगा के चारों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई है, जिससे श्रद्धालुओं का अंदर जाना बंद है। तीर्थयात्रियों के स्नान के लिए बाहर फब्बारे लगाए गए हैं, लेकिन वे भी कहीं चल रहे हैं तो कहीं बंद पड़े हैं। इन फब्बारों के कारण मानसी गंगा परिक्रमा मार्ग (जो कस्बे की मुख्य बस्ती को जोड़ता है) पर भारी जलभराव हो गया है। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को इसी गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है।

गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए करीब पांच फीट चैड़ी कच्ची मिट्टी (ब्रज रज) की जगह निर्धारित है। लेकिन इस पांच फीट के मार्ग पर भी भिखारियों, ढकेल-फड़ वालों और मूर्तियां रखकर पैसा इकट्ठा करने वालों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है। इसका खामियाजा सीधे तौर पर परिक्रमार्थियों को भुगतना पड़ रहा है।

भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं को कंक्रीट और तारकोल की धधकती सड़कों पर नंगे पैर चलने को मजबूर होना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा कष्ट श्दंडवती परिक्रमाश करने वाले श्रद्धालुओं को हो रहा है, जिन्हें इस तपती सड़क पर साष्टांग प्रणाम करते देख किसी की भी रूह कांप जाए।

परिक्रमा मार्ग में सेवाभावियों द्वारा लगाए गए भंडारों से गरीब और दूर-दराज से आए तीर्थयात्रियों को भोजन-पानी की बड़ी सुविधा मिल रही है और उनका खर्च कम हो रहा है। लेकिन दूसरी ओर, प्रशासन की शिथिलता के कारण इन भंडारों के आसपास उड़ती धूल, पॉलीथिन के गिलास, प्लेट और दोनों का अंबार लगा हुआ है। सफाई व्यवस्था ठप होने से परिक्रमा मार्ग का स्वरूप बिगड़ रहा है और चारों ओर गंदगी का बोलबाला है। इसके अलावा मार्ग में रोशनी के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं।

इन तमाम दुश्वारियों, प्रशासनिक कुप्रबंधन और भीषण गर्मी के बावजूद सुदूर प्रांतों से आने वाले भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ है। गिरिराज महाराज के गगनभेदी जयकारों और भजन-कीर्तनों के साथ श्रद्धालुओं की अनवरत परिक्रमा जारी है। मुकुट मुखारबिंद, जतीपुरा मुखारबिंद और दानघाटी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समाजसेवी संगठन और भक्त खुद आगे आकर पीने के पानी और भंडारे की व्यवस्था न संभालें, तो परिक्रमार्थियों की मुसीबतें कई गुना और बढ़ जाएंगी।

## वृंदावन में वीकेंड व अधिकमास के चलते उमड़ी भीड़

**मथुरा।** धर्मनगरी वृंदावन में रविवार को अधिकमास और वीकेंड के कारण श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूजा, दर्शन और दान-पुण्य के लिए देश के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ठा. बांके बिहारी मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्ग और तंग गलियां दिनभर पूरी तरह चोक रहीं। आस्था के इस भारी दबाव के आगे स्थानीय पुलिस प्रशासन के सुरक्षा और यातायात के सारे दावे हवाई साबित हुए। एक तरफ जहां भीड़ के कारण श्रद्धालु भीषण गर्मी में रेंगने को मजबूर थे, वहीं दूसरी तरफ सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालने वाले पुलिसकर्मी ड्यूटी मुस्तैदी से करने के बजाय गर्मी में स्थानीय दुकानों में लगे पंखों की हवा खाते दिखाई दिए। प्रशासनिक कुप्रबंधन और पुलिस की इस शिथिलता के कारण दर्शनार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## वृंदावन में गो सम्मान आह्वान अभियान के उत्तर प्रदेश राज्य कार्यकारिणी का बैठक

**मथुरा।** विगत 6 महीने से पूरे भारत में गौ हत्या बंदी के लिए केंद्रीय कानून बनाने, गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने, गोचर भूमि मुक्त कराने, गौ मंत्रालय बनाने सहित भारत में गौ केंद्रित अर्थ, कृषि, शिक्षा एवं चिकित्सा आदि व्यवस्थाओं की स्थापना सहित अनेक मांगों के लिए पूरे देश में गोसेवक संतों द्वारा गो सम्मान आह्वान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में प्रत्येक 3 महीने के अंतराल पर चार चरण तय किए गए हैं। जिसके तहत भारत की जनता से बीते 27 अप्रैल 2026 को प्रथम चरण पूर्ण हुआ। जिसमें कुल 5 करोड़ हस्ताक्षर का लक्ष्य रखा गया था जिसे 5.25 करोड़ के साथ पूर्ण किया गया। इस अभियान के तहत भारत के माननीय राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं सभी राज्यों के माननीय राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को उपरोक्त मांगो के लिए प्रत्येक चरण में प्रार्थनापत्र देना सुनिश्चित हुआ है। द्वितीय चरण के लिए संतों द्वारा 27 जुलाई 2026 का समय तक किया गया है। इस चरण में पूरे देश के सभी जिलों से जिला अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर पूरे भारत से 15 करोड़ हस्ताक्षर एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत उत्तर प्रदेश राज्य को सबसे बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। अकेले उत्तर प्रदेश से 3.5 करोड़ जनता के हस्ताक्षर एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। केवल मथुरा जनपद से 21 लाख हस्ताक्षर एवं अन्य सभी जिलों से कम से कम 5 लाख हस्ताक्षर एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के द्वितीय चरण के लिए पूरे उत्तर दप्रदेश के सभी जिलों एवं तहसीलों से कार्यकताओं को बुलाया गया। जिन्हें पूरे उत्तर प्रदेश में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई। गो सम्मान आह्वान अभियान के सूत्रधार मुख्य संतों को नन्दबाबा संत के नाम से जाना जाता है। इसमें पूज्य स्वामी गोपालानंद सरस्वती महाराज सभी संतों के केंद्र में हैं। इन्होंने कहा कि हम सरकार से कोई मतलब नहीं है। सरकार के लाभ या हानि के लिए यह अभियान नहीं चलाया जा रहा है। यह अभियान विशुद्ध रूप से गोमाता के सेवा सुरक्षा सम्मान के लिए पूरे देश में चलाया जा रहा है। आगे महाराजश्री ने कहा कि 900 वर्षों से चल रहे युद्ध की अंतिम परिणिति का अब समय आ गया है।

## संस्कृति विवि में उत्साह से मना विश्व पर्यावरण दिवस



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय ने विश्व पर्यावरण दिवस को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दृढ़ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विवि के अधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एकजुट हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान से हुई, जिसका नेतृत्व कुलपति डॉ. एम. बी. चेट्टी ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए डॉ. एम. बी. चेट्टी ने पर्यावरणीय जिम्मेदारी के महत्व पर बल दिया और विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में सतत एवं पर्यावरण हितैषी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों को जागरूक और सक्रिय पर्यावरण संरक्षक बनाने के उद्देश्य से पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता तथा पर्यावरण संरक्षण विषयक शैक्षिक सत्रों सहित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण जैसे कार्यों के माध्यम से स्वच्छ और हरित पृथ्वी के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पर्यावरणीय स्थिरता तथा युवा पीढ़ी में पर्यावरण चेतना विकसित करने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने कहा कि संस्कृति विश्वविद्यालय शैक्षणिक एवं सामुदायिक गतिविधियों में पर्यावरण जागरूकता को समाहित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है, ताकि विद्यार्थी जिम्मेदार नागरिक बनकर एक सतत भविष्य के निर्माण में योगदान दे सकें। विश्व पर्यावरण दिवस समारोह का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा पर्यावरण की रक्षा करने और प्रदूषण कम करने तथा एक हरित और स्वस्थ विश्व के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की सामूहिक शपथ के साथ हुआ।

## अहिल्याबाई की जयंती कार्यक्रम में फिरोजाबाद पहुंचे डिप्टी सीएम

- पत्रकार वार्ता में विपक्ष पर किया जोरदार हमला



**फिरोजाबाद।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301 वीं जयंती के उपलक्ष्य में पालीवाल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सामान्य परिवार में जन्म लेने वाली अहिल्याबाई ने तमाम संकटों से जूझते हुए मुगल शासकों द्वारा तोड़े गए मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया है। पूरा देश और समाज उनका नाम लेने पर गौरवान्वित होता है। उन्होंने कोई राजकोष से धनराशि खर्च नहीं की, बल्कि सास द्वारा दी गई धनराशि से मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। उन्होंने मुगलों से युद्ध करते हुए कभी सनातन धर्म की ज्योति को बुझने नहीं दिया। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस और सपा पर निशाना साधा। इंडिया गठबंधन के भविष्य से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा यह गठबंधन 2024 में ही बिखर चुका है और जनता इसका वास्तविक स्वरूप देख चुकी है।

मौर्य ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष अपनी भूमिका निभाने में पूरी तरह असफल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष केवल नकारात्मक राजनीति और बयानबाजी तक सीमित है। उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि वर्ष 2029 के चुनाव तक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की स्थिति और कमजोर हो जाएगी, और जनता नया विकल्प तलाश लेगी। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा का इतिहास संतों और रामभक्तों के सम्मान का नहीं रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामभक्तों पर गोली चलाने और संतों की उपेक्षा करने वाली पार्टी अब वोट बैंक की राजनीति के लिए अलग चेहरा दिखाने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता उनके चरित्र को जानती है। हाईकोर्ट की टिप्पणी को लेकर भाजपा पर सवाल उठाने संबंधी अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा पर सवाल उठाए जा रहे हैं, उसी प्रकार विपक्ष भी अपनी भूमिका का आत्ममंथन करे। उन्होंने जोर दिया कि जनता सब कुछ देख रही है और लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता ही करती है। पुलिस पर भाजपा के एजेंट की तरह काम करने के आरोपों को उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया। मौर्य ने कहा कि यह विपक्ष की मानसिकता और राजनीतिक दृष्टिकोण का परिणाम है। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, विधायक टूंडला प्रेमपाल धनगर, सदर विधायक मनीष असीजा डॉ. अमित गुप्ता सतीश दिवाकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विनोद परशुराम शोभा यात्रा समिति के उपाध्यक्ष नियुक्त

**मथुरा।** भगवान श्री परशुराम शोभा यात्रा समिति रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा एडवोकेट और राष्ट्रीय महामंत्री बंसीलाल शर्मा ने समाजसेवी विनोद दीक्षित को समिति का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। समाजसेवी विनोद दीक्षित को यातायात सुधार, पर्यावरण संरक्षण, नालों को ढकवाना, 8017 रक्त यूनिट रक्तदान के माध्यम से लोगों को दिया मथुरा में रिकॉर्ड बनाया है, मानवाधिकार जैसे क्षेत्रों में सक्रिय विनोद दीक्षित को सरकारी गैर सरकारी 417 पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति लगातार धार्मिक आयोजनों के साथ समाज और सनातन धर्म को आगे बढ़ाने वाले लोगों को मंच देती रही है। विनोद दीक्षित को उपाध्यक्ष बनाने का फैसला उनके सामाजिक योगदान को देखते हुए लिया गया है। विनोद दीक्षित के उपाध्यक्ष बनने पर अखिलेश गौड़, ज्ञानेंद्र राजा दीक्षित, केके शर्मा आदि ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## विधायक ने किया 65 लाख की लागत से छः सौ मीटर सड़क निर्माण का भूमि पूजन



**टूंडला।** विधानसभा टूंडला क्षेत्र के गांव चूल्हावली में विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर द्वारा लगभग 65 लाख रुपए की लागत से छः सौ मीटर सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस दौरान विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने कहा कि टूंडला विधानसभा क्षेत्र में एक भी गांव मजरा विकास से अछूता नहीं रहेगा विधान सभा में सैकड़ों सड़कों का निर्माण किया गया है।कई बड़ी सड़कों का चौड़ीकरण भी कराया गया है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार द्वारा विकास की गंगा बह रही है हर वर्ग के हित में कार्य किया जा रहा है, कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश पालीवाल तथा संचालन सीता राम जी ने किया। इस दौरान भगवान सिंह भल्ला, राजीव पचौरी, सतेन्द्र चौधरी, रामतीर्थ सिंह चक, लोकेश जादौन, संजय परमार, दीपक चौधरी, आजाद जैन, हेमतदास, सहित अनेकों ग्राम वासी मौजूद रहे।

## पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों के खाते से धन निकासी करने वाला आरोपी दबोचा

**शिकोहाबाद।** पालीवाल चौराहा के पास स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से धन निकासी करने वाले देहात फीडर के लाइनमैन का एटीएम कार्ड बदलकर 50 हजार रुपए की निकासी करने वाले आरोपी को पुलिस ने नारायण कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसकी तलाशी में कई बैंकों के एटीएम, नगदी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। रनेश कुमार पुत्र कबीरदास निवासी रामनगर लेबर कॉलोनी देहात फीडर पर लाइनमैन के पद पर कार्यरत है। वह 1 जून को बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से धन निकासी करने के लिए आया था। इसी दौरान वहां मौजूद एक युवक ने उसका एटीएम बदलकर अलग अलग स्थानों से 50 हजार रुपए की निकासी कर ली थी। उक्त मामले में लाइनमैन ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी को नारायण कॉलेज के पास से दबोच लिया। पुलिस को आरोपी की तलाशी में 15 विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड, 8,230 रुपए, आधार कार्ड, एक पर्स, बाइक बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एटीएम में खड़े होकर लोगों की मदद मदद के नाम पर एटीएम बदलकर, उनका पिन नंबर देखकर घटनाओं को अंजाम देता था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का नाम सतीश कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी राजथल थाना नारनौंद जनपद हिसार, हरियाणा बताया।

## चंद्रसेन का किला और चंद्रवार का जैन मंदिर हमारी अमूल्य विरासत : डीएम

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ जनपद के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की है।जिलाधिकारी ने कहा है कि चंद्रसेन का किला और चंद्रवार का जैन मंदिर हमारी अमूल्य विरासत है, यह क्षेत्र भारत के गौरवशाली इतिहास का एक जीवंत अध्याय रहा है, इसमें यह बेहद जरूरी है की ऐतिहासिक स्थानों को हम पूरी तरह सुरक्षित और सम्बधि ?त करें। जिलाधिकारी ने कहा है कि चंद्रवार के जैन मंदिर में सीधे डिजिटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी, ताकि यहां के इतिहास और संस्कृति का ज्ञान आधुनिक पीढीयो को कराया जा सके, साथ ही साथ पर्यटन की दृष्टि से आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का विकास करने और धरोहरों के मूल स्वरूप को बनाए रखते हुए इसके सौंदरीकरण का कार्य कराया जाएगा, उन्होंने जोर देकर कहा कि आने वाली पीढियों को अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कृति से रूबरू कराने के लिए इन धरोहरों का जीवंत रहना आवश्यक है। जिला प्रशासन इन ऐतिहासिक स्थलों की गरिमा को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए और उन्हें पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित करने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों और आगंतुकों से अपील की है कि वह इन ऐतिहासिक स्थलों की स्वच्छता और सुरक्षा बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सत्येंद्र कुमार उपस्थित रहे।

## कुलश्रेष्ठ महासभा युवा शाखा ने किया पौधरोपण



**फिरोजाबाद।** अखिल भारतीय कुलश्रेष्ठ महासभा युवा शाखा द्वारा अखलाबाद हसनपुर हालपुरा स्थित श्री मुकुट बिहारी जूनियर हाई स्कूल में वृक्षारोपण किया गया। महासभा के युवा अध्यक्ष गौरव कुलश्रेष्ठ ने श्लोगन के माध्यम से वृक्षों के महत्व के बारे में बताया जैसे हरियाली से है जीवन का श्रृंगार वृक्ष लगाओ, प्रकृति का करो प्यार छाया और ऑक्सीजन से है जीवन का आधार वृक्ष लगाओ पृथ्वी को बनाओ अमर वृक्ष धरती की शान है, प्राणियों को वरदान है। ईश्वर की रचना में सर्वमान है, वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ आदि। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में गौरव कुलश्रेष्ठ अभिषेक कुलश्रेष्ठ युवा शाखा उपाध्यक्ष युवा शाखा सह मंत्री प्रखर कुलश्रेष्ठ युवा शाखा सचिन अभिषेक कुलश्रेष्ठ युवा शाखा सहसचिव आशीष कुलश्रेष्ठ सर्वेश चंद्र कुलश्रेष्ठ अध्यक्ष, महासचिव प्रदीप कुमार कुलश्रेष्ठ महासचिव राजेश कुलश्रेष्ठ सौरभ कुलश्रेष्ठ कायरव कुलश्रेष्ठ विराट कुलश्रेष्ठ आदि वक्ताओ ने अपने विचार व्यक्त किए, एवं जीवन मे पेडो के महत्व पर सभी ने अपने अपने विचार साझा किए।

## अधिक मास में भंडारा लगाकर की श्रद्धालुओं की सेवा



**मथुरा।** ईस्ट प्रताप नगर सोसाइटी, महोली रोड द्वारा अधिक मास के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं को पुआ पूड़ी-सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजकों ने ठाकुर की छवि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजकों ने बताया कि समिति द्वारा समय-समय पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी के अंतर्गत आज इस भंडारे के माध्यम से उन्हें भी श्रद्धालुओं की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। अधिक मास में आयोजित होने के कारण इसका पुण्य दुगुना हो गया है। कार्यक्रम में राजकुमार तोमर, राजेश गोयल, सुभाष अग्रवाल, रामकुमार अग्रवाल, शिवकुमार तोमर, रामनरेश शर्मा, भोला, कपिल गोयल, रश्मि कुलश्रेष्ठ, चंद्रप्रकाश तिवारी, योगेश गोयल, विक्की छोकर, कुंजबिहारी गौतम, मोहित वार्ष्णेय, नन्दकिशोर गर्ग, राजेंद्र गर्ग, आरपी अग्रवाल, निरंजन प्रसाद अग्रवाल, उमेश गौतम, संजय अग्रवाल, बबलू गौतम, महेश वार्ष्णेय, विनोद अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, डीके शर्मा, पार्षद कुलदीप पाठक, ललित मित्तल, दिनेश अग्रवाल, अशोक कुमार कोहली, जगदीश सिंह, राजकुमार शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## भाकियू सुनील के कार्यालय का हुआ उद्घाटन



मथुरा। महानगर के हृदय स्थल होली गेट चैराहा स्थित ध्रुव प्लाजा में भारतीय किसान यूनियन सुनील के महानगर कार्यालय का भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यालय का उद्घाटन मथुरा जनपद के प्रमुख उद्योगपति भारतीय किसान यूनियन सुनील के उत्तर प्रदेश के प्रभारी मानिक शर्मा प्रमुख उद्योगपति युवराज शर्मा ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चैधरी ने संयुक्त रूप से की। मुख्य अतिथि मानिक शर्मा युवराज शर्मा का उत्तर प्रदेश के महासचिव नरोत्तम लाल पाराशर जिला प्रभारी भगवान दास तोमर महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल वृंदावन नगर अध्यक्ष विनोद राजपूत ने साफा पहनाकर गधा तलवार भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानिक शर्मा युवराज शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा भारतीय किसान यूनियन सुनील के महानगर कार्यालय का उद्घाटन जनता किसानों के हित के लिए किया गया है महानगर कार्यालय में मथुरा महानगर की जनता की समस्याओं को सुना जाएगा उसका निदान भी कराया जाएगा भारतीय किसान यूनियन सुनील ने हमेशा किसान हित के लिए संघर्ष किया है संघर्ष कर रहे हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा भारतीय किसान यूनियन सुनील के महानगर कार्यालय पर सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक किसान गरीब मजदूरों की समस्याओं को सुना जाएगा आंदोलन के माध्यम से समस्या का समाधान भी कराया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह गावर राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चैधरी उत्तर प्रदेश के महासचिव नरोत्तम लाल पाराशर जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान जिला प्रभारी भगवान दास पवार महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल महिला जिला अध्यक्ष मीना ठाकुर प्रयागनाथ चतुर्वेदी त्रिवेणी पाराशर राघव शर्मा सोहन निषाद दीपू पाराशर विकास निषाद विजय चतुर्वेदी सोहेल खान राजेश तोमर विष्णु तोमर पंडित सार्थक चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## मानसी गंगा में फिर हुआ हादसा किशोर की डूबने से मौत

**मथुरा।** गोवर्धन की मानसी गंगा में रविवार को एक 15 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। किशोर अपने परिजनों के साथ आगरा के रामनगर क्षेत्र से गोवर्धन परिक्रमा करने आया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान भीम (15 वर्ष) के रूप में हुई है। भीम अपने जीजा और अन्य रिश्तेदारों के साथ परिक्रमा के लिए गोवर्धन आया था। परिक्रमा के दौरान वह मानसी गंगा के घाट पर स्नान करने उतरा और गहरे पानी में चला गया, जिससे वह डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और गोताखोरों की टीम ने किशोर की तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में गहरा शोक छा गया। मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं ने भी दुख व्यक्त किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मानसी गंगा के घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। गोवर्धन में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु दर्शन और परिक्रमा के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में जलाशयों और घाटों पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। यह हादसा एक बार फिर तीर्थस्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर रहा है।

# प्रकृति से संतुलन जरूरी

विश्व पर्यावरण दिवस बीते पांच जून को पूरी दुनिया में मनाया गया। मानव के समक्ष पर्यावरणीय खतरों के प्रति चिंताएं व्यक्त की गयीं, लेकिन ग्लोबल वार्मिंग के खतरों के प्रति आज जिस तरह पूरी दुनिया बेपरवाह है, धरती की बढ़ती गर्मी को रोकने के लिए ठोस उपाय नदारद हैं, उससे तो यही लगता है कि अब पर्यावरण की चिंता किसी को नहीं है। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का मुख्य विषय प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए रखा गया था। यह विषय इस बात पर बल देता है कि जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौती का समाधान प्रकृति के साथ संतुलित संबंध स्थापित करके ही संभव है। आज जब पृथ्वी बढ़ते तापमान, प्रदूषण, जैव-विविधता के क्षरण और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रही है, तब यह विषय पूरी मानवता को चेतावनी भी देता है और समाधान की दिशा भी दिखाता है। विश्व पर्यावरण दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को मनाया जाता है। यह दिवस केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव सभ्यता को उसके भविष्य के प्रति सचेत करने का अवसर भी है। आज पूरी दुनिया जिस पर्यावरणीय संकट का सामना कर रही है, वह किसी एक देश, क्षेत्र या समुदाय की समस्या नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। आधुनिक विकास की अंधी दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति का इतना अधिक दोहन किया है कि पृथ्वी का प्राकृतिक संतुलन लगातार बिगड़ता जा रहा है। बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़, भूस्खलन, समुद्री तूफान, वनाग्नि और जैव विविधता का क्षरण इस बात के संकेत हैं कि प्रकृति अब अपने धैर्य की सीमा पार कर चुकी है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं



उठाए गये तो आने वाले दशकों में पृथ्वी पर जीवन के लिए परिस्थितियां और अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं। पिछले लगभग पांच दशकों में पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक अंतरराष्ट्रीय प्रयास किए गए हैं। वर्ष 1972 में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में आयोजित मानव पर्यावरण सम्मेलन को वैश्विक पर्यावरण आंदोलन की शुरूआत माना जाता है। इसके बाद 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में पृथ्वी शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें सतत् विकास की अवधारणा को वैश्विक मान्यता मिली। वर्ष 1997 का क्योटो प्रोटोकॉल और 2015 का पेरिस जलवायु समझौता भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास रहे। इसके अतिरिक्त विभिन्न जलवायु सम्मेलनों में देशों ने कॉर्बन उत्सर्जन कम करने और वैश्विक तापवृद्धि को नियंत्रित करने के अनेक वादे किए। किंतु इन सम्मेलनों का वास्तविक निष्कर्ष यही रहा कि राजनीतिक घोषणाएं और वास्तविक क्रियान्वयन के बीच अब भी बड़ा अंतर मौजूद है। आर्थिक विकास की प्रतिस्पर्धा में अधिकांश देश पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं को पूरी तरह लागू नहीं कर पाये हैं। परिणाम स्वरूप वैश्विक तापमान लगातार बढ़ रहा है और जलवायु परिवर्तन का संकट गहराता जा रहा है। आज विश्व के अनेक क्षेत्र गंभीर पर्यावरणीय संकट का सामना कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि वर्तमान प्रवृत्तियां जारी रहीं तो आने वाले वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ेगी। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। देश में प्राकृतिक संसाधनों पर अत्यधिक दबाव है लेकिन इन चुनौतियों के बीच ही देश को रास्ता निकालना होगा। लोगों की जरूरतें भी पूरी करनी है, विकास को भी आगे बढ़ाना है, लेकिन साथ ही धरती को हरा-भरा बनाये रखने के संकल्प को भी आगे बढ़ाना होगा ताकि पर्यावरणीय संतुलन बना रहे।

## विचार

जो तमाम इच्छाओं से ऊपर उठ गया है, उसके द्वारा भलाई सदा इस तरह अनजाने, सहज और स्वाभाविक तौर से होती रहती है जैसे फूल से खुशबू और सितारों से रोशनी निकलती रहती है।

–स्वामी रामतीर्थ.

छोटों के साथ सद्व्यवहार करके ही बड़ा मनुष्य अपने बड़प्पन को अच्छी तरह से प्रकट कर सकता है।

– कार्लाइल.

यदि हम गिरते हैं तो और अधिक अच्छी तरह से चलने का रहस्य भी सीख जाते हैं।

–महर्षि अरविन्द.

आत्मा अमर है, न उसका जन्म है न मृत्यु है। यह नित्य है और अनादि काल से चली आ रही है। किसी शरीर की मृत्यु होने पर भी उसकी मृत्यु नहीं होती है।

–श्रीमद्भागवतगीता.

# सत्ता की सियासत में कमजोर हुई टीएमसी



मनोज बाजपेयी

> चार मई से पहले ममता बनर्जी विपक्ष में सबसे ताकतवर थीं। इंडिया गठबंधन उनको साथ जोड़ने के लिए मिन्नतें करता था, लेकिन आज ममता बनर्जी खुद इंडिया गठबंधन के सामने याचक की मुद्रा में हैं। कुल मिलाकर बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद ममता बनर्जी की सियासी हैसियत अर्श से फर्श वाली हो गयी है।

चुनावी हार-जीत सियासत का सबसे प्रमुख हिस्सा होता है। पार्टियां संघर्ष से सत्ता तक पहुंचती हैं और सत्ताजनित बुराइयां जब पार्टियों के अंदर बहुत गहरे तक घुस जाती है, तो उन्हें जनाक्रोश का सामना भी करना पड़ता है। लेकिन चुनावी हार से अगर पार्टी का अस्तित्व ही संकटग्रस्त हो जाये, तो माना जायेगा कि पार्टी किसी वैचारिक-सैद्धांन्तिक आधार पर काम करने के बजाय महज सत्ता की सियासत कर रही थी। जब तक सत्ता थी तब तक नेता-कार्यकर्ता साथ थे और जब सत्ता गयी तो सुख-सुविधा की सियासत करने वाले फायदे वाली जगह ठौर-ठिकाना ढूंढने लगे। टीएमसी में यही हो रहा है। पश्चिम बंगाल विधान सभा के नतीजे 4 मई को आये थे और एक महीने के अंदर पार्टी के विधायकों ने ममता बनर्जी की पसंद को दरकिनार कर अपना नया नेता चुन लिया। खबरें तो यहां तक आ रही हैं कि टीएमसी का संसदीय दल भी शीघ्र ही बंट जायेगा। जैसे महाराष्ट्र में एनसीपी, शिवसेना में असली-नकली का संघर्ष हुआ वैसी ही स्थिति अब पश्चिम बंगाल में है। ममता बनर्जी को चुनावी हार के बाद टीएमसी में असली-नकली के संघर्ष से जूझना पड़ रहा है। पार्टी की भारी पराजय और आंतरिक कलह ने ममता बनर्जी का कद राष्ट्रीय राजनीति में बहुत छोटा कर दिया है। कल तक इंडिया गठबंधन उनको साथ जोड़ने के लिए मिन्नतें करता था, लेकिन आज ममता बनर्जी खुद इंडिया गठबंधन के सामने याचक की मुद्रा में हैं। कुल मिलाकर ममता बनर्जी की सियासी हैसियत अर्श से फर्श वाली हो गयी है।

चार मई से पहले इंडिया गठबन्धन में ममता बनर्जी को सबसे ताकतवर माना जाता था। वे अपने दम पर पिछले पन्द्रह साल से सत्ता पर काबिज थीं। उन्होंने बंगाल की शक्ति शाली पार्टी सीपीएम, जो लगातार पैंतीस साल से बंगाल पर एक छत्र राज कर रही थी, को पराजित किया था। कांग्रेस को बंगाल में धूल चटा दी थी। मई 2026 के विधानसभा चुनाव में वे हार गयीं। लेकिन हार का अर्थ यह नहीं कि सीपीएम और कांग्रेस की तरह वह शून्य पर सिमट गयीं हैं। विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस को अस्सी सीटें प्राप्त हुईं। अभी भी संसद में उसके पास चालीस से अधिक सांसद हैं। लेकिन उसके पास इस बार केवल एक चीज छिन्न गयी। ममता बनर्जी इतने विधायक नहीं जिता पायीं कि वे चौथी बार मुख्यमंत्री बन सकें। यह भी कोई अनोखी बात नहीं है। राजनीति में हार-जीत लगी रहती है। इसलिए राजनीति में इसे सामान्य घटना ही माना जाता है।

### विमर्श

आखिर कांग्रेस ही कितने साल से लगातार हार रही है। चार प्रदेशों को छोड़ कर वह किसी भी प्रदेश में सत्ता में नहीं है। केरल में दस साल बाद सीपीएम सत्ता से बाहर हो गई है। लेकिन पार्टी सामान्य तरीके से काम-काज कर रही है। भाजपा की शुरूआत दो सीटों से हुई थी। फिर लगातार तीन बार देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी और केन्द्र की सत्ता में रही। लेकिन 2004-14 तक सत्ता से बाहर रही। लगातार दो चुनाव हारी लेकिन फिर कमबैक किया। लोकतंत्र में चुनावी हार-जीत तो होती ही रहती है। पर तृणमूल कांग्रेस के मामले में बिल्कुल उलटा हो रहा है। सत्ता की डोर टूटते ही मानो भूकम्प आ गया हो। तृणमूल की जड़ें हिल गयी हैं। जगह जगह नगरपालिकाओं से, पंचायतों से, नगर निगमों से तृणमूल के सदस्य ममता को अपने इस्तीफे भेज रहे हैं। यहां तक कि कोलकाता नगर निगम के महापौर ने भी ममता से क्षमा मांग कर पद से इस्तीफा दे दिया है, जबकि निगम में तृणमूल का बहुमत अभी भी है। तृणमूल के जिन नेताओं ने सरकारी स्कीमों का लाभ देने के लिए लाभार्थियों से कट मनी (रिश्वत) ली थी, वे लाउड स्पीकर लगा कर सार्वजनिक रूप से वह वापस कर रहे हैं। जिन भवनों पर तृणमूल के लोगों ने वर्षों से बलपूर्वक कब्जा कर रखा था, वे स्वयं खाली कर रहे हैं। कोलकाता में पार्टी के एक प्रवक्ता ने, जो मीडिया में गाली गलौज की भाषा में धमकाते रहते थे। उन्होंने चुनाव परिणाम आते ही यह कहते हुए क्षमा मांग ली कि यह उसे पार्टी के आदेश पर करना पड़ रहा था। ममता बनर्जी को शायद इतने पर भी इस बात का अंदाजा नहीं हो पाया कि बंगाल की आम जनता उनके कितनी खिलाफ है।

एक सप्ताह पूर्व उन्होंने एलान कर दिया कि वे विशाल विरोध प्रदर्शन करेंगी, जैसा कि वे मुख्यमंत्री रहते हुए प्रायः करती रहती थीं। लेकिन उनके इस विरोध प्रदर्शन में जनता तो क्या, पार्टी के सांसद व विधायक भी नहीं पहुंचे। मीडिया और सुरक्षा बलों के लोग ज्यादा थे, आम जनता कम थी। जनता के आक्रोश की स्थिति यह हो गई है कि पार्टी के नेताओं का बाहर निकलना मुश्किल हो गया।

ममता बनर्जी खुद कोर्ट पहुंची तो लोगों ने चोर-चोर के नारे लगाने शुरू कर दिए। इतना ही नहीं, ममता बनर्जी ने विधानसभा अध्यक्ष को लिख कर दिया कि पार्टी की ओर से विधानसभा में विधायक दल के नेता सेवन देव चट्टोपाध्याय विपक्ष के नेता होगा। लेकिन पार्टी के अस्सी में से 58 विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को लिख कर दिया कि कि उनका नेता ऋतब्रत बनर्जी होंगे न कि चट्टोपाध्याय। विधानसभा अध्यक्ष ने बहुमत के आधार पर ऋतब्रत बनर्जी को विपक्ष के नेता के तौर पर मान्यता भी दे दी। ममता ने लोकसभा में कल्याण मुखर्जी को पार्टी का नेता मनोनीत किया, लेकिन पार्टी की ही एक महिला सांसद ने अध्यक्ष को लिखा कि मुखर्जी ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया है। लेकिन क्या कारण है कि पन्द्रह साल की सत्ता, संसद में चालीस सदस्य, विधानसभा में अस्सी विधायक, इस सबके बावजूद पार्टी ताश के पत्तों की तरह बिखर रही है? दरअसल जब कोई पार्टी राजनीतिक न रह कर, सत्ता के बल पर केवल लूट-खसोट करने का गिरोह मात्र बन जाये, तो सत्ता का गोंद हटते ही उसका बिखरना स्वाभाविक है। किसी भी राजनीतिक दल में उसके सदस्य और समर्थक किसी विचारधारा के कारण संगठित होते हैं। उनके पास देश और समाज को लेकर एक दृष्टि होती है। वह दल उस विचारधारा को लेकर आगे बढ़ता है। इसलिए उसकी प्रेरणा का स्रोत उसकी विचारधारा होती है न कि सत्ता। सत्ता प्राप्ति की कामना और प्रयास राजनीतिक दल इसलिए करता है कि उसे अपनी विचारधारा के अनुरूप समाज और राष्ट्र का निर्माण करना है। यही कारण है कि विचारधारा आधारित दल पराजय में बिखरते नहीं हैं बल्कि और सुसंगठित होते हैं। इसके विपरीत लोकतंत्र में ऐसे भी कुछ समूह संगठित हो जाते हैं जिनका सत्ता प्राप्ति का उद्देश्य भौतिक साधनों की लूट, सत्ता का सुख और उससे उत्पन्न अहंकार की तुष्टि ही रह जाता है।

ऐसे संगठन, समूह या गिरोह जब सत्ता प्राप्त कर लेते हैं तो स्वाभाविक ही गिरोह में अपनी-अपनी हैसियत के हिसाब से जन सामान्य को लूटते हैं या फिर लूट के सामान में से अपना हिस्सा बटोरते हैं। इस व्यवस्था में एक पूरा नैकसस बन जाता है। वह नैकसिस सत्ता के बल पर आम जनता में अपना दबदबा बनाता है। उसी के बल पर संगठन या गिरोह को जिताता है और उसके बाद अपनी हिस्सेदारी हासिल करता है। बंगाल में ममता बनर्जी के राज में लगभग यही व्यवस्था स्थापित हो गई थी। यही कारण है कि जैसे ही सत्ता हाथ से फिसली, वैसे ही ममता बनर्जी के सियासी गिरोह के कल पुर्जे बिखरने लगे। यह स्वाभाविक ही था। संघर्ष करने की ऊर्जा विचार से आती है, सत्ता से नहीं। जिस दल की कोई विचारधारा नहीं होती, जिसका लक्ष्य केवल सत्ता हथियाना होता है, सत्ता जाने पर उसका बिखरना स्वाभाविक है।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक व धर्मध्वज रक्षक छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस की शुभकामनाएं। स्वसंस्कृति के प्रति अटूट समर्पण ने शिवाजी को छत्रपति बनाया। अमितशाह.



देश की राजधानी दिल्ली के मालवीय नगर के एक होटल में आज हुआ भीषण अग्निकांड अति दुर्भाग्यपूर्ण है, इसमें हुई मौते तथा घायल होने की घटना भी अत्यंत ही दुखद है। मायावती.



वित्तमंत्री सीमारमण एवं जीएसटी काउंसिल से मेरा अनुरोध है कि लाखों लोगों का कम खर्च में मनोरंजन करने वाली जादू कला को जीएसटी से मुक्त कर लोगों को राहत दें। अशोक गहलोत.



# संस्कृति, संगीत और रंगों की महफिल फिर सजेगी



शिमला समर फेस्टिवल

जून की तपती गर्मी जब उत्तर भारत के मैदानी इलाके को झुलसाने लगती है, तब हिमालय की गोद में बसा शिमला एक बार फिर रंगों, संगीत और लोक संस्कृति के उत्सवी खुमार में डूब जाता है। 8 से 12 जून 2026 तक आयोजित होने वाला इंटरनेशनल शिमला समर फेस्टिवल इस बार केवल एक पर्यटन आयोजन नहीं बल्कि हिमाचल की सांस्कृतिक पहचान और लोकजीवन का एक बड़ा उत्सव बनकर सामने आ रहा है।

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान और माल रोड पर होने वाला यह पांच दिनों का सांस्कृतिक महोत्सव देशभर के पर्यटकों, कलाकारों और संस्कृति प्रेमियों को आकर्षित करेगा। 1960 में शुरू हुआ यह उत्सव हिमाचल प्रदेश के सबसे पुराने सांस्कृतिक आयोजनों में गिना जाता है। इसकी शुरूआत राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय संस्कृति को मंच देने के उद्देश्य से की गई थी। समय के साथ यह आयोजन इतना लोकप्रिय हो गया कि आज इसे उत्तर भारत के प्रमुख ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक महोत्सव में शामिल किया जाता है। इस साल का यह आयोजन कई दृष्टियों से खास और अलग है। प्रशासन के मुताबिक पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में लोकनृत्य, संगीत प्रस्तुतियां, कला प्रदर्शनियां, फूल प्रदर्शनी, महिला फूड फेस्टिवल, पारंपरिक पहाड़ी फैशन शो और विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलकियां देखने को मिलेंगी। इसके साथ ही पहली बार 'राइड ऑफ सेवन हिल्स' नामक हेलिकॉप्टर जॉय राइड भी शामिल की जा रही है, जिसके जरिये पर्यटक शिमला की सात पहाड़ियों का हवाई दृश्य देख सकेंगे। शिमला समर फेस्टिवल की सबसे बड़ी पहचान उसकी सांस्कृतिक विविधता है। यहां केवल हिमाचली लोककला ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न राज्यों की लोक परंपराएं भी एक मंच पर दिखायी देती हैं। इस बार उत्तराखंड का चोलिया नृत्य, जम्मू कश्मीर का गोजरी नृत्य, राजस्थान का भवई नृत्य, हरियाणा का घूमर नृत्य और तिब्बती सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को भी शामिल किया गया है। इससे यह आयोजन मिनी इंडिया का रूप लेता दिखायी देता है। हिमाचल की प्रसिद्ध महानाटी और पारंपरिक नाटी नृत्य इस उत्सव का मुख्य आकर्षण माने जाते हैं। नाटी केवल एक लोकनृत्य नहीं बल्कि पहाड़ी समाज की सामूहिक सांस्कृतिक स्मृति है, जब सैकड़ों कलाकार एक साथ पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हैं, तो पूरा रिज मैदान जीवंत लोकचित्र में बदल जाता है। यही दृश्य हर वर्ष हजारों पर्यटकों को आकर्षित करता है। संगीत प्रेमियों के लिए यह महोत्सव खास रहने वाला है। आयोजकों के अनुसार लोकप्रिय गायकों और लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां हर शाम आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा युवा कलाकारों को भी मंच दिया जायेगा। यह पहल स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में मदद करती है। ये उत्सव केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है। इसके माध्यम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। होटल, टैक्सी, रेस्त्रां, हस्तशिल्प व्यवसाय और स्थानीय बाजारों में पर्यटकों की संख्या बढ़ने से आय में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। शिमला का प्रसिद्ध लक्कड़ बाजार, हस्तनिर्मित लकड़ी के उत्पादों और स्थानीय शॉलों के लिए जाना जाता है, जहां इस दौरान विशेष भीड़ दिखाई देती है। फूड फेस्टिवल भी इस आयोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां पर पर्यटकों को पारंपरिक हिमाचली व्यंजन जैसे सिड्डू, मदरा, बबरू और धाम का स्वाद लेने का अवसर मिलता है।

आज जब भारत में क्षेत्रीय व्यंजनों के प्रति रुचि बढ़ रही है, तब ऐसे आयोजन स्थानीय खानपान संस्कृति को नई पहचान दे रहे हैं। फूल प्रदर्शनी और कला उत्सव भी इस बार आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दुर्लभ पहाड़ी फूलों की अनेक प्रजातियों और स्थानीय कलाकारों की कृतियों को देखने के लिए यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस तरह यह आयोजन प्रकृति, कला और संस्कृति को एक साथ जोड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि शिमला समर फेस्टिवल केवल एक पर्यटन कार्यक्रम नहीं है बल्कि सांस्कृतिक संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम है। तेजी से बदलती जीवन शैली और डिजिटल मनोरंजन के दौर में ऐसे आयोजन स्थानीय परंपराओं को जीवित रखने का काम करते हैं। युवा पीढ़ी यहां लोकनृत्य, लोकसंगीत और क्षेत्रीय कलाओं से परिचित होते हैं, जिससे सांस्कृतिक विरासत आगे बढ़ती है। शिमला का रिज मैदान स्वयं इस उत्सव की आत्मा है। ब्रिटिश काल से यह जगह सांस्कृतिक गति विधियों का केंद्र रही है। **धीरज बसाक.**

# शाश्वत आनन्द

अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करनाः नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्रोतों से भी प्रेरणा लें। खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है।

अंतर्दृष्टि

# हर तरफ आ रहा समाजवाद

व्यंग्यलोक

सरकार ने भरसक प्रयत्न किया था कि देश में समाजवाद आ जाये, परन्तु पता नहीं कैसे नहीं आया। अब सरकारें तो किसी अच्छे काम के लिए प्रयत्न ही कर सकती हैं। कुछ समाजवाद की भी गलती है कि यह हमारे देश में जाने क्यों आना ही नहीं चाहता, जबकि हमारे यहाँ तो समाजवादी भी हैं और समाजवादी पार्टी भी। फिर भी नये सिरे से लाने के लिए लोग पुनः सचेष्ट हो गये हैं। मुझे लगता है कि यदि इसी तरह लगे रहे तो वह दिन दूर नहीं है, जब समाजवाद हर क्षेत्र में आ ही जायेगा। इधर सांसद भी समाजवाद की ओर अग्रसर हो गये हैं, पहले केवल काम करने की रिश्वत सरकारी कर्मचारी ही लेता था, लेकिन अब सांसद, मंत्री और तमाम राजनेता इस ओर पूरी ईमानदारी से चेष्टा कर रहे हैं। यदि रिश्वत का सार्वजनिकी करण हो जाता है तो यह समाजवाद ही है। सभी को रिश्वत लेने का अवसर हाथ लग जाये और उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो तो यह हमारे लिए समाजवाद के सन्निकट ले जाती है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की प्रासंगिकता बिलकुल नहीं रही है। जांच आयोगों का हश्र हम लोग देख ही रहे हैं। रिश्वतखोर, घोटालेबाज तथा दलालों को समान दृष्टि से देखा जाना ही समाजवाद का पर्याय है। युग बदला है तो समाजवाद के मायने भी बदल गये हैं। समाजवाद अब हर कोई लाने पर उतारू है। सरकार का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं है और सबको सभी की मेहनत का फल बराबरी से मिल रहा है। अब लोग कर्तव्यों को भूलकर अपने अधिकारों के प्रति इतने जागृत हो गये हैं कि समाजवाद का सा वातावरण सब ओर दिखाई देने लगा है। अब समाजवाद को कहीं से उधार लाने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमारी सरकारें भी सबको समान अवसर देने का संकल्प कर चुकी हैं। मनमानी को ही लें, हर नागरिक इसे तहेदिल से अपना चुका है और मनमानी में लगभग समाजवाद पूरी तरह आ चुका है। पुलिस और चोर मिलकर एक बीड़ी फूंक रहे हैं। राजनेता बाहुबलियों को लेकर सत्तातंत्र पर हावी हैं। डॉन्स से दोस्ती रखना फख्र की बात माने जाने लगी है और वे मिल-बैठकर अपनी स्वार्थ सिद्धी में लगे हैं। यह हमारे समाजवाद का ही प्रतिफल है। जो लोग बी.पी.एल. हैं, उनके बारे में तो बात करना ही बेमानी है। ये लोग इतने ढ़ीठ हो गये हैं कि आजादी के छह दशक बाद भी अपने आप को नहीं उठा सके हैं। इनके कारण बड़ा शर्मिन्दा होना पड़ता है। वरना सरकार ने तो गरीबी हटाओ का कार्यक्रम इतने जोरों से चला रखा है कि इसे अब तक ऊपर आ जाना ही चाहिए था। इससे नेताओं की गरीबी तो सात पुश्तों तक के लिए मिट गई है, परन्तु इन गरीबों की गरीबी अभी तक पीछा नहीं छोड़ रही। इसलिए इन्हें छोड़कर अन्य लोगों में समाजवाद लगभग पूरी तरह आ गया है।



पूरन सरमा

## आप की बात

### स्मार्ट सिटी से तेज होगा विकास

भारत का आधुनिक विकास और स्मार्ट सिटी का निर्माण अवसरों को बढ़ाने में सहायक होंगे। स्मार्ट सिटी से देश का विकास तेज होगा। आधुनिक शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। पार्क, स्कूल, अस्पताल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कुछ नहीं होता है। आज लखनऊ को जोड़ने वाली जिलों की किसी भी सड़क पर चले जायें। चाहे रायबरेली रोड हो। फैजाबाद रोड हो, हरदोई रोड हो या सीतापुर रोड अथवा सुलतानपुर रोड, लखनऊ से पन्द्रह-बीस किलो मीटर आगे तक प्लाटिंग हो चुकी है। कहीं भी नियोजित विकास की संभवना नहीं बची है। यह सब विकास प्राधिकरण और आवास विकास की असफलता है। हर दिन नयी योजनाएं विकसित करने की योजना बनाने वाला एलडीए और आवास विकास लखनऊ में घर बनाने के लिए एक गरीब को पैसे लेकर भी 30, 40 मीटर का ईडब्ल्यूएस, एलआईजी प्लाट नहीं दे पा रहा है। दूसरी तरफ बहुमंजिली इमारतें लगातार बढ़ रही हैं।

**अखिलेश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### बढ़ती असमानता

देश में आर्थिक असमानता को कम करना जरूरी है, देश का विकास ठीक से हो सकता है। बेरोजगारी, आर्थिक असमानता और गरीबी जैसी चुनौतियां प्रगतिशील दुनिया में अधिक रहती हैं। इन चुनौतियों की मौजूदगी में महंगाई बहुत पीड़ादायक हो जाती है। यह भी कि महंगाई सबसे गरीब तबके को जितना प्रभावित करती है, उससे कुछ ज्यादा ही निम्न मध्यम वर्ग पर असर डालती है। कारण यह है कि सबसे गरीब तबका पढ़ाई, दवाई और दैनिक जीवन की अन्य जरूरतों को पूरा करने में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से थोड़ा-बहुत आच्छादित होता है। जबकि निम्न मध्यम वर्ग के आय का अधिकांश हिस्सा पढ़ाई, दवाई, ईएमआई पर चला जाता है। ऐसे में खाने-पीने की चीजों, दैनिक जरूरतों और ऊर्जा आदि में महंगाई इस वर्ग को बहुत परेशान करती है। खाद्यान्न महंगाई की फिलहाल काफी हद तक नियंत्रित है, लेकिन पेट्रोल, डीजल, दूध, इलाज और इन सबसे बढ़कर रसोई गैस के दाम सर्वाधिक परेशान कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने उज्ज्वला गैस कनेक्शन पर राहत देते हुए कुछ सस्ता किया है।

**प्रमोद कुमार सिंह, लखनऊ.**



# भारत-नेपाल देंगे संबंधों को नयी ऊंचाई

## विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिले नेपाली समकक्ष, भारत को बताया अहम साझेदार

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नेपाल के अपने समकक्ष शिशिर खनाल के साथ बैठक के दौरान कहा कि भारत और नेपाल के बीच विशेष संबंध हैं और इन संबंधों की पूरी क्षमता का लाभ उठाने के लिए आपसी जुड़ाव को निर्णायक रूप से आगे बढ़ाने का अवसर है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने विकास सहयोग, संपर्क, व्यापार एवं पारगमन, ऊर्जा और लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करते हुए संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प जताया। नेपाल के विदेश मंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी बातचीत की।



खनाल ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए नयी दिल्ली की तीन दिवसीय यात्रा शुरू की। हालांकि, उनकी यह यात्रा नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह की ओर से दोनों देशों के बीच सीमा विवाद पर हाल में की गई टिप्पणियों से उपजे विवाद की छाया में हुई। द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए विदेश मंत्री ने दोनों देशों की पारस्परिक समृद्धि, प्रगति और कल्याण के लिए नेपाल के साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना को दोहराया। बैठक में खनाल ने कहा कि नेपाल भारत के साथ अपने संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और शाह नीत सरकार नयी दिल्ली के साथ ठोस और सार्थक बातचीत के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा, हम पुरानी बातों का बोझ नहीं उठाते और अपने करीबी पड़ोसी एवं सबसे महत्वपूर्ण साझेदार के साथ वास्तव में परिवर्तनकारी संबंध बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। क्षेत्र में अपने समग्र रणनीतिक हितों के संदर्भ में नेपाल भारत के लिए महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के नेताओं ने सदियों पुराने रोटी-बेटी के संबंधों का अक्सर उल्लेख किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, बातचीत सौहार्दपूर्ण, मैत्रीपूर्ण और रचनात्मक माहौल में हुई, जो दोनों देशों के बीच अनूठे और विशेष संबंधों को दर्शाती है।

बैठक के बाद जयशंकर ने 2015 के भूकंप के बाद भारत की पुनर्निर्माण सहायता के तहत नेपाल में पूरी की गई 72 स्वास्थ्य सुविधाओं और 12 सांस्कृतिक धरोहर परियोजनाओं को डिजिटल माध्यम से सौंपा। दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच व्यक्तिगत धन अंतरण को सुगम बनाने के लिए भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और नेपाल के नेशनल पेमेंट्स इंटरफेस (एनपीआई) को जोड़ने वाली सुविधा की संयुक्त रूप से शुरुआत भी की। जयशंकर और खनाल ने आपराधिक मामलों में भारत-नेपाल पारस्परिक विधिक सहायता समझौते (एमएलएए) को लागू करने के लिए आंतरिक प्रक्रियाओं के पूरा होने का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता सीमा-पार अपराधों से संबंधित जांच, अभियोजन और न्यायिक कार्यवाही की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए एक संस्थागत कानूनी ढांचा प्रदान कर भारत और नेपाल के लोगों को लाभ पहुंचाएगा।

# भाजपा के नेता अब सड़कों पर सिलेंडर लेकर क्यों नही उतर रहे : मल्लिकार्जुन

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को घरेलू गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर मोदी सरकार पर तीखा हमला किया और पूछा कि भाजपा नेता अब सिलेंडर लेकर सड़कों पर विरोध क्यों नहीं कर रहे हैं, जबकि वे संप्रग सरकार के दौरान महंगाई पर शोर मचाते रहते थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में पश्चिम एशिया संघर्ष के जवाब में 41 देशों में ईंधन के स्रोत होने के बड़े-बड़े दावे किए थे, उनका क्या हुआ? उन्होंने पूछा कि आज भी ग्रामीण इलाकों में एलपीजी की कमी क्यों है। कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी दिल्ली में 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 913 रुपये से बढ़ाकर 942 रुपये करने के बाद आई है, जबकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी सालाना पहले चार रिफिल पर 300 रुपये प्रति रिफिल की सब्सिडी मिलने के बाद प्रभावी रूप से 642 रुपये प्रति सिलेंडर का भुगतान करते रह सकेंगे। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, घरेलू एलपीजी के दामों में आग की लपटें आम जनता की रसोई को भस्म करने पर तुली हुई हैं। मोदी सरकार ने पिछले 4 महीनों में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दामों में 89 रुपये की बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा, हमारे तीन सवाल हैं। संसद में मोदी जी ने लंबे-चौड़े दावे किए थे कि वह पश्चिम एशिया युद्ध के चलते 41 देशों से ईंधन प्राप्त



कर रहे हैं। उसका क्या हुआ? ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी एलपीजी की किल्लत क्यों है? खरगे ने कहा, 2025-26 में उज्ज्वला योजना में 5.56 करोड़ परिवारों ने केवल एक या एक भी रिफिल नहीं करवाया। इनमें से 3.30 करोड़ ने तो एक भी सिलेंडर रिफिल नहीं लिया। यह तो पश्चिम एशिया संकट के पहले की बात है। क्या यह मोदी सरकार की लूट का नतीजा नहीं है? कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा, मोदी जी और भाजपा नेता संप्रग सरकार के दौरान महंगाई का शोर मचाते थे। क्या ये सच नहीं है कि मोदी सरकार ने 12 सालों में घरेलू एलपीजी के दामों में 530 रुपये की बढ़ोतरी की है?

## संक्षेप

### बलात्कार-हत्या मामले में दंपति को मौत की सजा

ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत ने आठ साल की बच्ची के बलात्कार और हत्या के मामले में एक दंपति को रविवार को मौत की सजा सुनाई। अदालत ने सिर्फ पांच दिन की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुनाया, जिसके मद्देनजर अभियोजकों ने इसे देश में हत्या के किसी मुकदमे का सबसे तेजी से निपटारा करार दिया। ढाका मेट्रोपॉलिटन बाल उत्पीड़न रोकथाम न्यायाधिकरण ने घटना के 19 दिन बाद दोषियों की सजा का एलान किया। इस मामले ने देशभर में आक्रोश पैदा किया और महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को लेकर चिंताएं फिर बढ़ा दीं। न्यायमूर्ति मसरूर सालेकिन ने सोहेल राणा और उसकी पत्नी स्वप्ना खातून को मौत की सजा सुनाई तथा उन पर क्रमशः पांच लाख टका और दो लाख टका का जुर्माना भी लगाया।

उन्होंने जुर्माने की राशि पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति सालेकिन ने कहा, उन्हें (दोषियों को) फांसी की सजा सुनाई जाती है। उन्होंने कहा कि अगर दोषी जुर्माना अदा नहीं करते हैं, तो उनकी चल और अचल संपत्तियों को जब्त कर नीलाम किया जा सकता है, ताकि राशि की वसूली की जा सके।

# झारखंड में एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगे कांग्रेस व झामुमो

नयी दिल्ली। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने झारखंड में होने वाले राज्यसभा चुनावों में एक-एक सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। दोनों गठबंधन सहयोगी दलों के नेताओं के बीच एक बैठक में इस बाबत सहमति बन गई है। झामुमो ने पहले संकेत दिया था कि वह दोनों राज्यसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा और एक उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी, जबकि कांग्रेस ने भी दो सीटों में से एक के लिए अपने उम्मीदवार का नाम घोषित कर दिया। राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव 18 जून को होंगे। बैठक में शामिल एक वरिष्ठ नेता ने बताया, हमने मामला सुलझा लिया है और अब झामुमो तथा कांग्रेस एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेंगे। सूत्रों ने बताया कि यह सहमति झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस के पर्यवेक्षकों भूपेश बघेल एवं अजय शर्मा के बीच सुबह नाश्ते पर हुई बैठक में बनी। उन्होंने कहा कि आज रात्रिभोज पर होने वाली एक बैठक में यह संयुक्त घोषणा की जा सकती है कि झामुमो और कांग्रेस एक-एक राज्यसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे।

# भारत-पाक सीमा क्षेत्र में निर्माणों का विशेष सर्वे

एजेंसी

जैसलमेर। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित क्षेत्रों में अनधिकृत निर्माणों की पहचान और उनके वित्तीय स्रोतों की जांच के लिए विशेष सर्वेक्षण अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, यह सर्वेक्षण अंतरराष्ट्रीय सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी निर्माणों को शामिल करेगा। यह अभियान पिछले महीने बीकानेर में आयोजित उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग एक सप्ताह पहले शुरू हुआ यह सर्वेक्षण सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), खुफिया ब्यूरो (आईबी), जिला प्रशासन, सैन्य खुफिया इकाइयों और अन्य एजेंसियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

यह अभियान अक्टूबर तक पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जैसलमेर की जिलाधिकारी अनुपमा जोरवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से शून्य से 15 किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी निर्माणों और अतिक्रमणों का मानचित्रण तथा सत्यापन किया जाएगा। उन्होंने कहा, सर्वेक्षण के दौरान यह जांच की जाएगी कि संबंधित निर्माण आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के बाद किए गए हैं या नहीं तथा कहीं वे निर्धारित नियमों का उल्लंघन तो नहीं कर रहे हैं।

इसके लिए विस्तृत अभिलेख तैयार किए जा रहे हैं। जोरवाल ने बताया कि विशेष रूप से उन संपत्तियों पर ध्यान दिया जा रहा है जिनमें भारी निवेश हुआ है या जो सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील मानी जाती हैं। उन्होंने कहा, ऐसे मामलों की अतिरिक्त जांच की जाएगी ताकि स्वामित्व, वित्तीय स्रोतों और निर्माण के उद्देश्य का पता लगाया जा सके।

# अमेरिका के प्रतिष्ठित स्थलों पर मनाया जायेगा योग दिवस

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका में वाशिंगटन स्थित लिंकन मेमोरियल, न्यूयॉर्क के टाइम्स स्कायर और शिकागो के नेवी पियर समेत कई प्रतिष्ठित स्थलों पर 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। योग प्रेमी ओरेगन के हिल्सबोरो में भी योगाभ्यास करेंगे, जो सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों का प्रमुख केंद्र माना जाता है। इसके अलावा दक्षिण कैलिफोर्निया के इरविन स्थित श्रीनाथजी हवेली मंदिर में भी योग कार्यक्रम आयोजित होंगे, जो अपनी शानदार वास्तुकला और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है।

वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने योग प्रेमियों को 19 जून को लिंकन मेमोरियल में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2015 से प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। समारोहों की तैयारियों के तहत भारतीय दूतावास ने शनिवार को वाशिंगटन शहर के ड्यूपॉन्ट सर्कल क्षेत्र में एक योग सत्र का आयोजन किया। दूतावास क्षेत्र के विभिन्न सामुदायिक समूहों द्वारा आयोजित योग दिवस कार्यक्रमों को भी सहयोग प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग गुरु एच. आर. नागेंद्र 21 जून को न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्कायर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन न्यूयॉर्क स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के समारोहों से पहले नागेंद्र न्यूयॉर्क के मोंटिसेलो में एक विशेष योग और कल्याण शिविर का भी उद्घाटन करेंगे जो 12 से 14 जून तक आयोजित किया जाएगा।

शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, योग केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह संतुलन, सजगता और आंतरिक शांति की राह दिखाता है। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उत्सव में शामिल होकर स्वास्थ्य, एकता और बेहतर जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए तैयार हो जाइए। शिकागो में यह आयोजन नेवी पियर के पोल्क ब्रदर्स पार्क में होगा, जो पिछले एक दशक में प्रमुख सांस्कृतिक एवं प्रदर्शन स्थल के रूप में उभरा है। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है, जो दीर्घायु, शारीरिक गतिशीलता और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने में योग की भूमिका को रेखांकित करती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर 2014 को एक प्रस्ताव पारित कर 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था।

# प्रधानमंत्री चाहते हैं कि युवा रील बनाते रहें, पकौड़े तलते रहें

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को सीबीएसई और कोएम्प्ट के बीच मिलीभगत का पर्दाफाश करने वाले छात्र सार्थक सिद्धांत और उनके सहयोगी निसर्ग अधिकारी की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाहते हैं कि युवा रील बनाते रहें और पकौड़े तलते रहें, लेकिन इन दोनों युवाओं ने सवाल उठाए और जवाब भी ढूंढ़ निकाले।

गांधी ने पिछले सप्ताह सार्थक सिद्धांत के साथ अपनी मुलाकात का एक वीडियो एक्स पर साझा किया, जो सीबीएसई की ऑनस्क्रीन मार्किंग सिस्टम (ओएसएम) से प्रभावित 18 वर्षीय छात्र है और जिसने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं में ओएसएम प्रक्रिया के लिए वेंडर के चयन की निविदा प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की ओर इशारा किया है।



लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने कहा, सार्थक 18 साल का है - पर सोच, साहस और सिद्धांत में किसी से कम नहीं। उसने और उसके साथी निसर्ग ने वो कर दिखाया जो देश के बड़े मीडिया प्रतिष्ठान, खोजी पत्रकार नहीं कर पाए - सीबीएसई और कोएम्प्ट की मिलीभगत को देश के सामने रख दिया। उन्होंने कहा कि देश का 18 साल का बच्चा सीबीआई से तेज निकला, नौजवानों की ये जीत सही मायने में सरकार की हार है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, मोदी जी चाहते हैं हमारे युवा रील बनाते रहें, पकौड़े तलते रहें, सवाल न पूछें, आंखें न खोलें। पर इन बच्चों ने सवाल भी पूछे और जवाब भी ढूंढ़ निकाले।

उन्होंने कहा, यही है भारत की असली युवा शक्ति - जिज्ञासु, जागरूक, जानकार। और याद रखिए, देश का भविष्य किसी बहकावे में नहीं आएगा। सीबीएसई ने कोएम्प्ट एडुटेक कंपनी को ऑनस्क्रीन मार्किंग सिस्टम (ओएसएम) का ठेका दिया था। बारहवीं कक्षा के परिणाम में कथित अनियिमितताओं के बाद यह विवादों में घिर गई। ओएसएम विवाद के बाद सरकार ने सीबीएसई के दो शीर्ष अधिकारियों को हटा दिया है, हालांकि विपक्षी कांग्रेस ने इसे दिखावा और लीपापोती करार दिया है।

### युद्धविराम समझौते : इजराइल ने बेरूत पर किया हमला

बेरुत। अमेरिका में हुए युद्धविराम समझौते के लागू होने के कुछ ही दिनों बाद रविवार को इजराइल ने दक्षिणी बेरुत के उपनगरों पर हमला किया। इलाके के निवासियों ने तीन धमाकों की आवाज सुनी। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि हमलों में किसे निशाना बनाया गया था।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ये हमले आतंकवादी समूह हिज्बुल्ला द्वारा इससे पहले उत्तरी इजराइल की ओर की गई बमबारी के जवाब में किए गए। हिज्बुल्ला ने इन हमलों की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है।

## इंटरटेनमेंट...

# ‘द इंडिया स्टोरी’ 24 को होगी रिलीज

**मुंबई**। टीजर में खाने-पीने की चीजों में मिलावट और खेती में केमिकल के गलत इस्तेमाल को दिखाया गया है। काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की फिल्म ‘द इंडिया स्टोरी’ का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी थोड़ी अलग होने वाली है। इसमें खाने पीने की चीजों में मिलावट और खेती में

**❍ काजल अग्रवाल और श्रेयस की फिल्म का टीजर रिलीज**

केमिकल के गलत इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। टीजर में फिल्म की झलक भी दिखी है। एक मिनट 26 सेकेंड के टीजर में देखा जा सकता है कि तरबूज में इंजेक्शन लगाया जा रहा है। दूध और पनीर में मिलावट की जा रही है। इसी तरह से फसल में कीटनाशक का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीजर में यह भी दिखाया गया है कि




मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। ‘द इंडिया स्टोरी’ का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मुद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें खाने-पीने में मिलावट की तस्वीरें और वीडियो दिखाई गई हैं।

# जाह्नवी कपूर ने विवादित शॉट्स पर जतायी थी आपत्ति

**मुंबई**। फिल्म 'पेड्डी' को लेकर चल रहे विवाद के बीच अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की एक कथित पर्सनल चैट सोशल मीडिया पर लीक हो गई है। जाह्नवी के फैन क्लब्स की तरफ से शेयर किए गए इन स्क्रीनशॉट्स में दावा किया जा रहा है कि

**❍ एक्ट्रेस की कथित पर्सनल चैट लीक; दावा पेड्डी में राम चरण ने डायरेक्टर को डांटा था**

अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग के दौरान कुछ आपत्तिजनक कैमरा एंगल पर चिंता जताई थी। यह चैट फिल्म के डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना की माफी के बाद सामने आई है। चैट के मुताबिक, को-स्टार राम चरण ने भी इस मामले में जाह्नवी का सपोर्ट किया था और डायरेक्टर को डांटा था। हालांकि, जाह्नवी कपूर या उनकी टीम ने अभी तक इन मैसेजेस की पुष्टि नहीं की है। यह विवाद तब बढ़ा जब फिल्म 'पेड्डी' में जाह्नवी कपूर के किरदार 'अचियम्मा' को पर्दे पर दिखाने के तरीके की दर्शकों ने आलोचना की। लोगों का कहना है कि फिल्म में जाह्नवी कपूर के किरदार की कहानी से ज्यादा उसकी शारीरिक बनावट पर फोकस किया गया है। आपत्तिजनक शॉट्स पर जाह्नवी ने दी थी चेतावनी फैन पेजेस पर वायरल हो रहे स्क्रीनशॉट्स के मुताबिक, जाह्नवी कपूर ने फिल्म में अपने किरदार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे कैमरा एंगल का बार-बार विरोध किया था।

### सलमान-नयनतारा मुंबई में पूरे करेंगे बड़े स्टंट

**मुंबई**। फिल्म में चेज सीक्वेंस, व्हीकल बेस्ड स्टंट, क्लोज-कॉम्बैट फाइट्स और भीड़ के बीच फिल्माए जाने वाले हाई-वोल्टेज एक्शन सीन्स शामिल हैं। सलमान खान की अगली फिल्म को लेकर हलचल तेज हो गई है। नयनतारा के साथ उनकी पहली ऑनस्क्रीन जोड़ी वाली इस एक्शन थ्रिलर की शूटिंग अब मुंबई के बांद्रा इलाके में होने जा रही है। मनाली शेड्यूल पूरा करने के बाद फिल्म की टीम 10 जून से मुंबई के नए शेड्यूल की शुरूआत करेगी, जहां सलमान और नयनतारा कई बड़े एक्शन सीक्वेंस फिल्माएंगे। सूत्रों के मुताबिक बांद्रा और उसके आसपास के कई वास्तविक लोकेशंस पर शूटिंग होगी।

# क्षेत्रीय फिल्में ऑस्कर की रेस तक पहुंच रहीं

**मुंबई**। बाहुबली, आरआरआर, केजीएफ और पुष्पा जैसी ‘पैन-इंडिया’ फिल्मों ने सफलता के नए पैमाने गढ़े हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों से ‘मल्टी इंडिया’ सिनेमा का भी उदय हुआ है। हर भाषा का सिनेमा सुपरहिट फिल्में दे रहा है।

उदाहरण के लिए गुजराती फिल्म ‘लालोः कृष्ण सदा सहायते’ ने 112 करोड़ रुपए से ज्यादा की

**❍ 41 प्रतिशत सफल क्षेत्रीय फिल्मों ने अपनी लागत से 10 गुना या ज्यादा कमाई की**

कमाई की, जबकि इसको बनाने में सिर्फ 50 लाख रुपए लगे थे। वहीं, मलयालम फिल्म ‘लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा’ ने 30 करोड़ रुपए के बजट पर लगभग 300 करोड़ रुपए का कारोबार किया। मराठी सिनेमा भी इस बदलाव का उदाहरण है। मसलन, ‘दशावतार’ ने 12 करोड़ रुपए के बजट पर 28.47 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया और निवेश के मुकाबले 220% से अधिक रिटर्न दिया। यह फिल्म



ऑस्कर 2026 के लिए एकेडमी अवॉर्ड्स की कंटेंशन लिस्ट में जगह बनाने वाली पहली मराठी फिल्म भी बनी थी। सैकनिक ने 17 सफल क्षेत्रीय फिल्मों का विश्लेषण किया है। इनमें 7 फिल्में ऐसी थीं, जिन्होंने 10 गुना या उससे ज्यादा रिटर्न दिया यानी लगभग 41% फिल्मों ने अपनी लागत का 10 गुना या उससे अधिक कमाया। पीवीआर आइनॉक्स के आंकड़ों के मुताबिक 2024 में कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में क्षेत्रीय फिल्मों की हिस्सेदारी 27% थी, जो 2025 में बढ़कर 31% हो गई।

वहीं हिंदी फिल्मों की हिस्सेदारी 55-56% के आसपास स्थिर बनी रही। अंग्रेजी फिल्मों की हिस्सेदारी 18% से घटकर 14% रह गई। भारतीय सिनेमा में सबसे बड़ा स्टार कंटेंट है। पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि क्षेत्रीय फिल्मों ने न सिर्फ अपने राज्यों में, बल्कि देश और विदेश में भी दर्शक बनाए हैं। क्योंकि वहां कंटेंट ही सबसे बड़ा स्टार है। किसी भी भाषा की फिल्म अगर सफल होती है, तो उसका फायदा पूरे इकोसिस्टम को मिलता है। थिएटर में दर्शक आएंगे तो निमार्ता, वितरक, प्रदर्शक और फिल्म उद्योग से जुड़े हजारों लोगों को फायदा होगा। तक सिनेमैटिक यूनिवर्स का सवाल है, तो मेरे ख्याल में यह एक वैश्विक ट्रेंड है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com